दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
■ Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 147 | जयपुर | बुधवार, 02 अप्रैल, 2025 | चैत्र, शुक्ल पक्ष पंचमी संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹ 5.00 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in  badhatarajasthan@yahoo.com  badhatarajasthan.dainik  badtarajasthan

**मौसम** जयपुर
24.0° अधिकतम तापमान
12.0° न्यूनतम तापमान

**बाजार** शेयर बाजार
सेंसेक्स | 76,024.51
-1,390.41 (1.80%)
निफ्टी | 23,165.70
-353.65 (1.50%)

**सर्राफा** सोना/चांदी
सोना | 93,725 /10g
चांदी | 1,05,000 /Kg

# गैस रिसाव से 3 लोगो की मौत, 6 गंभीर घायल जेएलएन रेफर
## अधिकतर मरीजो का प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दी, शेष घायलो का उपचार जारी

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर, (नि.स.)।** ब्यावर में बीती देर रात को ज्वलनशील गैस फैक्ट्री के गोदाम से नाइट्रोजन गैस लीक हो जाने से फैक्ट्री मालिक सहित 3 जनो की मौत हो गई। प्रशासन ने गैस रिसाव के शिकार घायलो को राजकीय अमृतकौर चिकित्साय में भर्ती कराया। जहां पर 4 गंभीर रुप से घायल मरीजो की हालत नाजुक होने जेलएन अजमेर रेफर किया गया। समाचार लिखे जाने तक प्रशासन ने करीब 90 से ज्यादा लोगों को राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय में भर्ती करवाया। अधिकतर मरीजो का प्राथमिक उपचार कर छुट्टी दे दी गई। शेष घायलो का उपचार जारी है। गैस के असर से आसपास के इलाके में लोगों की आंखों में जलन होने लगी एवं सांस लेने में भी परेशानी हुई। घटना बलाड़ क्षेत्र की सोमवार रात करीब 10 बजे की है। सूचना मिलने पर पुलिस, प्रशासन और फायर ब्रिगेड डिपार्टमेंट की टीम मौके पर पहुंची। रात करीब 11 बजे गैस लीकेज पर काबू पा लिया गया। कलेक्टर डॉ. महेंद्र खडग़ावत ने फैक्ट्री को सीज करने के आदेश दिए हैं। एक घंटे बाद गैस लीकेज पर पाया काबू

पुर्व वार्ड पार्षद हंसराज शर्मा ने बताया कि मुझे क्षेत्र के कुछ लोगों ने बताया कि तेजाब फैक्ट्री से गैस लीक हुई है। मैंने तुरंत फायर ब्रिगेड डिपार्टमेंट और प्रशासन को घटना की जानकारी दी। फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर गैस रिसाव पर काबू पाने के प्रयास शुरू किए। रात करीब 11 बजे गैस लीकेज पर काबू पा लिया। कलेक्टर ने अस्पताल पहुच कर सीएमएचओ संजय गहलोत, पीएमओ सुरेन्द्रसिंह चौहान सहित चिकित्सको से गैस रिसाव से आहत मरीजो के उपचार का जायजा लिया एवं मरीजो से बात कर जानकारी ली।

कलेक्टर डॉ. महेंद्र खडग़ावत ने बताया कि प्रशासन ने आसपास के लोगों को आश्वस्त किया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। तेजाब फैक्ट्री में सुरक्षा मानकों की



जांच के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं न हों। गैस की चपेट में आए ज्यादातर लोगों को सांस लेने में परेशानी और आंखों में जलन की शिकायत है।

## संक्षिप्त समाचार

### पटाखा फैक्ट्री में हरदा-देवास के 18 मजदूरों की मौत

बढ़ता राजस्थान

**हरदा (एजेंसी)।** गुजरात की एक पटाखा फैक्ट्री का बॉयलर फटने से एमपी के 18 मजदूरों की मौत हो गई। हादसा मंगलवार सुबह 8 बजे बनासकांठा के नजदीक डीसा में हुआ। 3 की हालत गंभीर है। वहीं, 5 मजदूर मामूली रूप से घायल हैं। कई मजदूर मलबे में दबे हैं। ऐसे में मरने वालों की संख्या बढ़ने की आशंका है। सभी मजदूर हरदा जिले के हंडिया और देवास जिले के रहने वाले थे। मजदूरों की मौत की खबर से परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। जानकारी के मुताबिक मजदूर 2 दिन पहले ही गुजरात गए थे। विस्फोट के दौरान मजदूर पटाखा बनाने का काम कर रहे थे। विस्फोट इतना भीषण था कि कई मजदूरों के अंग 50 मीटर दूर तक बिखर गए। फैक्ट्री के पीछे खेत में भी कुछ मानव अंग मिले हैं। फायर ब्रिगेड को आग पर काबू पाने में 5 से 6 घंटे लगे। सभी 2 दिन पहले ही मजदूरी के लिए यहां आए थे और पटाखे बनाने का काम कर रहे थे।

### जोधपुर जेल में आसाराम ने सरेंडर किया : पैर पर प्लास्टर बांधकर पहुंचा

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** नाबालिग से रेप करने वाला आसाराम ने जोधपुर जेल में सरेंडर कर दिया है। पैर में प्लास्टर बांधकर पहुंचे आसाराम की अंतरिम जमानत 31 मार्च को समाप्त हो गई है। आसाराम के वकील ने जमानत अवधि बढ़ाने के लिए याचिका दाखिल की है, जिस पर कोर्ट 2 अप्रैल को सुनवाई करेगी। कोर्ट में 29 से 31 मार्च तक छुट्टी के बाद मंगलवार को आसाराम के वकील निशांत बोड़ा ने सुनवाई का आग्रह किया था। इससे पहले गुजरात हाईकोर्ट में सुनवाई के बाद आसाराम को 3 महीने की अंतरिम जमानत दी गई है। राजस्थान हाईकोर्ट के वकील दिनेश जैन ने बताया- आसाराम की ओर से अंतरिम जमानत अवधि बढ़ाने के आवेदन पर बुधवार को सुनवाई होगी।

# नववर्ष में मुख्यमंत्री की कार्मिकों को सौगात
## महंगाई भत्ते में 2% वृद्धि को दी मंजूरी, अब मिलेगा 55% महंगाई भत्ता

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने नववर्ष विक्रम संवत (2082) एवं नवीन वित्तीय वर्ष 2025-26 के अवसर पर राज्य कार्मिकों को महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत वृद्धि की सौगात दी है। पेंशनर्स को भी महंगाई राहत में 2 प्रतिशत वृद्धि देय होगी। उल्लेखनीय है कि गत शुक्रवार को केन्द्र सरकार द्वारा केन्द्रीय कार्मिकों के डीए में बढ़ोतरी की गई थी। इस बढ़ोतरी के बाद पहले कार्यदिवस पर ही मुख्यमंत्री के निर्देश पर बिना देरी किए राज्य में भी केंद्र सरकार के कर्मचारियों के अनुरूप महंगाई भत्ता अथवा मंहगाई राहत में वृद्धि को मंजूरी प्रदान की गई है।

मुख्यमंत्री ने मंगलवार को इस संबंध में वित्त विभाग के प्रस्ताव का अनुमोदन किया। अब प्रदेश में सातवें वेतनमान के अंतर्गत राज्य कर्मचारियों एवं पेंशनर्स को 1 जनवरी 2025 से 53 प्रतिशत से बढ़ाकर 55 प्रतिशत महंगाई भत्ता अथवा मंहगाई राहत देय होगी। इस निर्णय का लाभ लगभग 8 लाख कर्मचारियों एवं 4.40 लाख पेंशनर्स को मिलेगा। पंचायत समिति तथा जिला परिषद के कर्मचारियों को भी इस वृद्धि का लाभ मिलेगा।

कर्मचारियों को मई 2025 में देय अप्रेल 2025 के वेतन से बढ़े हुए महंगाई भत्ते का नकद भुगतान किया जाएगा तथा दिनांक 01 जनवरी से 31 मार्च 2025 तक तीन माह की राशि संबंधित



कर्मचारियों के सामान्य प्रावधायी निधि खाते में जमा की जाएगी। पेंशनरों को 01 जनवरी, 2025 से महंगाई राहत का नकद भुगतान किया जायेगा। कर्मचारियों और पेंशनरों के हित में लिए गए इस संवेदनशील निर्णय से राज्य सरकार पर लगभग 820 करोड़ रूपए का वार्षिक वित्तीय भार आएगा।

### राहत... राजस्थान में एलपीजी की कीमतें हुई कम
#### कॉमर्शियल उपयोग का सिलेंडर 40.50 रुपए हुआ सस्ता



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में तेल-गैस कंपनियों ने मंगलवार को एलपीजी की कीमतों का रिव्यू करने के बाद कॉमर्शियल उपयोग के गैस सिलेंडर की कीमतों में कमी की है। कंपनियों ने आज से कॉमर्शियल उपयोग के सिलेंडर पर 40.50 रुपए कम किए है। वहीं घरेलू उपयोग के सिलेंडर की कीमतों में फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया है। इस साल में तीसरा मौका है जब कॉमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में कमी की है। राजस्थान एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के प्रदेशाध्यक्ष दीपक गहलोत ने बताया- कंपनियों की ओर से जारी रेट लिस्ट में आज से राजस्थान में 19 किलोग्राम वाले कॉमर्शियल गैस सिलेंडर पर 40.50 रुपए कम किए गए। इसके बाद आज से कॉमर्शियल गैस सिलेंडर बाजार में 1830.50 रुपए की जगह 1790 रुपए में मिलेगा। इससे पहले कंपनियों ने मार्च में गैस की कीमतों में 6 रुपए की बढ़ोतरी की थी। वहीं, जनवरी में 14.50 रुपए और फरवरी में 6 रुपए की कटौती की थी।

**घरेलू सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं**-कंपनियों ने घरेलू उपयोग के सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है। वर्तमान में बाजार में घरेलू उपयोग का सिलेंडर 806.50 रुपए में ही मिलेगा। वहीं राज्य सरकार की ओर से बीपीएल और उज्जवला कनेक्शधारियों को रियायती दर पर 450 रुपए में सिलेंडर उपलब्ध करवाया जा रहा है।

# प्रयागराज के बुलडोजर एक्शन ने झकझोर दिया : सुप्रीम कोर्ट
## 2021 में घर गिराने पर कहा- यह अमानवीय; 10-10 लाख मुआवजा देने का आदेश

बढ़ता राजस्थान

**प्रयागराज (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को प्रयागराज डेवलपमेंट अथॉरिटी को मकान गिराने पर फटकार लगाई। कोर्ट ने अधिकारियों के बुलडोजर एक्शन को अमानवीय और अवैध बताया। साथ ही कहा- 2021 में हुई इस कार्रवाई के दौरान दूसरों की भावनाओं और अधिकारों का ख्याल नहीं रखा गया। जस्टिस अभय एस ओका और जस्टिस उज्जवल भुइयां की बेंच ने कहा- देश में लोगों के रिहायशी घरों को इस तरह से नहीं गिराया जा सकता है। इसने हमारी अंतरआत्मा को झकझोर दिया है।
सुप्रीम कोर्ट ने कहा-राइट टु शेल्टर नाम की भी कोई चीज होती है। उचित प्रक्रिया नाम की भी कोई चीज होती है। इस तरह की कार्रवाई किसी भी तरह से ठीक नहीं है। प्रयागराज प्रशासन ने 2021 में गैंगस्टर अतीक की प्रॉपर्टी समझकर एक वकील, प्रोफेसर और 3 अन्य के मकान गिरा दिए थे।



### गैंगस्टर अतीक की जमीन समझ 5 मकान गिराए थे

सुप्रीम कोर्ट में जब पहले इस केस की सुनवाई हुई तो पीड़ितों की तरफ से वकील अभिमन्यु भंडारी ने दलील दी। उन्होंने कहा था, अतीक अहमद नाम का एक गैंगस्टर था, जिसकी 2023 में हत्या कर दी गई थी। अफसरों ने पीड़ितों की जमीन को अतीक की जमीन समझ लिया। उन्हें (राज्य को) अपनी गलती स्वीकार कर लेनी चाहिए। इस दलील पर यूपी सरकार ने कहा था कि हमने याचिकाकर्ताओं को नोटिस का जवाब देने के लिए उचित समय दिया था।

इस बहस से जस्टिस ओका सहमत नहीं हुए। उन्होंने कहा, नोटिस इस तरह क्यों चिपकाया गया? कूरियर से क्यों नहीं भेजा गया? कोई भी इस तरह नोटिस देगा और तोड़फोड़ करेगा? ये तोड़फोड़ का एक ऐसा मामला है, जिसमें अत्याचार शामिल है।

### झारखंड में दो मालगाड़ियां टकराईं, 2 लोको पायलट की मौत

**साहिबगंज।** झारखंड के साहिबगंज में दो मालगड़ियों की सीधी टक्कर हो गई है। हादसा सोमवार देर रात तीन बजे हुआ है। इस हादसे में दो लोको पायलट की मौत हो गई है। वहीं सुरक्षा में लगे सीआईएसएफ के 4 जवान घायल हो गए हैं।

बताया जा रहा है कि एक गुड्स ट्रेन पटरी पर खड़ी थी। इसी बीच उसी ट्रैक पर दूसरी गुड्स ट्रेन आ गई।

श्री त्र्यबकेश्वरायनमः
श्रीक्षेत्र त्र्यंबकेश्वर के पुरोहित
श्री. उमेश यशवंत शिखरे
चि. श्रीहरी उमेश शिखरे
मातृ पितृ छाया, गाडगे महाराज धर्मशाला के सामने
पाटील गल्ली, त्र्यंबकेश्वर, जि. नासिक

हमारे यहां कालसर्प शांति, नारायण-नागबली, त्रिपिंडी श्राद्ध अभिषेक, लघुरुद्र, जप अनुष्ठान ई. सभी और त्र्यंबकेश्वर में होने वाले सभी धार्मिक किये जाते है।
बारा ज्योतिर्लिंगोमेसे सबसे बड़ा त्र्यंबकेश्वर है।
यहीपे कुंभ का मेला लगता है। गोदावरी नदी का उगमस्थान, ब्रह्मगिरी, गंगाद्वार, निलपर्वत, निवृत्तीनाथ महाराज समाधी, कुशावर्त तीर्थ आदि धार्मिक स्थल दर्शनिय है।

# नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेकेंगे, नक्सलमुक्त भारत के लक्ष्य पर बोले अमित शाह; कहा- सिर्फ छह जिले बचे अति प्रभावित

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एक साल के भीतर नक्सलमुक्त भारत का लक्ष्य पूरा होता दिखने लगा है। केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह नक्सलवाद से अति प्रभावित जिलों की संख्या 12 से घटाकर मात्र छह रह गई है।

अमित शाह ने इसे एक नया मील का पत्थर बताया है। उन्होंने साफ किया कि सरकार 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने के प्रति कटिबद्ध है।



### केवल छह जिले अब अति नक्सल प्रभावित

गृह मंत्रालय के आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पहले नक्सलवाद से प्रभावित कुल जिलों की संख्या 38 थी, जिनमें अति प्रभावित जिले 12 थे, जो अब आधी रह गई है। इसके साथ ही नक्सलवाद से अपेक्षाकृत कम प्रभावित जिलों (डिस्ट्रिक्ट ऑफ कंसर्न) की संख्या भी नौ से घटकर छह और कम प्रभावित जिले (अदर एलडब्ल्यूई इफेक्टेड डिस्ट्रिक्ट) की संख्या भी 17 से घटकर छह रह गई है।

नक्सलवाद से अति प्रभावित छह जिलों में छत्तीसगढ़ के चार जिले बीजापुर, कांकेर, नारायणपुर और सुकमा, झारखंड का एक जिला पश्चिमी सिंहभूम और महाराष्ट्र का एक जिला गढ़चिरौली है। वहीं, कम प्रभावित छह जिलों में आंध्र प्रदेश का अल्लूरी सीताराम राजू, मध्य प्रदेश का बालाघाट, ओडिशा के तीन जिले कालाहांडी, कंधमाल व मलकानगिरी और तेलंगाना का भद्राद्रि-कोठागुडेम जिला है।

इसी तरह से बेहद कम प्रभावित जिलों में छत्तीसगढ़ के तीन जिले दंतेवाड़ा, गरियाबंद व मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, झारखंड का लातेहार, ओडिशा का नुआपाड़ा और तेलंगाना का मुलुगु शामिल हैं।

### नक्सलवाद के प्रति कठोर नीति अपना रही सरकार

गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार नक्सलवाद के प्रति कठोर नीति और उनसे प्रभावित इलाकों के सर्वांगीण विकास के लिए अथक प्रयास कर रही है।

उनके अनुसार पिछले एक साल में नक्सलवाद के खिलाफ तेजी से मिल रही सफलता के पीछे यही रणनीति है। इसके तहत नक्सलवाद से प्रभावित कोर क्षेत्रों में नए सुरक्षा कैम्पों की स्थापना एवं विकासोन्मुखी कार्यों जैसे सड़कों का विस्तार, परिवहन की सुविधा, पानी, बिजली एवं अन्य जन कल्याणकारी योजनाओं को ग्रामीणों तक पहुंचाया जा रहा है।

# महासिद्ध योगी बालनाथ की जीवंत समाधि पर एक वर्ष से चल रहा 108 कुंडीय रुद्र महामृत्युंजय यज्ञ

- 6 अप्रैल को यज्ञ समापन, गृहमंत्री अमित शाह व सीएम भजन लाल करेंगे शिरकत
- पूर्णाहुति के लिए डेढ़ लाख श्रद्धालुओं के लिए तैयार कि जा रही प्रसादी



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** कस्बे के खेलना मोड़ स्थित बोहरा की बावड़ी में महासिद्ध योगी बाबा बालनाथ की जीवंत समाधि एवं तपोस्थली पर एक वर्ष से लंबी अवधि से चल रहे 108 कुंडीय रुद्र महामृत्युंजय यज्ञ का समापन 6 अप्रैल को रामनवमी के दिन पूर्णाहुति के साथ होगा। इस अवसर पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, सीएम भजनलाल शर्मा और केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव सहित कई बड़ी हस्तियां शामिल होगी। डॉ. सुरेंद्र यादव ने बताया कि गृहमंत्री अमित शाह, सीएम और केंद्रीय मंत्री 6 अप्रैल को दोपहर करीब 12 बजे हेलीकॉप्टर से पहुंचेंगे। शाह सबसे पहले बाबा बालकनाथजी की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित करेंगे, फिर पंचमुखी महादेव की पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद वे अखंड धूणे पर पुष्पांजलि अर्पित कर हवन में भाग लेंगे और यज्ञशाला में पूर्णाहुति देंगे। वे सनातन सम्मेलन को संबोधित करेंगे। प्रागपुरा निवासी मदन लाल आरएसएस ने जानकारी दी कि मंदिर परिसर में 20 हजार श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था की जाएगी। वहीं जिला प्रशासन कार्यक्रम की व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुटा है। कोटपूतली-बहरोड़ जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल व एडीएम ओमप्रकाश साहरण, पुलिस अधिक्षक राजन दुष्यंत, एसडीएम कपिल कुमार उपाध्याय, तहसीलदार संजय खेदड़, एईएन संजय जाखड़, जेईएन वीरेन्द्र यादव आदि ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह व विधायक कुलदीप धनकड़, पूर्व ग्रहमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने भी अधिकारियों के साथ हेलीपैड, सभा स्थल और पार्किंग की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सुरक्षा के मद्देनजर बैरिकेडिंग और अन्य आवश्यक प्रोटोकॉल के निर्देश दिए गए हैं। समारोह की तैयारियों को लेकर पिछले 15 दिनों से डोम निर्माण, टेंट, जलाशय और अन्य व्यवस्थाएं की जा रही हैं। भंडारे के लिए 10 बीघा भूमि पर टेंट लगाया गया है, जिसमें बैठक की उचित व्यवस्था की गई है। महायज्ञ की शुरुआत 11 अप्रैल 2023 को प्रागपुरा से लक्खी कलश यात्रा के साथ हुई थी। बाबा बस्ती नाथ ने बताया कि यह महायज्ञ विश्व कल्याण, सनातन धर्म की रक्षा, पर्यावरण संरक्षण, महामारी और प्राकृतिक आपदाओं से बचाव, सामाजिक समरसता और दीर्घायु के उद्देश्य से किया जा रहा है। सामाजिक कार्यकर्ता विकास यादव ने बताया कि महायज्ञ के समापन के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें करीब डेढ़ लाख श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी तैयार की जा रही है।

# सूरौठ में निकली ईसर-गणगौर की बड़ी सवारी लोगों ने मेले का जमकर उठाया लुत्फ

बढ़ता राजस्थान



**सूरौठ (अंशु गुप्ता)।** सूरौठ महल व फतेहगढ़ से निकली ईसर-गणगौर की सवारी में कस्बा परम्पराओं के रंग में नजर आया ,ईसर-गणगौर की सवारी की झलक पाने के लिए बाजार में दुकान मकानों की छत भीड़ से अट गई। जयपुर रियासत के ठिकाने रहे कस्बे में शाम करीब पांच बजे सूरौठ महल में शक्तिसिंह सुल्तानौत की मौजूदगी में पालकी में विराजी राजसी श्रृंगार में सजी ईसर-गणगौर की प्रतिमा को हुई और मशालों की अगुवाई में बाहर लाया गया वैण्डबाजे के साथ गणगौर की सवारी महल से निकल, एसबीआई बैंक शाखा के सामने से होते हुए सवारी फतेहगढ़ पुराने गढ़ के मुख्यद्वार पर पहुंची जहां से पूर्व सरपंच नत्थूसिंह राजावत सरपंच प्रतिनिधि रामवतार शर्मा,गोपाल, दिलीप सिंह राजावत सहित अनेक लोगों की अगुवाई में फतेहगढ़ से निकलीईसर-गणगौर एक और सवारी भी शामिल हो गई। इस दौरान इस दौरान,भोलेशंकर शर्मा, रमाकांत शर्मा,अंशुमान सिंह राजपूत, पूर्व सरपंच विशन महावर उपसरपंच श्यामसुंदर सैनी,वीरेंद्र सिंह राजावत, विशाल राजपूत,,रमन शर्मा, भारत राजावत ,अजय गौड टीटी शर्मा,अनिल राजपूत, मंगेश गुप्ता,ठंठीलाल सैनी,विवेक शर्मा, रवि राजपूत, भोला राजपूत,मोहित राजपूत मौजूद रहे। करीब दो दर्जन सजीव झांकियों के साथ गणगौर की राजसी सूरौठ महल व फतेहगढ़ पहुंची शोभायात्रा में दो दर्जन से अधिक सजीव झांकी निकाली गई सवारी मुख्य बाजार, गांधी स्मारक चौराहा, आयुर्वेद औषधालय, पुलिस चौकी, सब्जी मंडी, उदासी का बाग होते हुए सूरौठ महल व फतेहगढ़ पहुंची शोभायात्रा में लगभग दो दर्जन सजीव झांकी निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान थाना प्रभारी महेश चंद्र मीणा के नेतृत्व में, एएसआई रामनिवास , एएसआई विभिषण, हैड कांस्टेबल विष्णु गुर्जर,भूरसिंह जाटव, कांस्टेबल कन्हैया शर्मा, देशराज गुर्जर,पुष्प गुर्जर, पुष्पेन्द्र,संतोष चौधरी , अजय, गजराज सिंह मीना, यदुवीर सहित पुलिस जाप्ता तैनात रहा ईसर-गणगौर को पानी पिलाया,परम्परा के अनुसार रास्ता में पीएनबी बैंक के पास शिव मंदिर पर गणगौर की सवारी को विश्राम कराया गया। जहां महादेव मंदिर पर ईसर-गणगौर को पानी पिलाने की रस्म पूरी की गई झूलों पर महिलाओं व बच्चों ने झूल कर मनोरंजन किया।

वहीं मेला स्थल पर बालिका विद्यालय मार्ग पर सजी दुकानों पर महिलाओं ने घरेलू सामान व सौदर्य प्रसाधन की सामग्री खरीदी। बच्चों ने खिलौनों की खरीदारी ग्राम पंचायत व पुलिस प्रशासन सूरौठ द्वारा गतिविधियों पर नजर बनाये हुयें हैं शोभायात्रा में विष्णु भगवान,शिव पार्वती, लव कुश भगवान, मीन भगवान भगतसिंह, जय जोहार, राधा कृष्ण भोले बाबा शिव भक्त गण, गणेश भगवान सहित कई झांकियां निकाली गई आकर्षक झांकियों को और गणगौर माता की सवारी को देखने के लिए लोग का हूजूम उमड पड़ा यहां गांधी स्मारक मैदान में रहटको एवं मनोरंजन के साधनों की व्यवस्था की गई। लोगों ने रहटकों में झूलकर दिन भर खूब लुफ्त उठाया। तालाब को जाने वाले मार्ग में अस्थाई दुकान में लगाई गई, जिन पर दिनभर भीड़ रही। मेले में काफी संख्या में पुलिस जाब्ता तैनात रहा।

# उदय विलास, रॉयल गाइड और पैरेलल होटल ने जीते अपने मैच गिरिराज, अर्जुन और तुलसी को मैन ऑफ द मैच

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** मेवाड़ टूरिज़्म कप 2025 के तहत चल रहे क्रिकेट टी 20 के मुकाबले में होटल उदय विलास ने दी लीला पैलेस होटल को 8 विकेट से, रॉयल गाइड ने लीजेंड्स इलेवन को 92 रन से और पैरेलल होटल ने आईटीसी को 7 विकेट से हराया।

पहले मैच में होटल उदय विलास ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और होटल उदय विलास ने दी लीला पैलेस होटल को मात्र 88 रन पर ढेर कर दिया। लीला पैलेस की ओर से दलपत सिंह ने 36 रनों का योगदान दिया। होटल उदय विलास की ओर से ईशान ने 3 विकेट , पंड्या, विजय शर्मा और गिरिराज कुम्हार ने 2-2-2 विकेट प्राप्त किये। जवाब में होटल उदय विलास ने निर्धारित लक्ष्य को 9.5 ओवर में हासिल कर लिया। होटल उदय विलास की ओर से शिवराज सिंह शक्तावत ने 30 रन और गिरिराज कुम्हार ने 35 रनों का योगदान दिया। शानदार गेंदबाजी और बल्लेबाज़ी के लिए होटल उदय विलास के गिरिराज कुम्हार को मैन ऑफ द मैच चुना गया। रात्रिकालीन मुकाबले मे रॉयल गाइड ने लीजेंड्स 11 को एक तरफा मुकाबले में 92 रन से हराया।

रॉयल गाइड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 201 रन का विशाल स्कोर बनाया। जिसमें कप्तान अर्जुन मीणा ने शानदार शतकीय पारी खेली उन्होंने 100 बनाए,तरुण ने 32 रन और निखिल पुजारी ने 30 रनों का योगदान दिया।लीजेंड्स 11 की ओर से गजेंद्र पुजारी ने दो विकेट प्राप्त किया। जवाब में लीजेंड्स 11 निर्धारित 20 ओवर में 109 रन ही बना पाया लीजेंड्स 11 की ओर से सूर्यांश ठाकुर ने 22 रनों का योगदान दिया। रॉयल गाइड की ओर से गौरव सिंह चौहान ने तीन विकेट हासिल किया। शानदार बल्लेबाजी के लिए रॉयल गाइड के अर्जुन मीणा को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

एक अन्य मुकाबले में पैरेलल होटल ने आईटीसी होटल को 7 विकेट से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के लिए उतरी टीम आई टी सी होटल 119 रन बनाकर ऑल आउट हो गई पैरेलल होटल की ओर से तुलसी और ओ पी जांगिड़ ने तीन-तीन विकेट और राहुल ने दो विकेट प्राप्त किया। जवाब में इस आसान लक्ष्य को पैरेलल होटल ने 12.5 ओवर में हासिल कर लिया।तुलसी ने 42 रन एवं राहुल ने नाबाद 40 रनों का योगदान दिया।आईटीसी होटल की ओर से लक्ष्मेंद्र सिंह ने दो विकेट प्राप्त किये। हरफनमौला खेल के प्रदर्शन के आधार पर पैरेलल होटल के तुलसी को मैन ऑफ द मैच चुना गया।



# बालाजी महाराज मंदिर में दर्शनों के लिए गए श्रद्धालुओं की कार में पीछे से लगी आग

## कार में लगे सीएनजी टैंक से मचा हड़कंप, फायर फाइटर सिस्टम से पाया आग पर काबू, बड़ा हादसा टला

बढ़ता राजस्थान

**मेहंदीपुर बालाजी (भरत सिंह)।** मेहंदीपुर बालाजी आस्थाधाम पर मंगलवार को उत्तरप्रदेश से आए श्रद्धालुओं की कार में आग लगने से कस्बे में हड़कंप मच गया। कार में सीएनजी टैंक होने के चलते मौके पर पहुंची बालाजी चौकी पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से कस्बे में राहगीरों के आवागमन को कुछ देर के लिए बंद कर दिया। वहीं स्थानीय लोगों के सहयोग से व समाज सेवी कमल पाडला व लोगो कि मदद से फायर फाइटर सिस्टम के जरिए काफी मशक्कत के बाद कार में लगी आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक कार में डेशबोर्ड का अधिकतर हिस्सा बुरी तरह जल गया। बता दें कि, इको कार सवार श्रद्धालु उमेश पुत्र हाकीम उत्तरप्रदेश के बिसौली से परिवार सहित बालाजी दर्शनों लिए आए थे।

मेहंदीपुर बालाजी आस्थाधाम पर मंगलवार को उत्तरप्रदेश से आए श्रद्धालुओं की कार में आग लगने से कस्बे में हड़कंप मच गया। कार में सीएनजी टैंक होने के चलते मौके पर पहुंची बालाजी चौकी पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से कस्बे में राहगीरों के आवागमन को कुछ देर के लिए बंद कर दिया। वहीं स्थानीय लोगों के सहयोग से फायर फाइटर सिस्टम के जरिए काफी मशक्कत के बाद कार में लगी आग पर काबू पाया जा सका। लेकिन तब तक कार में डेशबोर्ड का अधिकतर हिस्सा बुरी तरह जल गया। बता दें कि, इको कार सवार श्रद्धालु उमेश पुत्र हाकीम उत्तरप्रदेश के बिसौली से परिवार सहित बालाजी दर्शनों लिए आए थे।

# प्राचीन राम भजन मंदिर को भू-माफिया द्वारा हड़पने की साजिश

बढ़ता राजस्थान



**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** सनातन संस्कृति और हिंदू आस्था की रक्षा का दावा करने वाली बीजेपी सरकार के राज में ही पावटा विधानसभा क्षेत्र के प्राचीन राम भजन और मंदिर को भू-माफिया द्वारा हड़पने की साजिश रची जा रही है। यह मंदिर न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि क्षेत्र की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर भी है। विराटनगर के पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने इस मुद्दे पर बीजेपी सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए कहा है कि एक तरफ तो बीजेपी सरकार अयोध्या में राम मंदिर बनवाने का श्रेय लेती नहीं थकती, वहीं दूसरी ओर राजस्थान में उसी की सरकार के शासन में भू-माफिया खुलेआम प्राचीन राम भजन और मंदिर पर कब्जा करने में लगे हैं। प्रशासन इन माफियाओं के सामने घुटने टेक चुका है और सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। पावटा के पुराने रोड पर स्थित यह ऐतिहासिक रामभवन वर्षों से सनातन परंपराओं का केंद्र रहा है। स्थानीय लोग यहां नियमित रूप से पूजा-अर्चना करते आए हैं, लेकिन अब भू-माफियाओं की गिद्ध दृष्टि इस पवित्र स्थल पर है। उनकी योजना इस ऐतिहासिक स्थान को तोड़कर एक कॉम्प्लेक्स बनाने की है, जो कि सनातन संस्कृति पर सीधा प्रहार है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से भू-माफिया सक्रिय रूप से मंदिर पर कब्जा जमाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन पूरी तरह से निर्बल और निष्क्रिय बना हुआ है। पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और स्थानीय प्रशासन से इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर जल्द से जल्द कोई कार्रवाई नहीं हुई तो जनता सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को मजबूर होगी।

इंद्राज गुर्जर ने स्पष्ट किया है कि अगर सरकार ने तुरंत कार्रवाई नहीं की तो जनता को मजबूरन सड़कों पर उतरना पड़ेगा। यह लड़ाई सिर्फ एक मंदिर की नहीं, बल्कि हमारी आस्था और संस्कृति की रक्षा की है। मैं हर हाल में जनता के साथ खड़ा हूं और इस पवित्र स्थल को बचाने के लिए संघर्ष करूंगा।

# श्रीराम नवमी महोत्सव पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जायेगा

## हिंदू उत्सव समिति निकालेगी विभिन्न संजीव झांकिया

बढ़ता राजस्थान

पावटा (सुशील कुमार बंसल)। नगरपालिका पावटा प्रागपुरा में आगामी 06 अप्रैल को हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में श्रीराम नवमी महोत्सव पर्व बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जायेगा। हिंदू उत्सव समिति संरक्षक रूप सिंह शेखावत ने बताया कि महोत्सव को लेकर चारों ओर लोगों में उत्साह का माहौल है और कस्बा धर्ममय बना है। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ताओं में इस पर्व को लेकर इतना जुनून बना है कि वे अभी से सार्वजनिक चौक चौराहे व मुख्य रास्तों पर लाइट डेकोरेशन करने व भगवा ध्वज पताका लगाने में जुट चुके है। समिति सदस्य व भाजपा नेता नरेश स्वामी ने बताया की रविवार, 06 अप्रैल को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम व अघोरी, राधा-कृष्ण, शंकर-पार्वती की सजीव झांकी नासिक के प्रसिद्ध ढोल की ताल पर निकाली जायेगी। झांकी दोपहर में गुजेड़ा धाम से रवाना होकर सांयकाल में मुख्य बाजार स्थित सुभाष चौक पहुंचकर एक सभा में तब्दील हो जायेगी। जहां रात्रि में विशाल जागरण का आयोजन होगा। स्वामी ने बताया कि इस मौके पर ग्रामीणों द्वारा भव्य आतिशबाजी व वृन्दावन के कलाकारों द्वारा पट्टाबाजी एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कलाकारों द्वारा भी विभिन्न कर्तव्य दिखाये जायेंगे।

# तीन दिवसीय श्राविका उत्कर्ष शिविर सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** श्री शांतिनाथ सामयिक मंडल की ओर से हिरणमगरी से 4 स्थित श्री जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक जिनालय में कीर्तिरेखाश्री की निश्रा में आयोजित तीन दिवसीय श्राविका उत्कर्ष शिविर का आज समापन हुआ। मंडल की अध्यक्ष सरला बांठिया ने बताया कि इस अवसर पर दर्शनरेखाश्री, गीतार्थरेखाश्री, विनयरत्नाश्री द्वारा प्रतिक्रमण,पच्चखाव, 14 नियम,अष्टप्रकारी पूजा,स्तुति, स्तवन,आदि के बारें में विस्तारपूर्वक बताया गया। जिसका सभी बहिनों ने रूचि एवं उत्साहपूर्वक ज्ञानवर्धन किया।

# इनर व्हील दीवास ने सिलाई प्रशिक्षण केंद्र पर सिलाई मशीन साथ ही 2 बच्चों को साईकिल भेंट की

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** इनर व्हील क्लब उदयपुर दीवास ने थूर गांव में एक सिलाई प्रशिक्षण केंद्र पर सिलाई मशीन भेंट की। इस कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्ष नयना जैन ने बताया कि इस सिलाई मशीन के माध्यम से महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण में सहायता मिलेगी और वे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगी।

उन्होंने बताया कि क्लब ने थूर गांव में ही एक जरूरतमंद परिवार के दो बच्चों को साइकिल भेंट की।

फाउंडर रेखा भाणावत ने बताया कि साइकिल देने का उद्देश्य यह है कि बच्चों को स्कूल आने-जाने में होने वाली असुविधा को दूर किया जा सके और वे अच्छी तरह से पढ़ाई कर सकें। उन्होंने बताया कि क्लब का उद्देश्य समाज में जरूरतमंद और वंचित वर्ग की मदद करना है। इस कार्यक्रम के माध्यम से हमने यही कोशिश की है। इस अवसर पर आशा श्रीमाली, शशि मेहता, बेला व्यास, प्रीति श्रीमाली आदि मौजूद रहे। क्लब की सदस्यों ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ का गद्दी उत्सव आज

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** मेवाड़ राजपरिवार के सदस्य डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ के गद्दी उत्सव की परंपरा बुधवार, 2 अप्रेल को निभाई जाएगी। उनके पिता श्रीजी अरविंद सिंह मेवाड़ के देवलोक गमन के पश्चात यह परंपरा कराई जा रही है। सिटी पैलेस से जारी सूचना के अनुसार बुधवार सुबह 9.30 से दोपहर 1.30 बजे तक गद्दी उत्सव राजमहल में चलेगी। कार्यक्रम सिटी पैलेस प्रांगण में होगा। इसके बाद दोपहर 3 बजे नोपति (अश्व) पूजन की परंपरा भी संपन्न कराई जाएगी। लक्ष्यराज पूर्व राजपरिवार की प्राचीन परंपरानुसार शाम 4.20 बजे कैलाशपुरी स्थित परमेश्वरा जी महाराज श्री एकलिंगनाथजी के दर्शन करने पहुंचेंगे। इसके बाद सायं 7 बजे हाथी पोल द्वार पूजन होगा। रात्रि 8.15 बजे भाईपा व सरदारों द्वारा रंगपलटाई दस्तूर की परंपरा होगी। इसके बाद लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ रात 9 बजे जगदीश मंदिर में दर्शन करने जाएंगे।

# जैन समाज द्वारा विश्व नवकार दिवस की तैयारियां शुरू नवकार कलश रथ का किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** जैन समाज द्वारा विश्व नवकार दिवस की तैयारियां शुरू हो गई हैं। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन की ओर से 9 अप्रैल को विश्व स्तर पर यह दिवस मनाया जाएगा।मंगलवार को नवकार कलश रथ का हिंडौन में आगमन हुआ। सुबह 9 बजे गौशाला से रथ यात्रा शुरू हुई। संस्था के प्रतिनिधि अशोक कुमार जैन के नेतृत्व में वर्धमान जैन, गिरीश जैन, मुकेश जैन, देवेंद्र जैन और पंकज जैन सहित कई समाज बंधुओं ने रथ की अगुवाई की।रथ सबसे पहले नवीन उपाश्रय मोहन नगर पहुंचा, जहां समाज के लोगों ने इसका भव्य स्वागत किया। गोपाल लाल जैन ने बताया कि 9 अप्रैल 2025 को सुबह 8 से 9:30 बजे तक सामूहिक नवकार महामंत्र का जाप होगा। अशोक कुमार जैन और डॉ. मनोज जैन ने नवकार मंत्र की महिमा के बारे में जानकारी दी।

समाज के लोगों ने कलश पर अक्षत और पुष्प चढ़ाकर रथ को सजाया। वर्धमान जैन के अनुसार, रथ मोहन नगर से स्टेशन रोड होते हुए वर्धमान नगर जैन मंदिर पहुंचा। मंदिर में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं मौजूद थे।डॉ. विमल जैन ने बताया कि 9 अप्रैल को वर्धमान नगर जैन मंदिर उपाश्रय में सामूहिक जाप का आयोजन होगा।

आदित्य जैन और कृष्ण जैन ने बताया कि रथ को करौली-धौलपुर के लिए रवाना कर दिया गया है।

# आईसीडीएस में महिला पर्यवेक्षक के 416 पदों पर नियुक्ति के आदेश हुए जारी

## उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग का हो रहा सुदृढ़ीकरण

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर, (का.स.)।** महिला एवं बाल विकास विभाग के निदेशालय, समेकित बाल विकास सेवाएं (आईसीडीएस) द्वारा महिला पर्यवेक्षक के 416 पदों पर नियुक्ति के आदेश जारी किये गए हैं। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी के निर्देशन में महिला एवं बाल विकास विभाग का सुदृढ़ीकरण किया जा रहा है। विभाग में कार्मिकों की कमी नहीं होने से कार्य सुगमता से होंगे जिससे महिला एवं बाल विकास की योजनाओं से आमजन सरलता और सुगमता से लाभान्वित हो सकेंगे। निदेशक आईसीडीएस ओ. पी. बुनकर ने बताया कि विभाग में 416 कार्मिकों को पोस्टिंग मिली है। इसमें से आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कोटे से 216 कार्यकर्ताओं की और सीधी भर्ती से 200 महिला पर्यवेक्षकों की भर्ती की गई है। निदेशक ने बताया कि इससे विभाग के कार्य संपादन और मॉनिटरिंग में आसानी होगी। उन्होंने बताया कि विभाग को नवीन कार्मिक मिलने से उसकी कार्य क्षमता में वृद्धि होगी। उक्त कैडर के 20 प्रतिशत से अधिक कार्मिकों का मिलना विभागीय कार्यों के संपादन में उपयोगी होगा। निदेशक आईसीडीएस ने बताया कि राज्य की बाल विकास परियोजनाओं में कार्यरत सभी सीडीपीओ को निर्देशित किया है कि उक्त आदेश में दिए गए निर्देशानुसार कार्मिकों की पर्सनल फाइल का संधारण सुव्यवस्थित ढ़ंग से किया जाए और कार्मिकों की सर्विस बुक भी को समय पर बनाकर उसमें तथ्यात्मक सूचनाएं सावधानी से सुस्पष्टता से भरी जाए। अधूरी सर्विस बुक बाद में समस्या का कारण बनती है। उन्होंने कार्मिकों की फोटो, हस्ताक्षर , अँगुली और अंगूठे के निशान, शैक्षणिक योग्यता इत्यादि सभी एंट्री पूर्ण सावधानी से करने के निर्देश दिए। निदेशक ओ.पी. बुनकर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कोटे से भर्ती हुई कार्यकर्ता से विभाग द्वारा आवंटित फोन तथा समस्त रिकार्ड अन्य कार्यकर्ता/सहायिका जिसको भी चार्ज दिया जा रहा है, को सुपुर्द करने के उपरांत ही कार्यमुक्त आदेश जारी करने के सीडीपीओ को निर्देश दिए। उन्होंने सीडीपीओ को उक्त कार्मिकों को कार्यमुक्ति आदेश के साथ नियुक्ति आदेश भी जारी करने और निर्देशानुसार फोटो युक्त अनुभव प्रमाण पत्र भी जारी किया करने और इनका संधारण कार्मिक की पर्सनल फाइल में करने के निर्देश दिए।

# जिला कलक्टर की अध्यक्षता में नगर परिषद एवं समस्त नगर पालिका अधिकारियों की बैठक आयोजित

## सफाई, सौंदर्यीकरण और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर करने पर दिया जोर

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल की अध्यक्षता में सोमवार को नगर परिषद एवं समस्त नगर पालिकाओं के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में वार्षिक कार्ययोजना, विभिन्न शहरी विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।जिला कलक्टर ने मुख्यमंत्री शहरी रोजगार योजना एक्शन प्लान, वॉर्डों के पुनर्गठन, सम्पर्क पोर्टल, स्वच्छ भारत मिशन, केंद्र व राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं तथा नगर परिषद/नगरपालिकाओं के विभिन्न मेजर प्रोजेक्ट्स की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने विभागों से संबंधित कार्यों में गति लाएं एवं नियमित मॉनिटरिंग कर प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें।बैठक में वार्षिक कार्ययोजना का जिला स्तरीय समिति द्वारा द्वारा अनुमोदन किया गया जिसमें एमएसआरवीवाई के बजट प्रावधान अनुसार नगर परिषद में 1 करोड़ रुपए व नगर पालिका में 60 लाख रुपए के कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया. इसके तहत पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण संबंधी कार्य, स्वच्छता एवं सेनिटेशन कार्य, सम्पत्ति विरूपण, कन्वर्जेंस कार्य, सेवा संबंधी कार्य एवं हेरिटेज संरक्षण संबंधी कार्य गुणवत्ता के साथ समयबद्ध करने हेतु निर्देशित किया गया।उन्होंने शहर में सफाई व्यवस्था को और अधिक दुरुस्त करने, सार्वजनिक स्थलों एवं दीवारों पर पेंटिंग व सौंदर्यीकरण कार्य करने, गंदे जल की निकासी एवं ड्रेनेज सिस्टम को सुधारने, सड़कों की मरम्मत एवं चौड़ाईकरण करने तथा शहर के समग्र सौंदर्यीकरण को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि कामगारों को प्रशिक्षित कर शहर की दीवारों पर मांढण कला, गेरुआ आदि से सजावट का कार्य करें, दीवारों पर पोस्टर लगाने वालों पर कार्यवाही करें, फुटपाथ के पास सुंदर पेड़-पौधे लगाकर उनकी देखभाल सुनिश्चित करें, पार्कों की नियमित सफाई हेतु संबंधित को पाबंद करें, मुख्य मार्गों व आवश्यक स्थानों पर स्ट्रीट लाइट व्यवस्था करते हुए उनका रखरखाव भी सुनिश्चित करें। नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट ने वार्षिक कार्ययोजना एवं विभिन्न विभागीय योजनाओं की प्रगति की विस्तार से जानकारी दी।बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ओमप्रकाश सहारण, एईएन मुकेश सैनी, समस्त अधिशासी अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### भारत निर्वाचन आयोग का राजनीतिक दलों के साथ सबसे बड़ा संपर्क अभियान

# मुख्य निर्वाचन अधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के स्तर पर 4 हजार 719 बैठकें आयोजित

## देश भर में 28 हजार से अधिक पार्टी प्रतिनिधियों ने भागीदारी की

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर,(का.स.)।** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने देश भर में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ), जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) और मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के स्तर पर राजनीतिक दलों के साथ व्यापक एवं योजनाबद्ध तरीके से संपर्क स्थापित किया है। बीते 25 दिनों की अवधि में 31 मार्च तक विभिन्न स्तर पर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ कुल 4 हजार 719 बैठकें आयोजित की गई हैं. इनमें मुख्य निर्वाचन अधिकारियों द्वारा 40 बैठकें, जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा 800 बैठकें और निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा 3,879 बैठकें शामिल हैं, जिनमें देश भर में राजनीतिक दलों के 28 हजार से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार, निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी द्वारा 4-5 मार्च को नई दिल्ली में आयोजित मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के सम्मेलन के दौरान जारी किए गए निर्देशों के अनुसार ये बैठकें आयोजित की गई। आयोग की ओर से इस विशेष संपर्क अभियान का उद्देश्य संबंधित सक्षम प्राधिकारी, यानी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी या मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा चुनावी प्रक्रिया से जुड़े किसी लंबित मुद्दे को जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और 1951, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960, चुनाव संचालन नियम, 1961 और समय-समय पर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मैनुअल, दिशानिर्देशों और निर्देशों के अनुरूप मौजूदा कानूनी ढांचे के भीतर हल करना है। इस क्रम में अग्रिम आंकलन के लिए सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों से कार्रवाई रिपोर्ट मांगी गई है। यदि मौजूदा कानूनी ढांचे के भीतर कोई मुद्दा अनसुलझा रहता है, तो आयोग के स्तर पर उसका निस्तारण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि विभिन्न राजनीतिक दलों से भी इस सम्पर्क अभियान को भरपूर सराहना मिली है। इस दौरान विधानसभा क्षेत्रों, जिलों और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों में राजनीतिक प्रतिनिधियों की सक्रिय और उत्साही भागीदारी रही है। देश भर में हुई बैठकों की तस्वीरें भारत निर्वाचन आयोग के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर देखी जा सकती है।

# भारतीय नववर्ष पर स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय में मंगलवार को अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (उच्च शिक्षा) राजस्थान की स्थानीय ईकाई द्वारा भारतीय नववर्ष के अवसर पर स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में हिन्दू रिति रिवाज के अनुसार सभी संकाय सदस्यों को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता सेवानिवृत्त आचार्य एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक महासंघ के क्षेत्र विचार प्रमुख डॉ. महावीर प्रसाद कुमावत ने भारतीय काल गणना को वैज्ञानिक और प्रकृति सम्मत बताया। उन्होंने कहा कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति की प्रत्येक परम्परा एवं गतिविधि का आधार भारमीय काल गणना है। पाश्चात्य काल गणना हमारे ऊपर थोपी गई है। अब समय आ गया है कि हम अपनी सनातन संस्कृति का सम्मान करते हुये हमारी अपनी काल गणना को अपनायें। पाश्चात्य काल गणना अनेक विसंगतियों से परिपूर्ण है। आज हमें यह व्रत लेना चाहिये कि हम आगे से भारतीय काल गणना से कार्य करेगें। प्रो. महावीर प्रसाद कुमावत ने कहा कि हमें अपनी सनातन संस्कृति को भूलना नहीं चाहिये। हमारा पंचांग शाश्वत और वैज्ञानिक है। अध्यक्षता करते हुये प्राचार्य डॉ आर. के. सिंह ने कहा कि भारतीय नवसंवत्सर का हमारे जीवन में बहुत अधिक महत्व है। नवसंवत्सर की शुरुआत नवरात्रा जैसे शुभ उत्सव से होती है। इस समय प्रकृति नव रूप धारण करती है, वातावरण खिल उठता है।

आर.वी.आर.एस. के शिक्षकों को सरकार द्वारा समान पदनाम देने पर महाविद्यालय परिवार की और से अभिनंदन करते हुये शुभकामनाएं व बधाईयां दी गई। आर.वी.आर.एस. शिक्षकों के प्रतिनिधि के तौर पर डॉ. खेमचन्द गुर्जर ने सगठन एवं सरकार का आभार व्यक्त किया।

महाविद्यालय स्टाफ क्लब की तरफ से महाविद्यालय में नवनियुक्त हिंदी साहित्य विषय के चार सहायक आचार्यों का स्वागत किया। संचालन अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ (उच्च शिक्षा) राजस्थान के स्थानीय ईकाई सचिव अशोक सिंह ने किया तथा कपूर चंद वर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस दौरान सभी संकाय सदस्यों की सक्रिय भागीदारी रही।

# अर्चना शर्मा के जन्मदिन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी शुभकामनाएं, धूमधाम से मनाया जश्न



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** शहर कांग्रेस कमेटी महिला मंडल की उपाध्यक्ष अर्चना शर्मा के जन्मदिन के शुभ अवसर पर जयपुर शहर जिला अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी हवा महल प्रत्याशी आर. आर. तिवाड़ी समेत समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने बड़े धूमधाम से जश्न मनाया। इस अवसर पर सभी ने अर्चना शर्मा को ढेरों शुभकामनाएं दीं और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। सभी ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए उनके जीवनभर मुस्कुराते रहने और सदाबहार रहने का आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में पूर्व सरपंच आंधी गफूर मंसूरी, जल महल ब्लॉक मंडल अध्यक्ष कादिर भाई, वार्ड अध्यक्ष बाबूलाल गुर्जर, वार्ड 11 के पार्षद भूपेंद्र मीणा, वार्ड 26 के पार्षद सलमान मंसूरी, महेंद्र तंवर, राम सिंह मीणा, नाथू सिंह गुर्जर, जयराम सैनी, दिनेश शर्मा, इकरामुद्दीन मंसूरी, फजल मंसूरी, विनोद जी हलदुनिया, भारत गुर्जर, जगदीश मीणा, जितेंद्र शर्मा, ओम जी शर्मा समेत समस्त महिला गणगौर ग्रुप ने भी शुभकामनाएं दीं। इस आयोजन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और क्षेत्रवासियों ने मिलकर अर्चना शर्मा के योगदान को सराहा और उनके नेतृत्व की प्रशंसा की।

# प्रेस क्लब नवनिर्वाचित प्रबन्ध कार्यकारिणी ने ली शपथ

## वरिष्ठ पत्रकार छाबड़ा, डंडिया, लोढ़ा, बत्रा और विधायक गोपाल शर्मा ने ग्रहण कराया कार्यभार

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** 01 अप्रैल 2025 को पिंकसिटी प्रेस क्लब चुनाव की नवनिर्वाचित प्रबन्ध कार्यकारिणी ने मंगलवार को शपथग्रहण कर कार्यभार संभाला। 30 मार्च को सम्पन्न हुए वार्षिक चुनाव में नवनिर्वाचित अध्यक्ष मुकेश मीणा, महासचिव मुकेश चौधरी, उपाध्यक्ष डॉ. मोनिका शर्मा, परमेश्वर शर्मा एवं कोषाध्यक्ष विकास शर्मा के साथ प्रबन्ध कार्यकारिणी के दस सदस्य श्रीमती मणिमाला शर्मा, ओमवीर भार्गव, दिनेश सैनी, दीपक सैनी, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, अनिता शर्मा, निखलेश शर्मा, सुश्री शालिनी श्रीवास्तव, उमंग माथुर, विकास आर्य को पत्रकार एवं विधायक गोपाल शर्मा, प्रेस क्लब संस्थापक सदस्य प्रवीण चन्द छाबड़ा, जगदीश शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार मिलापचन्द डांडिया, गुलाब बत्रा, अनिल लोढ़ा एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनिल शेखावत ने प्रेस क्लब संचालन के लिए शपथ दिलाकर कार्यभार सौंपा। इस अवसर पर क्लब के पूर्व अध्यक्ष डॉ. वीरेन्द्र सिंह राठौड़, राधारमण शर्मा, अभय जोशी, पूर्व महासचिव रोशन लाल शर्मा, योगेन्द्र पंचौली सहित वरिष्ठ एवं युवा पत्रकार उपस्थित हुए। क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान प्रबन्ध कार्यकारिणी मिलकर पत्रकार एवं क्लब हित में सदैव तत्पर कार्य करेगी। निर्वाचन मण्डल ने नवनिर्वाचित प्रबन्ध कार्यकारिणी को निर्वाचन पत्र, माला, साफा पहनाकर स्वागत किया। वर्तमान प्रबन्ध कार्यकारिणी ने चुनाव मण्डल को माला, साफा एवं आभार पत्र देकर सम्मानित किया। महासचिव मुकेश चौधरी ने आभार व्यक्त किया।

# नीमराना में रक्तदान शिविर का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली-बहरोड जिले के नीमराणा में जापानी जॉन स्थित कंपनी हिताची आस्तीमो राजस्थान ब्रेक सिस्टम प्राइवेट लिमिटेड नीमराना में परोपकाराय वेलफेयर फाउंडेशन के सहयोग से कंपनी में कर्मचारियों द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय कोटपुतली के चिकित्सा कर्मचारी द्वारा कंपनी में 100 यूनिट से अधिक रक्त एकत्रित किया गया।इस रक्तदान शिविर में पुरुष कर्मचारियों के साथ साथ महिला कर्मचारियों ने भी भाग लिया।रक्त दाताओं का उत्साहवर्धन करने के लिए कंपनी प्रबंधन द्वारा प्रतिवर्ष रक्तदान का संकल्प दिलवाया गया।इस अवसर पर कंपनी के प्रबंधक निर्देशक नोबुहीरो तोजो, प्लांट हेड अर्जुन कुमार, मानव संसाधन विभाग के प्रबंधक विपिन गोयल ,सुरक्षा अधिकारी रोहित आहूजा एवं मायहेल्थ वेलनेस नीमराणा के प्रबंधक निदेशक एवं परोपकाराय वेलफेयर फाउंडेशन के संस्?थापक डॉ उमेश यादव एवं अन्य कंपनी के कर्मचारी व अधिकारी उपस्थित रहे।

# रोजी बैरोलिया प्रतिष्ठित अवॉर्ड से सम्मानित समाज सेवा में योगदान के लिए मिली पहचान

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** जयपुर के एंजल रिसॉर्ट में भव्य समारोह में अभिनेत्री ऋतु शिवपुरी ने रोजी बैरोलिया को 'इंडियन यंग आइकॉन अवॉर्ड' और 'सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर अवॉर्ड' से सम्मानित किया। समाज सेवा में उत्कृष्ट योगदान के लिए यह सम्मान मिला। मॉडल और अभिनेता पायल शर्मा ने भी समारोह की शोभा बढ़ाई। आयोजन में कई गणमान्य लोग और युवा नेता शामिल हुए। इस अवसर पर रोजी बैरोलिया ने कहा, यह पुरस्कार मेरे लिए केवल एक सम्मान नहीं, बल्कि समाज के प्रति मेरी जिम्मेदारी का प्रतीक है। मैं अपने सामाजिक कार्यों को और भी ऊर्जा और समर्पण के साथ आगे बढ़ाऊंगी। इस प्रेरणादायक आयोजन ने समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए युवाओं को प्रेरित किया और रोजी बैरोलिया की उपलब्धियों को भव्य रूप में सराहा गया।




# ग्रीन फ्यूचर अलायंस के कार्यकर्ताओं की तीसरी बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली (बिल्लूराम सैनी)।** कोटपूतली के रसनाली के तारा माध्यमिक विद्यालय मे ग्रीन फ्यूचर अलायंस के कार्यकर्ताओं की बैठक जिला संरक्षक रामजीलाल सैनी(कोटपूतली)की अध्यक्षता मे आयोजित।जिसमें जिलाध्यक्ष रामकुमार सैनी ने बताया कि रक्तदान शिविर व मेडिकल कैंप का आयोजन 10 अप्रैल 2025 को तारा माध्यमिक विद्यालय मे होगा।सभीकार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी सौफी गई।बैठक में बाबूलाल सैनी,एडवोकेट अनिल शर्मा,पवन कुमार सैनी,पत्रकार बिल्लूराम सैनी, प्रदीप सैनी,उपाध्यक्ष प्रकाश तोदवाल,सुगन सैनी,दिनेश सैनी,श्यामलाल सैनी,बिनेस अंकितसैनी,कमलेश,पवन अंकित विकास गुर्जर हेमराज गुर्जर गिरीश सैनी,महेंद्र सैनी बानसूर हंसराज सैनी हलवाई,एडवोकेट नवीन कुमार सैनी, सुभाष जमालपुरिया,महावीर सैनी,विजय सैनी,देशराज सैनी,जीतेन्द्र साखला,अजय कोटपुतली आदि कोटपूतली व रसनाली के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग में नियमित पदोन्नतियों से कार्मिकों की वर्क परफॉर्मेंस हुई उत्कृष्ट

## नए वित्तीय वर्ष के पहले ही दिन कार्मिकों की वरिष्ठता सूची जारी होने से कार्मिकों को मिला उपहार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर,(का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राज्य सरकार के कार्मिकों के कल्याण के लिए संकल्पित हैं। राज्य बजट में इस सम्बंध में अनेक घोषणाएं की गई तथा इनकी समयबद्ध पालना भी सुनिश्चित की गई। इसी भावना के साथ सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग ने वित्तीय वर्ष के पहले ही दिन 1 अप्रेल, 2025 को अतिरिक्त निदेशक, संयुक्त निदेशक, उप निदेशक, सहायक निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, कैमरामेन और वरिष्ठ छायाकारों की अन्तिम वरिष्ठता सूची जारी कर दी है। सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के आयुक्त सुनील शर्मा ने बताया कि समय पर अन्तिम वरिष्ठता सूची जारी होने से विभाग में कार्मिकों की नियमित पदोन्नति सुनिश्चित हो रही है।

**कार्यालय नगर पालिका निवाई**

क्रमांकः- न.पा.नि./विकास/2024-25/11991 दिनांकः- 28.03.2025

**बोली सूचना**

सभी संवेदको/व्यवसायदाताओ को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका निवाई द्वारा निम्न कार्य करवाये जाने हेतु मोहरबन्द बोली आमंत्रित की जाती है। जिनकी बोली दिनांक 07.04.2025 को 12:00 बजे तक बेची जाकर दिनांक 07.04.2025 को 2:00 बजे से 4:00 बजे तक बंद लिफाफे मे प्राप्त की जाकर बोली इसी दिन सायंकाल 4:00 बजे उपस्थित संवेदको के समक्ष खोली जावेगी तथा उक्त बोली वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखी जा सकती है तथा न0पा0 कार्यालय में निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा करवाकर जमा बोली जमा कराई जा सकती है अथवा उपरोक्त वर्णित निर्धारित तिथि व समय तक शुल्क नगर पालिका कोष में जमा करवाकर रसीद प्रस्तुत करने पर ही अधोहस्ताक्षरकर्त्ता के कार्यालय से टेण्डर फार्म प्राप्त किया व जमा कराया जा सकता है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित व्यय (लाखों में) | अमानत राशि | | टेण्डर शुल्क | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2% | ½% | | |
| 1 | पालिका क्षेत्र में शिलान्यास/लोकार्पण पट्टिका(वार्षिक) बनाने, लगाने एवं अन्य कार्य। UBN No. :- DLB2425WSOB22957 | 4.95 | 9900 | 2475 | 200 | 1 Year |

नोटः-
1. बिना कारण बताये बोली स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अध्यक्ष/अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका निवाई को होगा।
2. रजिस्ट्रेशन की प्रति, पेनकार्ड एवं जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन की प्रति बोली आवेदन के साथ प्रस्तुत करनी होगी। सशर्त बोली मान्य नही होगी।
3. बोली डाक द्वारा मान्य नही होगी केवल बोली प्रपत्र में व बन्द लिफाफे में ही मान्य होगी।
4. बोली फार्म सील बन्द लिफाफे में पैक कर निर्माण शाखा प्रभारी श्री हरीश मीणा के कक्ष में सील बन्द बॉक्स में जमा करवाए जा सकते है एवं किसी भी जानकारी हेतु प्रभारी अधिकारी के मोबाईल नम्बर 9460952737 है।

राज.संवाद/सी/25/58 — अध्यक्ष, नगर पालिका निवाई — अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका निवाई

## सम्पादकीय

# नैतिक पतन के चलते खतरे में इंसानी रिश्ते

समाज में कितना पतन बाकी है? यह सुनकर दिल दहल जाता है कि कोई बेटा अपने ही माता-पिता की इतनी निर्ममता से हत्या कर सकता है। महिला ने जेठ के साथ मिलकर अपने दो वर्ष के बेटे को मरवा दिया। पत्नी ने प्रेमी सँग मिलकर मर्चेंट नेवी मे अफसर पति के टुकड़े-टुकड़े कर ड्रम में डाल दियाा। पिता ने नौकर से अपने बेटे की हत्या करवायीं। ये कुछ वारदातें तो बानगी भर हैं। दरअसल नैतिक पतन के चलते इस तरह की खबरें अब आम हो रही हैं। ऐसे अपराध यह दिखाते हैं कि समाज में मानसिक संतुलन, नैतिकता और पारिवारिक मूल्यों में कितनी गिरावट आ चुकी है। लेकिन यह भी ध्यान देने की बात है कि नकारात्मक घटनाएँ समाचारों में ज़्यादा दिखाई देती हैं, क्योंकि वे लोगों का ध्यान आकर्षित करती हैं। समाज में आज भी बहुत से लोग हैं जो प्रेम, सहयोग और नैतिकता से भरे हुए हैं। हमें ज़रूरत है कि हम अच्छाई को भी उतना ही महत्त्व दें और समाज को बेहतर बनाने की दिशा में काम करें। इस पतन के कारणों को समझकर समाधान निकालना ज़रूरी है- परिवारों में संवाद बढ़ाना, मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान देना, नैतिक शिक्षा को मज़बूत करना और अपराध रोकने के लिए सख्त क़दम उठाना। हमें यह भी सोचना होगा कि हम किस तरह के मूल्यों को बढ़ावा दे रहे हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए कैसा समाज बना रहे हैं। समाज के पतन को पूरी तरह रोकना कठिन हो सकता है, लेकिन हम सब मिलकर इसे धीमा कर सकते हैं और सही दिशा में मोड़ सकते हैं। आज के समय में जब हम समाचार पत्रों और सोशल मीडिया पर नज़र डालते हैं तो चारों ओर अपराध, धोखा, हिंसा और नैतिक पतन की ख़बरें देखने को मिलती हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि समाज घोर कलयुग के प्रभाव में प्रवेश कर चुका है। पारिवारिक सम्बंधों में विश्वास की कमी, नैतिक मूल्यों का ह्रास और भौतिक सुखों की अंधी दौड़ ने मानवीय संवेदनाओं को कमजोर कर दिया है। समाज में नैतिकता, रिश्तों की अहमियत और मानवीय संवेदनाएँ धीरे-धीरे कमजोर होती जा रही हैं। हत्या, विश्वासघात, स्वार्थ, लालच और नैतिक पतन की घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं। यह देखकर ऐसा लगता है कि समाज एक अंधकारमय दौर की ओर बढ़ रहा है। ऐसे अपराध यह दिखाते हैं कि समाज में मानसिक संतुलन, नैतिकता और पारिवारिक मूल्यों में कितनी गिरावट आ चुकी है। समाज में जिस तरह से नैतिक पतन बढ़ रहा है, वह केवल अपराधों की संख्या नहीं बल्कि पारिवारिक और सामाजिक ताने-बाने के टूटने का संकेत भी देता है। समाज में रिश्तों की अहमियत धीरे-धीरे कम होती जा रही है और इसके कई कारण हो सकते हैं। पहले जहाँ रिश्तों में अपनापन, विश्वास और त्याग होता था, वहीं अब स्वार्थ, लालच और दिखावे ने उनकी जगह ले ली है। माता-पिता, भाई-बहन, पति-पत्नी और दोस्तों के बीच भी आजकल स्वार्थ और लालच हावी होता जा रहा है। परिवार, जो पहले प्रेम और सहयोग का केंद्र हुआ करता था, अब झगड़ों और आपसी मतभेदों का शिकार बनता जा रहा है। छोटी-छोटी बातों पर हत्या, बलात्कार, लूटपाट और धोखाधड़ी जैसी घटनाएँ बढ़ रही हैं। परिवार के सदस्य तक एक-दूसरे के जीवन को खतरे में डाल रहे हैं। लोग नैतिकता और ईमानदारी को छोड़कर किसी भी तरह से धन और सफलता प्राप्त करने की कोशिश कर रहे हैं, चाहे उसके लिए उन्हें किसी का शोषण ही क्यों न करना पड़े। पहले लोग जीवन में धैर्य रखते थे, कठिनाइयों को सहन करते थे, लेकिन आजकल गुस्सा और अधीरता लोगों पर हावी हो गई है।

छोटे-छोटे विवाद हिंसक रूप लेने लगे हैं। धर्म केवल दिखावे का साधन बनता जा रहा है, जबकि नैतिकता और ईमानदारी की क़ीमत घटती जा रही है। लोग दूसरों को नैतिकता का पाठ पढ़ाते हैं, लेकिन खुद सही राह पर नहीं चलते। पहले संयुक्त परिवार होते थे, जहाँ बुजुर्गों का मार्गदर्शन रहता था लेकिन अब व्यक्तिगत स्वतंत्रता और आधुनिकता के नाम पर पारिवारिक मूल्यों में कमी आ रही है।

## आज का इतिहास
बढ़ता राजस्थान

### 2 अप्रैल की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- इटली के जेनोआ क्षेत्र से यहूदियों को 1559 में निकाला गया।
- मुगल शासक अकबर ने 1679 में जजिया कर समाप्त किया।
- ब्रिटिश पंजाब की 1849 में स्थापना हुई।
- लॉसएंजिल्स में 1902 में पहला मोशन पिक्चर थियेटर खुला।
- मिस्र की राजधानी काहिरा और दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन शहर के बीच 1905 से रेल यातायात शुरू हुआ।
- प्रसिद्ध वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन ने 1921 में अपने नए सापेक्षता के सिद्धांत विषय पर न्यूयार्क शहर में व्याख्यान दिया।
- कांग्रेस ने 1942 में क्रिप्स मिशन के प्रस्ताव को खारिज किया।
- सोवियत संघ और ब्राजील के बीच 1945 में राजनयिक संबंध बहाल हुए।
- अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा 1984 में मिशन सोयूज टी-11 के तहत अंतरिक्ष जाने वाले पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री बने।
- सुमिता सिन्हा ने 1997 में अपने ऊपर से 3200 किलोग्राम भार के ट्रक को पार करने की अनुमति देकर रिकार्ड स्थापित किया।
- मास्को में 1999 में स्वतंत्र राष्ट्रों के राष्ट्रकुल (सीआईएस) की शिखर बैठक सम्पन्न हुई थी।
- नेपाल में 2001 में माओवादी विद्रोहियों द्वारा 37 पुलिस अधिकारियों की हत्या।
- सोलोमन द्वीप में 2007 में शक्तिशाली सुनामी आयी।
- भारत ने 1983 में पहले वर्ल्ड कप जीतने के बाद 2011 में आज ही के दिन दूसरी बार वर्ल्ड कप जीता था।
- पाकिस्तान के पेशावर में 2013 में बिजली संयंत्र पर हुए हमले में सात लोग मारे गए।
- बर्मा के यांगून में 2013 में एक मस्जिद के अंदर लगी भीषण आग में तक़रीबन 13 बच्चों की मौत हो गई।
- अमरीकी गायक और गीतकार बॉब डिलन ने 2017 में साहित्य के लिए प्रतिष्ठित नोबेल पुरस्कार स्वीकार कर लिया।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2017 में जम्मू कश्मीर में देश की सबसे लम्बी, चेनानी-नाशरी सड़क सुरंग राष्ट्र को समर्पित किया।

### 2 अप्रैल को जन्मे व्यक्ति

- गोवा के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी टी. बी. कुन्हा का जन्म 1891 को हुआ।
- शास्त्रीय गायक बड़े गुलाम अली ख़ाँ का जन्म 1902 को हुआ।
- अभिनेता रोशन सेठ का जन्म 1942 को हुआ।
- भारत के प्रसिद्ध फिल्म अभिनेता अजय देवगन का जन्म 1969 को हुआ।
- भारत में टी वी के प्रसिद्ध हास्य कलाकार कपिल शर्मा का जन्म 1981 को हुआ।
- टेनिस खिलाड़ी डेविड फैरर का जन्म 1982 को हुआ।

### 2 अप्रैल को हुए निधन

- पेशवा बालाजी विश्वनाथ का 1720 में निधन।
- एक प्रसिद्ध बर्मी (बर्मा) सेनापति बन्धुल का 1825 को निधन।

# कन्याओं को पूजिये भी, आत्मसुरक्षा भी सिखाइए


अशोक मधुप

**नवरात्र देश भर में अलग -अलग रूप में मनाए जाते हैं। पूजा अर्चन की जाती है। सबका तात्पर्य यह ही है कि देवी शक्ति की पूजा कर हम उनसे अपने और समाज के कल्याण का आशीर्वाद मांगे।स्वस्थ समाज की मांग करे।ये सब कुछ सदियों से चला आ रहा है। आज समय की मांग है कि हम आगे बढ़े।वक्त की जरूरत के साथ परिवर्तन करें। आज देश की देवियां ,महिलाएं, मातृशक्ति विकास के हर क्षेत्र में अपना योगदान कर रही हैं।कार तो बहुत समय से चलाती रही हैं। अब ये आटो, ट्रक,ट्रेन ,मालगाड़ी भी चलाने लगीं हैं।ये प्लेन उड़ा रही हैं। अब तो सेना में जाकर बार्डर की हिफाजत भी महिलाएं कर रही हैं। आधुनिकतम लड़ाकू विमान भी उड़ा रहीं हैं। उन्हें नियंत्रित भी कर रही हैं।**

रविवार से चैत्र नवरात्र शुरू हो गए ।नवरात्र में अधिकांश हिंदू परिवार घर में मां के कलश की स्थापना करते हैं। इन नौ दिन उपवास रखकर देवी के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है।देवी स्परुपा कन्याओं को पूजा जाता है।उन्हें जिमाया जाता है। वस्त्रादि भेंट किए जाते हैं। ये परंपरा सदियों से चली आ रही है।सदियों से चली आ रही इस परम्परा में वक्त के हिसाब से अब सुधार की जरूरत है। आज जरूरत है कि हम कन्याओं को पूजे और जिमाएं ही नहीं।उन्हें शिक्षित भी करें।उन्हें आज के समय और परिस्थिति में जीने के अनुकूल बनाए।आत्मसुरक्षा भी सिखाए।उन्हें गुड टच और बेड टच से अवगत भी कराएं। कन्याओं को आज के समाज में शान और सम्मान के साथ जीने के योग्य बनाएं। ज्यादति के खिलाफ बोलना भी बताएं।ज्यादति का मुकाबला भी करना सिखाएं।

कभी गाना , बजना, नाचना महिलाओं की कला मानी जाती थी। उसमें उन्हें पारंगत करने के साथ- साथ पुराने समय से परिवार की बेटियों को सिलाई, कढ़ाई, बुनाई,अनाज पिसाई,छनाई के साथ घर के कामकाज भोजन बनाने में आदि में निपुण किया जाता था। ताकि वह समय की जरूरत के हिसाब के शादी के बाद अपने परिवार को संभाल सकें। इस समय शिक्षा पर उतना जोर नही था। परिवार की जरूरतें बढ़ी तो पढ़ी -लिखी महिलाएं घर की चाहरदीवारी से निकलीं। नौकरी करने लगीं। बिजनेस में परिवार को सहयोग देने लगीं।समय बदला ।महिलाएं आज शिक्षित हो सभी क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। नौकरी के लिए अकेली युवती का विदेश जाना अब आम हो गया।पैरा मिलेट्री फोर्सेज में योगदान करने के साथ आज वह सेना में आकर देश सीमाओं को सुरक्षित बनाने और शत्रु से लोहा लेने में भी लगी हैं। समय के साथ- साथ समाज की प्राथमिकताएं भी बदलीं। नहीं बदला तो महिलाओं और युवतियों के शोषण का सिलसिला। भारतीय समाज में फैली दहेज की कुप्रथा के कारण गर्भ में ही बालिका भ्रूण मारे जाने लगे।परिवार में ही आसपास ने नाते, रिश्तेदारों और अन्यों द्वारा छुटपन से बेटियों के साथ छेड़छाड़ ,यौन शोषण चलता रहा।देश में चेतना आई ,शिक्षा का स्तर बढ़ा पर महिलाओं के प्रति होने वाले अपराध कम नही हुए।हाल ही में राष्ट्रीय महिला आयोग ने सूचित किया कि वर्ष 2021 के प्रारंभिक आठ महीनों में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की शिकायतों में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 46 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। राष्ट्रीय महिला आयोग को साल 2021 में महिलाओं के खिलाफ अपराध की करीब 31,000 शिकायतें मिलीं थी जो 2014 के बाद सबसे ज्यादा हैं। इनमें से आधे से ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश के थे। महिलाओं के खिलाफ अपराध की शिकायतों में 2020 की तुलना में 2021 में 30 प्रतिशत का इजाफा हुआ था। साल 2020 में कुल 23,722 शिकायतें महिला आयोग को मिली थीं।राष्ट्रीय महिला आयोग की ओर से जारी आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक 30,864 शिकायतों में से, अधिकतम 11,013 सम्मान के साथ जीने के अधिकार से संबंधित थीं। घरेलू हिंसा से संबंधित 6,633 और दहेज उत्पीड़न से संबंधित 4,589 शिकायतें थीं। सबसे अधिक आबादी वाले राज्य उत्तर प्रदेश में महिलाओं के खिलाफ अपराधों की सबसे अधिक 15,828 शिकायतें दर्ज की गईं, इसके बाद दिल्ली में 3,336, महाराष्ट्र में 1,504, हरियाणा में 1,460 और बिहार में 1,456 शिकायतें दर्ज की गईं।आयोग के आंकड़ों के अनुसार, महिलाओं के शील भंग या छेड़छाड़ के अपराध के संबंध में 1,819 शिकायतें मिली हैं। बलात्कार और बलात्कार की कोशिश 1,675 शिकायतें, महिलाओं के प्रति पुलिस की उदासीनता की 1,537 और साइबर अपराधों की 858 शिकायतें मिली हैं। येवे शिकायत हैं जो रजिस्टर होती हैं1 इससे कई गुनी शिकायत तो दर्ज ही नही होती। परिवार का सम्मान बताकर ,युवती की स्मिता की बातकर घटनांए दबाली जाती हैं। अब तक बच्चियों को गाने - बजाना ,डांस करने के वीडियो सामने आते थे। हाल ही में एक वीडियो सामने आया जिसमें एक पिता अपनी बेटी को लाठी चलाना सिखा रहा है। इस छोटे से वीडियों को बहुत पसंद किया गया। आज समय की मांग है कि परिवार विशेषकर मां बेटी को बचपन से गुड टच और बैड टच से अवगत कराए। इनका अंतर बताए। कहीं कुछ घर के आसपास , स्कूल में, स्कूल बस में अगर ऐसा होता है तो वह घर आकर बताए।बेटी अब घर की देहरी के अंदर तक ही सीमित नही रह गई है। वह कार्य के लिए घर से बाहर निकल रही है। ट्रेन में, बस में अकेले सफर कर रही है।नौकरी के लिए सात समुंद पार जा रही है।ऐसे में जरूरत है उसे आत्मसुरक्षा की जानकारी देने की।जूडे-कराटे सिखाने की। आत्मसुरक्षा में निपुण करने की, ताकि वह विपरीत परिस्थिति में अपना बचाव कर सके।अगर ऐसा होगा तो छेड़छाड़ करने वाले के भय से युवती को आत्महत्या नही करनी पड़ेगी।जबकि आज इस तरह की रोज अखबारों में खबर आ रही हैं। पिछले दिनों मुरादाबाद में से 12वीं में पढ़ने वाली छात्रा ने छेड़छाड़ से परेशान होकर कीटनाशक खा कर आत्महत्याकर ली। मुंबई के विनोबा भावे नगर चचेरे भाई के बार-बार यौन उत्पीड़न से तंग आकर 15 वर्षीय किशोरी ने आत्महत्या कर ली। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जनपद में मनचले की छेड़छाड़ से परेशान छात्रा ने अपने ही घर में फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली।इस तरह की खबर रोज अखबारों में सुर्खियां बन रही हैं। हम अपने परिवार की बेटी को ऐसे संस्कार और शिक्षा दें। उसे आत्मनिर्भर बनांए, आत्मसुरक्षा सिखाएं,ज्यादति के खिलाफ उसे आवाज उठाना भी सिखांए ताकि समाज की कन्या और समाज बेटी की खबर अखबार की सुर्खी न बने।उसके साथ ज्यादति करने का कोई हौंसला न कर सके ।हाल में अच्छा यह हुआ है कि केंद्र ने इस तरह की घटनाओं के लिए पास्को एक्ट बनाया। इसमें त्वरित न्याय दिलाने की भी व्यवस्था की है, ताकि अपराधी अपराध करता डरे।

# संघ-भाजपा में तालमेल से जुड़े सुखद संकेत


ललित गर्ग

**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के 25 साल बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुख्यालय के अंगने में पहुंचकर संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार और दूसरे सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर (गुरुजी) के स्मारक स्मृति मंदिर में श्रद्धांजलि दी, जिससे संघ एवं भाजपा के बीच एक नई तरह की ऊर्जामयी सोच एवं समझ विकसित हुई है। एक नई प्राणवान ऊर्जा का सूरज उगा है, नये संकल्पों को पंख लगे हैं। संघ के सौ वर्ष पूरे करने के ऐतिहासिक अवसर पर मोदी ने सही कहा कि संघ भारत की अमर संस्कृति का आधुनिक अक्षय वट है, जो निरंतर भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय चेतना को ऊर्जा प्रदान कर रहा है।**

प्रधानमंत्री मोदी ने 34 मिनट की संबोधन में देश के इतिहास, भक्ति आंदोलन, इसमें संतों की भूमिका, संघ की निःस्वार्थ कार्य प्रणाली, देश के विकास, युवाओं में धर्म-संस्कृति, स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, शिक्षा, भाषा और प्रयागराज महाकुंभ की चर्चा करते हुए जहां नये बन रहे भारत की बानगी प्रस्तुत की, वही संघ की उपयोगिता एवं महत्व को चार-चांद लगाये। प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी की संघ के मुख्यालय की इस पहली यात्रा के गहरे निहितार्थ भी हैं तो दूरगामी परिदृश्य भी है। जो इस बात का संकेत है कि पिछले आम चुनाव के दौरान संघ व भाजपा के रिश्तों में जिस खटास को अनुभव किया गया था, वह संवाद, समझ, सकारात्मक सोच व संपर्क से दूर कर ली गई है। जो इस बात का भी संकेत है कि आने वाले वक्त में भाजपा व सरकार के अहम फैसलों में संघ की भूमिका बढ़ेगी, जिससे देश हिन्दू राष्ट्र के रूप में सशक्त होते हुए विश्व गुरु बनने के अपने संकल्प को पूरा कर सकेगा। वसुधैव कुटुम्बकम के भारत के उद्घोष को अधिक सार्थक करते हुए दुनिया के लिये एक रोशनी बनेगा। यह सर्वविदित है कि मोदी भी संघ की पृष्ठभूमि से आते हैं। साथ ही वे संघ की रीति-नीतियों से भली-भांति परिचित हैं। लेकिन पिछले आम चुनाव के दौरान भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेताओं के कुछ अतिश्योक्तिपूर्ण एवं अहंकारी बयानों से भाजपा का कद संघ से बड़ा बताने की कोशिशें हुई थी, जिसके चलते संघ व भाजपा के रिश्तों में कुछ कसक एवं खटास देखी गई। जिसका असर लोकसभा चुनाव में चार सौ पार के लक्ष्य पर पड़ा, उसके मूल में संघ कार्यकर्ताओं की उदासीनता रही है। बाद में दोनों के रिश्ते सामान्य होने के बाद हरियाणा, महाराष्ट,ऊ छत्तीसगढ़ एवं दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भाजपा को जो आशातीत सफलता हाथ लगी, कहा जा रहा था कि उसमें संघ कार्यकर्ताओं का समर्पण व सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण घटक रहा। अब संघ मुख्यालय में प्रधानमंत्री की यात्रा से यह तथ्य भी उजागर हुआ कि दोनों की रीतियों-नीतियों फिर से बेहतर तालमेल स्थापित हुआ है। इसका असर आने वाले दिनों में भाजपा अध्यक्ष के चुनाव में संघ की भूमिका को लेकर देखने को मिलेगा, ऐसा ही असर बदलते वक्त के साथ पार्टी के अन्य फैसलों पर भी नजर आ सकता है। आने वाले समय में भाजपा के लिये संघ का सहयोग पंजाब, केरल और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में अपनी जमीन मजबूत करने एवं जड़े जमाने में मील का पत्थर साबित होगा। इन राज्यों में संघ अपनी आधार भूमि को विस्तार दे रहा है। यानी दोनों अब सामंजस्य, सहयोग व सहजता के साथ आगे बढ़ेंगे। अर्थात भाजपा अब अपने वैचारिक एवं ऊर्जा स्रोत के साथ बेहतर तालमेल करके चलना चाहेगी। मोदी की नागपुर यात्रा के अनेक शुभ संकेत देखे जा रहे हैं, इसको औरंगजेब, राणा सांगा, संभल विवाद के बीच हिन्दुत्व की राजनीति को नई धार देने की कोई योजना के साथ जोड़कर भी देखा जा रहा है, नरेन्द्र मोदी और संघ प्रमुख मोहन भागवत की इस मुलाकात को 2029 के चुनावों की कोई नई पटकथा तैयार करने की पृष्ठभूमि में भी देखा जा रहा है।

## शख्सियत
बढ़ता राजस्थान


मनु थापर
(सहायक प्रशासनिक अधिकारी)

नमस्कार साथियों हमारी आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय अलवर में सहायक प्रशासनिक अधिकारी पद पर तैनात है राजस्थान मेडिकल सेवा इनके पिता श्री निर्मल कांत जी बहुत संस्कार वान व्यक्तित्व हैं। मनु थापर जी का जन्म 15 मार्च 1976 अलवर में हुआ। एजुकेशन भी अलवर से ही हुई।

14 सितंबर 1998 को सरकारी सेवाओं में आए। सबसे पहले - कनिष्ठ लिपिक लगे। 14 सितंबर 1098 से जुलाई 2007 तक टी बी क्लिनिक अलवर और 2007 से 2023 तक राजीव गाँधी सामान्य चिकित्सालय मे प्रमुख चिकित्सा अधिकारी कार्यालय मे अब मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय मे पोस्टिंग है और जिला कलेक्टर महोदय ने प्रमुख चिकित्सा अधिकारी के कहने पर और स्टाफ की कमी और हॉस्पिटल कॉलेज बनने पर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी ऑफिस मे प्रशासनिक अधिकारी के पद पर को सुशोभित कर रहे हैं। बहुत बेहतरीन इंसान है मनु थापर हर किसी से मिलान सरिता से और मुस्कुराते हुए चेहरे के साथ बात करते हैं लोगों की भावनाओं को समझ कर उसके अनुरूप उनका निवारण करने का प्रयास करते हैं शायद ही कोई इंसान होगा जो उनके व्यवहार से परिचित नहीं होगा मेडिकल लाइन के सभी अधिकारी और कर्मचारी उनके व्यवहार के फैन हैं दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।

रूपक शर्मा

## 2025_087
बढ़ता राजस्थान

Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | 9 | | | | 1 | 5 | 8 |
| | 8 | 1 | 7 | | 9 | | | |
| 2 | 3 | 6 | | | | 9 | | 4 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | | 6 | | | |
| 9 | | 7 | | 3 | 8 | | 4 | 5 |
| 3 | 6 | | 9 | 7 | 5 | | 1 | 2 |
| | | | 6 | 9 | | 5 | 8 | 3 |
| 4 | 9 | | | 5 | 7 | 2 | | 1 |
| 6 | 5 | 3 | 8 | | | | | 7 |

Ans_2025_086

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 8 | 7 | 3 | 6 | 2 | 4 | 9 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 |
| 2 | 3 | 6 | 9 | 5 | 4 | 1 | 7 | 8 |
| 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 | 8 | 1 | 2 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 | 6 | 4 | 3 |
| 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 5 | 9 |
| 4 | 2 | 1 | 8 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 2 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 8 | 6 | 9 | 5 | 4 | 7 | 2 | 3 | 1 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
परिजन और मित्रों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजारेंगे। आज खर्च अधिक न हो, इस पर नियंत्रण रखें। हालांकि, दोपहर बाद किसी निवेश में ध्यान से पैसा लगाएं। नौकरीपेशा लोगों को साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा।

**वृष**
संतान के लिए चिंता रह सकती है। मैरिड कपल के बीच रोमांस बना रहेगा। सरकारी काम आसानी से पूरे होंगे। पार्टनरशिप के काम में लाभ मिलेगा। आज आपको हर मामलों में सावधान होना पड़ेगा।

**मिथुन**
आर्थिक दृष्टि से लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक परिस्थिति में भी सुधार दिखेगा। परिवार के साथ हंसी-खुशी में दिन बीतेगा। आज आपके मन में क्रोध और आवेश की भावना रहेगी। लोगों के साथ संभलकर बातचीत करें।

**कर्क**
स्वास्थ्य की दृष्टि से आज का दिन शुभ नहीं है। मन में चिंता रहेगी। परिजनों के साथ वाद-विवाद हो सकता है, परंतु दोपहर के बाद आपका मन खुश रहेगा। दोस्तों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। क्रोध करने से हानि होने की आशंका बनी रहेगी।

**सिंह**
नए काम की शुरुआत आज ना ही करें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रह सकती है। आर्थिक कामों में आज कोई अड़चन आ सकती है। रिश्तेदारों के मिलने से मन खुश रहेगा। व्यापार में भागीदारी के काम में आपको लाभ मिलेगा।

**कन्या**
शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। पूंजी निवेश करने वालों को चाहिए कि वे सावधानीपूर्वक पूंजी निवेश करें। नए कार्यों को प्रारंभ कर सकेंगे। आपके दिन का आरंभ शारीरिक और मानसिक स्वस्थता से होगा। आप खुश रहेंगे।

**तुला**
व्यापार में आप उत्साहपूर्वक काम करेंगे। सरकारी काम आसानी से पूरे होंगे। सामाजिक दृष्टिकोण से आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। धन के निवेश के लिए समय अनुकूल है। परिवार में संतान और पत्नी से आर्थिक लाभ होगा।

**वृश्चिक**
आपकी आज की सुबह आनंदप्रद और लाभप्रद रहेगी। व्यवसाय में लाभ होगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी प्रशंसा होगी। परिवार में भी आनंद का वातावरण रहेगा, परंतु दोपहर के बाद स्थितियां बदलेंगी। संतान के साथ मतभेद हो सकता है।

**धनु**
किसी बात की चिंता आपको हो सकती है। वाणी में संयम रखना होगा अन्यथा किसी से विवाद हो सकता है। ईश्वर का ध्यान और आध्यात्मिक विचार मन को शांति देंगे। आज आपका शारीरिक और मानसिक सेहत अच्छा रहेगा।

**मकर**
किसी मंदिर या धार्मिक जगह पर जाना हो सकता है। दांपत्य जीवन में सुख और आनंद मिलेगा। दोपहर के बाद परिजनों के साथ किसी कारणवश कोई कन्फ्यूजन हो सकता है। आपको मेहनत का उचित परिणाम नहीं मिलने से निराशा होगी।

**कुंभ**
आज विरोधियों और प्रतिस्पर्धियों के साथ वाद-विवाद में ना पड़ें। संतान के साथ मतभेद हो सकता है। दोपहर के बाद घर, कार्यालय या व्यापार स्थल पर अधिकारियों या सहयोगियों का व्यवहार नकारात्मक होगा।

**मीन**
आज आपको धन की आय कम और व्यय अधिक होगा। आंखों में दर्द रह सकता है। मानसिक चिंता भी रहेगी। वाणी में संयम बनाए रखें। किसी बात को लेकर उलझन में रह सकते हैं। दोपहर के बाद आपकी समस्या सुलझने लगेगी। शारीरिक अस्वस्थता रह सकती है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

समारोह में कृषि मंत्री ने लोक कलाकारों के साथ लगाए ठुमके

# साइबर अपराध और नशे की प्रवृत्ति से बचें युवा : डॉ. किरोड़ी

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** समाज को एकजुट होकर व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करना होगा। विशेष रूप से युवाओं को साइबर अपराध और नशे से दूर रहना होगा। मातृशक्ति ही अपने बेटे-बेटियों को अच्छे संस्कार देकर समाज को दिशा दे सकती है। यह बात मीणा समाज सेवा संस्थान के तत्वावधान में बालिका छात्रावास एवं लाइब्रेरी स्थल ठींगला में मत्स्य जयंती एवं होली मिलन समारोह में मुख्य अतिथि कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने कही।इससे पहले कार्यक्रम की शुरुआत मत्स्य भगवान की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। कन्हैया दंगल में डॉ.मीणा का स्वागत किया। इस दौरान महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली और जेसीबी से पुष्पवर्षा की। डॉ.किरोड़ी लाल मीणा ने कहा कि वे सवाईमाधोपुर की जनता के समर्थन से दो बार विधायक और मंत्री बने हैं। उन्होंने कहा कि एक वर्ष पूर्व उन्होंने अपना इस्तीफा दिया था, लेकिन सरकार ने अभी तक स्वीकृत नहीं किया। ऐसे में वे पुन: पूरे जोश के साथ जनता की सेवा करेंगे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. चंद्र प्रकाश मीणा एवं दीनदयाल मीणा मलारना चौड़ ने किया। इस अवसर पर मीणा समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष डॉ. बीएल मीणा, जिला प्रमुख सुदामा देवी, पंचायत समिति प्रधान निरमा मीणा, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष दीपक मीणा सहित कई मौजूद थे।

**लोकगीतों पर लगाए ठुमके :** समारोह में मंत्री ने लोक कलाकारों के साथ ठुमके लगाए और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लिया। मंत्री ने मातृशक्ति से समाज को नैतिक मूल्यों से सशक्त बनाने का आह्वान किया। इस दौरान राजा जालंधर और शंकर भगवान के युद्ध की कथा, हरदोल भगत की कथा और हनुमान कथा का संगीतमय वर्णन किया।

**समारोह में की घोषणाएं :** समारोह के दौरान डॉ. किरोड़ी ने मीणा समाज सेवा संस्थान से संचालित छात्रावास एवं लाइब्रेरी के लिए व्यक्तिगत रूप से 11 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की। किसानों के उत्थान के लिए जयपुर बस्सी क्षेत्र में उच्च उत्पादकता वाले किसानों के खेतों का भ्रमण कराने का आश्वासन दिया। जिले के किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों से अवगत कराने के लिए अधिकारियों से सहयोग का आह्वान किया। पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना के तहत डूंगरी पहाड़ी क्षेत्र में बड़े बांध के निर्माण की योजनाएं, जिससे जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। रणथंभौर सर्किल से भूरी पहाड़ी तक 809 करोड़ रुपए की लागत से सड़क निर्माण के प्रयास की घोषणा एवं 440 किलोवाट का पावर स्टेशन बनाकर सवाई माधोपुर जिले में बिजली समस्या के समाधान की पहल का आश्वासन दिया।

## नगरपालिका मालपुरा की 51 हजार 557 की जनसंख्या पर 40 वार्ड निर्धारित

35 से बढ़कर अब हुए 40 वार्ड, पार्षदी को आय का पद मानने वाले कतिपय पार्षदो के उड़े होश, नई सियासी जमीन तलाशने को मजबूर, कुछ पार्षदो को करारा जवाब देने के लिए जनता भी समय की प्रतिक्षा में

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** नगरपालिका मालपुरा के सीमा विस्तार के बाद कुल 51 हजार 557 की आबादी पर 40 वार्ड निर्धारित कर 17 अप्रैल तक आपत्तियां मांगी गई है। जिला कलक्टर टोंक की ओर से जारी एक सूचना में बताया गया कि स्वायत शासन विभाग की ओर ने अधिसूचना जारी कर नगरपालिका मालपुरा की सीमा विस्तार किया था। इस विस्तार के बाद वार्डो की सीमाओं का गठन का कार्य कर पूर्ण किया गया। नए वार्डो की सीमा निर्धारण के बाद वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार कुल 51 हजार 557 की जनसंख्या पर 40 वार्ड तय कर वार्डो की सीमाऐं निर्धारित कर दी गई। साथ ही निर्धारित वार्डो की सीमाओं के निर्धारित प्रपत्र को सार्वजनिक स्थानो पर चस्पा कर 17 अप्रैल तक आपत्तियां दर्ज करने का समय निर्धारित किया गया है। नगरपालिका मालपुरा के अब तक 35 वार्डो के स्थान पर 40 वार्ड हो गए। नए सिरे से वार्डा की सीमाओं के निर्धारण की जानकारी लगते ही पार्षदी का सपना देखने वाले नेताओं के होश उड गए। अब तक पार्षदी को सेवा के स्थान पर आय पद मानने वाले कतिपय पार्षदो के सपने चकनाचूर होते दिखाई दिए। अब पार्षद बनने का सपना देखने वाले नेता नई सियासी जमीन तलाशने को मजबूर है। पिछलें पांच सालो में पार्षदो की सीटो पर बैठकर अपने आपको नगरपालिका का मालिक समझने वाले व अपने गलत कामो को छिपाने की गरज से अब तक पालिका प्रशासन को अपने रोब में लेकर कार्य करने वाले कतिपय पार्षद नए सिरे से वार्डो का गठन होने के साथ चिन्ता में डूब गए। अब जब एक बार फिर जनादेश लेने मतदाताओं के पास जाने का समय आया देख कतिपय पार्षद अपनी अपनी सियासी जमीन तलाशने और नए सियासी क्षेत्र के मतदाताओं का सर्वे कर उनके नजदीक जाने के प्रयासो में जुट गए। लेकिन इन पार्षदो को पता नहीं है कि यह जनता है और सब जानती है। पिछले पांच सालो में जो कारनामे किए हैं वे सब जनता की निगाहो में है।

जनता अब पार्षदी को आय का पद मानने वाले कतिपय पार्षदो को समय आने पर करारा जवाब देने के लिए बस केवल मतदान वाले दिन का बड़ी बेसब्री से इन्तजार कर रही है। इस बार जनता ऐसे कतिपय पार्षदो को ऐसा करारा जवाब देगी कि परिणाम आने के बाद चारो खाने चित नजर आएगें।

## 110 मरीजो की जांच के बाद 29 का आपरेशन के लिए हुआ चयन




बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** रोटरी ब्लब मालपुरा सिटी के तत्वावधान में जिला अंधता निवारण समिति के सहयोग से आयोजित नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 110 मरीजो की जांच के 29 का आपरेशन के लिए चयन किया गया। मंगलवार को आदिनाथ धर्मशाला में आयोजित शिविर का सहायक प्रान्तपाल डॉ. अकिंत जैन, सचिव सुनील जैन, एडवोकेट रविकुमार जैन व शेरसिंह राजावत ने दीप प्रज्जलवित कर शुभारम्भ किया। शिविर में आई नेत्र विशेषज्ञ चिकित्सो के दल ने कुल 110 मरीजो की जांच की। जिसमें 29 मरीजो का आपरेशन के लिए चयन किया गया। सहायक प्रान्तपाल डॉ. ओंकिंत जैन व सचिव सुनील जैन ने बताया कि शिविर के दोरान 100 मरीजो को नि:शुल्क नेत्र चश्मो का वितरण भी किया गया।

शिविर में डॉ. राकेश जैन, डॉ. हरिशंकर पारीक, एडवोकेट रमेश पारीक सभी अन्य सभी सदस्य मौजुद रहे।

आखिर दिल है हिंदुस्तानी, कनाडा में रहकर भी अपनी मिट्टी से जुड़ाव

## नलिनी फाउंडेशन के अध्यक्ष राधे गोविंद माथुर द्वारा चौथ का बरवाड़ा में वाटर कूलर स्थापित, ईद पर शरबत वितरण, शिक्षा और महिला स्वास्थ्य पर भी जोर







बढ़ता राजस्थान

**चौथ का बरवाड़ा (चेतन परिहार)।** नलिनी फाउंडेशन के अध्यक्ष राधे गोविंद माथुर ने चौथ का बरवाड़ा में सब्जी मंडी के पास स्थित बालाजी मंदिर परिसर में एक वाटर कूलर स्थापित करवाया है। यह पहल गर्मी के मौसम में राहगीरों और श्रद्धालुओं को शीतल जल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है। इसके साथ ईद के अवसर पर नलिनी फाउंडेशन द्वारा ईदगाह परिसर में शरबत वितरण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने भाग लिया और शरबत ग्रहण कर त्योहार की खुशियां मनाईं।

इस अवसर पर वर्तमान में कनाडा रह रहे नलिनी फाउंडेशन के अध्यक्ष राधे गोविंद माथुर ने बताया कि , नलिनी फाउंडेशन हमेशा से ही समाज सेवा के कार्यों में तत्पर रहा है। वाटर कूलर की स्थापना और शरबत वितरण कार्यक्रम इसी दिशा में एक छोटा सा प्रयास है। हमारा उद्देश्य है कि सभी लोग गर्मी में राहत महसूस करें और आपसी भाईचारे को बढ़ावा मिले।

राधे गोविंद माथुर ने यह भी बताया कि नलिनी फाउंडेशन शिक्षा के क्षेत्र में भी सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है और जरूरतमंद छात्रों को छात्रवृत्ति प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, फाउंडेशन महिला स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने और महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में भी प्रयासरत है। स्थानीय लोगों ने नलिनी फाउंडेशन के इस प्रयास की सराहना की और राधे गोविंद माथुर को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि वाटर कूलर लगने से राहगीरों को काफी सुविधा होगी और ईद के अवसर पर शरबत वितरण से त्योहार का माहौल और भी खुशनुमा हो गया । शिक्षा और महिला स्वास्थ्य के क्षेत्र में फाउंडेशन के प्रयासों की भी लोगों ने सराहना की।

### अपनी गांव की मिट्टी से प्यार




फिनकॉर्प कंपनी रेजर पे के सीईओ हर्षिल माथुर के पिता राधे गोविंद माथुर चौथ का बरवाड़ा में जन्मे है और 30 साल पहले चौथ का बरवाड़ा छोड़ चुके हैं । लेकिन आज भी अपने गांव की मिट्टी से प्यार उन्हें अनायास ही गांव खींच लाता है और अपने गांव के लिए वे लगातार कुछ ना कुछ करने का प्रयास करते रहते हैं ।पिछली जनवरी में भी चौथ माता मेले के दौरान लगातार तीन दिन तक चौथ का बरवाड़ा में रुक कर राधे गोविंद माथुर ने श्रद्धालुओं हेतु भंडारा लगाया और माता के मेले का भरपूर आनंद लिया।

रणथम्भौर सर्किल से जिला अस्पताल की ओर जाने वाली सड़क का मामला

## लोक अदालत का कड़ा रुख मुख्य सड़क से हटाएं अतिक्रमण

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिला मुख्यालय पर सार्वजनिक सड़कों पर नियमों को ताक में रखकर किए जा रहे अवैध निर्माण और अतिक्रमण को लेकर आखिरकार लोक अदालत ने भी कड़ा रुख अपना लिया है। गत दिनों लोक अदालत की ओर से इस संबंध में नगर परिषद आयुक्त को आदेश जारी किए हैं। गौरतलब है कि इस संबंध में सामाजिक कार्यकर्ता हरिप्रयाद योगी की ओर से लोक अदालत में परिवाद दायर किया था। इस पर सुनवाई करते हुए यह आदेश जारी किए हैं।

**यह था मामला :** दरअसल रणथम्भौर सर्किल से सामान्य चिकित्सालय तक 150 फीट चौड़ी सडक् मास्टर प्लान में दर्शाया गया है, लेकिन वर्तमान में इस सड़क पर नियमों को ताक पर रखकर सड़क सीमा के भीतर ही अवैध रूप से कई दुकानों और शोरूम का निर्माण कर लिया गया है। ऐसे में मास्टर प्लान के अनुसार जो सड़क 150 फीट की होनी चाहिए। वह वर्तमान में महज 50 फीट की रह गई है।

**पूर्व में जारी किए गए थे नोटिस :** लोक अदालत की ओर से सार्वजनिक निर्माण विभाग और नगर परिषद को इस संबंध में नोटिस जारी करके जवाब भी मांगा था, लेकिन इसके बाद भी दोनों विभागों की ओर से अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। ऐसे में अब लोक अदालत ने निर्माण को सड़क पर अतिक्रमण मानते हुए उसे हटाने के आदेश जारी किए हैं! शहर में अवैध निर्माण और अतिक्रमण के साथ साथ मास्टर प्लान की पालना नहीं करने को लेकर समाजसेवी हरिप्रसाद योगी ने लोक अदालत में जनहित याचिका दायर की थी। इसके बाद अब यह कार्रवाई की जा रही है।

## कांग्रेस ने किया था जाति और धर्म के नाम पर वार्डो का सीमांकन अब कांग्रेस की हालत 'खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे जैसी' : मानसिंह गुर्जर

बढ़ता राजस्थान

सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)। कांग्रेस के जिला प्रभारी पुष्पेंद्र भारद्वाज के वार्डो के सीमांकन पर दिए गए झूठे बयान पर भाजपा जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने पलटवार किया है, जिला मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा ने बताया कि जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने कहा कि कांग्रेस ने पिछली सरकार में जाति और धर्म के आधार पर वार्डो का सीमांकन किया था, भारतीय जनता पार्टी उनके इस गलत सीमांकन को जनता की सहमति से सही करने का प्रयास कर रही है, भारतीय जनता पार्टी देश में वन नेशन वन इलेक्शन के मूल सिद्धांतो पर कार्य कर रही है, जिससे देश में पैसे की और समय की बचत होगी होगी । जिलाध्यक्ष मानसिंह गुर्जर ने कांग्रेस के जिला प्रभारी के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि भाजपा का सीमांकन से कोई सरोकार नहीं है, भाजपा सरकार जिला प्रशासन के साथ मिलकर आमजन से राय लेकर जनमानस को ध्यान रखते हुए वार्डो का सीमांकन कर रही है, कांग्रेस का काम शुरू से ही भ्रम फैलाने का है, कांग्रेस का आरोप मिथ्या है, तर्क में कहे तो कांग्रेस अभी खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे जैसी स्थिति में है, लेकिन भारतीय जनता पार्टी जनमानस के निर्णय को पूरी पारदर्शिता के साथ पूरा करेगी ।

## सामाजिक कुरीतियों पर रोकथाम के लिए सदर माली समाज की आम पंचायत आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**टोंका (का.स.)।** सदर माली (सैनी) समाज टोंक की आम पंचायत सोमवार की अचलेश कुमार सैनी की अध्यक्षता में आयोजन किया गया, जिसमें सामाजिक कुरीतियों लेकर चर्चा रखी गई चर्चा में समाज ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि समाज में होने वाले मृत्यु भोज संबंधित कुरीति पर सर्वसम्मति से पाबंदी रखी गई व सामाजिक कार्यक्रम में मर्यादित वस्त्र पहनने पर निर्णय लिया तथा पंचायत में यह भी निर्णय लिया कि समाज में विवाह आदि में होने वाले व्यर्थ खर्चों पर रोक हेतु आगामी समय में पंचायत करवाई जाएगी जिससे समाज का विकास होगा जो भी समाज की निर्णय की अवहेलना करेगा वो समाज का दोषी होगा। आम पंचायत में रामप्रसाद बागड़ी कमलेश सिंगोदिया, रतिराम सैनी, सीताराम टांक भंवर चन्दमावाला इंजीनियर भैरूलाल सैनी, समीर रानोली, राहुल पार्षद, चौथमल पार्षद, रामअवतार टांक, राजेंद्र सांखला, सतू सरसवाल, सुभाष बागड़ी, भगवान जैतपुरिया, रामलाल घसीरिया, कालू सांखला, मुरारी गढ़वाल, प्रहलाद बाडीवाल, रमेश सैनी, रमेश बागड़ी, मोती राजदार, सीताराम मारोट्या, लादू कोतवाल, सूरज कोतवाल, मोहन बागड़ी, पप्पू कच्छावा, विष्णु सैनी, कमलेश पत्रकार आदि पंचगण मौजूद रहे ।

## श्री मूंदड़ा बालाजी के दरबार में श्रद्धालु ने चढ़ाया चांदी का छत्र एवं मुकुट

बढ़ता राजस्थान



**नटवाड़ा (नि.स.)।** नटवाड़ा कस्बे में स्थित श्री मूंदड़ा बालाजी मंदिर में श्रद्धालु ने भगवान के दरबार में चांदी का छत्र, मुकुट एवं पोशाक चढ़ाया। श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन कर चांदी का मुकुट व छत्र का पूजन करवाया। लादू लाल जाट ने बताया कि जाट परिवार की ओर से मन्नत पूरी होने पर दीप प्रज्वलित कर मंत्रोच्चारण के साथ चांदी का छत्र एवं मुकुट भगवान के चरणों मे अर्पित किया गया है।आचार्य मुकेश शर्मा के सानिध्य मे विश्व शांति एवं सभी के कल्याणार्थ भगवान के विशेष श्रृंगार के साथ श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना की। मंदिर में चढ़ाया गया श्री मूंदड़ा बालाजी मंदिर में इससे पहले भी सोने-चांदी के छत्र, मुकुट व अन्य चीजें दान के रूप में भक्त चढ़ाते रहते हैं और इसके अलावा और कई दान संबंधी कार्य करते रहते हैं। भगवान को मुकुट व छत्र चढ़ने के लिए गाँव की महिलाओं के द्वारा शोभा यात्रा में अपनी सहभागिता दी गई। बस स्टेंड से गाँव के मुख्य मार्ग होते हुए श्री मूंदड़ा बालाजी धाम तक गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर गणेश जाट, सीताराम जाट, रामरस जाट सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिरकत कर बढ़ाया मान

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय)।** नगरपालिका टोडारायसिंह के तत्वावधान में भारतीय नववर्ष व राजस्थान दिवस के मौके पर आयोजित में प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी व उनकी धर्मँवत्नी राधा चौधरी ने शिरकत आयोजको का मान बढ़ाया। बीति देर रात्रि आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेते हुए प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने कहा कि भारतीय नववर्ष सनातन धर्म का महान पर्व है। साथ ही भारतीय नववर्ष सनातनीयो के लिए भारतीय संस्कृति का परिचयक भी है। उन्होंने कहा कि आम जन को भारतीय नववर्ष के आयोजनो का हिस्सा बन कर अपने आपको गर्व सये सनातनी कहलाने का हक प्राप्त करना चाहिए। कार्यालय सचिव एडवोकेट अभिषेक पाराशर ने बताया कि कार्यक्रमू में सम्मनीय अतिथि के रूप में पालिकाध्यक्ष भरतलाल सैनी, जिला संघ चालक पुरूषोतम शर्मा, पूर्व पालिकाध्यक्ष सन्तकुमार जैन, प्रधान प्रतिनिधि रामचन्द्र गुर्जर, पूर्व शह अध्यक्ष अनिल भारद्धाज भी मौजुद रहे। कार्यक्रम में सुविख्यात भजन गायक छोटु सिंह रावणा ने सम्पूर्ण रात्रि भजनो की प्रस्तुती देकर मौजुद अपार समूह को झूमने पर मजबूर किया।

## जिले में नौ केन्द्रों पर 10 अप्रेल से शुरू होगी खरीद

सरसों व चने की बंपर आवक, प्रति किसान 40 क्विंटल होगी खरीद

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर (राकेश शर्मा)।** जिले में इस बार सरसों एवं चने की बंपर आवक होने से राजस्थान राज्य सहकारी क्रय-विक्रय संघ लिमिटेड (राजफैड) की ओर से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर चना व सरसों की खरीद 10 अप्रेल से शुरू होगी। इसके लिए एक अप्रेल से ऑनलाइन पंजीयन की प्रक्रिया शुरू होगी। इसके बाद 10 अप्रेल से जिले में बनाए गए नौ केन्द्रों पर चना व सरसों की खरीद शुरू होगी। इसके लिए क्रय-विक्रय सहकारी संघ ने तैयारियां शुरू कर दी है। सरकार ने इस बार प्रति किसान सरसों व चना की 40 क्विंटल की खरीद करने का निर्णय किया है, जबकि पिछले साल खरीद 25 क्विंटल रखी गई थी। ऐसे में पिछले साल की अपेक्षा इस बार प्रति किसान 15 क्विंटल की अधिक खरीद हो सकेगी।

**बनाए नौ केन्द्र :** सहकारी क्रय-विक्रय संघ लिमिटेड की ओर से चना व सरसों की खरीद के लिए जिले में नौ केन्द्र बनाए गए है। इनमें सवाईमाधोपुर में चकचैनुरा अमरूद मण्डी, चौथकाबरवाड़ा, बामनवास, बौंली, गंगापुरसिटी, खण्डार, भाड़ौती, बराहवण्डा कलां एवं बालेर केन्द्र शामिल हैं। किसानों को ऑनलाइन पंजीयन के लिए जनाधार कार्ड, बैंक की पासबुक, आधार कार्ड, गिरदावरी दस्तावेज लाना जरूरी है।

**इस बार चना व सरसों का अच्छा उत्पादन :** जिले में इस बार सरसों व चने की अच्छी बुवाई है। इस बार सरसों व चने का उत्पादन भी प्रति हैक्टेयर अच्छा होने के संकेत हैं।

# रोड निर्माण में राहत की अर्जी लेकर पहुंचे आमजन



बढ़ता राजस्थान

**तिजारा ( मुकेश शर्मा )।** तिजारा में अहिंसा सर्किल से बिजली घर तिराहे पर किए जा रोड निर्माण से पीड़ित आमजन ने अपनी भावनाओं से विधायक एवं संत बाबा बालक नाथ जी को अवगत कराया और मांग की कि रोड कि चौड़ाई 60 फिट रखी जावे तथा सीवर लाइन व जल सप्लाई कि लाइन पहले डाली जाय ताकि बार बार रोड को नहीं तोडना पड़े। विधायक महंत बाबा बालक नाथ जी ने दोनों ही बातों पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने का आस्वासन दिया। इस अवसर पर अनिल जाटव, बुधराम जाटव, इन्दर सिंह दहिया, जयसिंह सैन, गुलशन गुप्ता, कालूराम जाटव, राजेंद्र गुप्ता, सुबेसिंह जाटव, कृष्ण शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## नील गाय की हत्या के विरोध में धरना 6 को

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** अहिंसा प्रेमी भाई बहनों संसार के सबसे बड़े करुणावतार भगवान महावीर का 10 अप्रैल को हम सभी लोग महावीर जयन्ती पर्व मनाने जा रहे हैं। इस पावन अवसर पर अहिंसा धर्म की भावना से श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला प्रकोष्ठ और सभी जैन महिला संगठनों के द्वारा 6 अप्रैल 2025 रविवार प्रातः 10 से 12 बजे तक श्री आदिनाथ जैन मंदिर मन्नी का बढ के पास अहिंसा सर्किल पर वन्य प्राणी नीलगाय हत्या कानून वापस लेने की मांग को लेकर एक सांकेतिक धरने का आयोजन किया जाएगा। प्रभु महावीर के जियो और जीने दो व अहिंसा परमो धर्म के प्रति हम सबकी ये सबसे बड़ी भक्ति व भावांजलि होगी। प्रथम बार यह सांकेतिक धरनाण् नील गायों की हत्या कानून को वापस लेने के प्रति जैन महिला संगठनों द्वारा किया जा रहा है। जैन समाज के युवा समाजसेवी पवन जैन (चौधरी) ने सभी महिलाओं से और पुरुषों से भी अपील की है कि कृपया समय निकालकर धरने में अवश्य आए और भगवान महावीर के सिद्धांतों की अनुपालना करते हुए अनुमोदना करें। पूर्ण विश्वास है यह सांकेतिक धरना पूरे देश में अखबार की सुर्खियों पर छाएगा और राजस्थान सरकार तक हमारी आवाज अवश्य पहुंचेगी। आयोजक मंड़ल श्री दिगंबर जैन महासमिति महिला प्रकोष्ठ व सभी जैन महिला संगठन ने सभी से अपील की है कि इस धरने को सफल बनाएं।

## शहर की पेयजल संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु वॉर रूम स्थापित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन पर शहर की पेयजल संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण हेतु मिनी सचिवालय के कमरा नंबर 108 में वॉर रूम स्थापित किया गया है जिसके दूरभाष नम्बर 0144-2338000 हैं। अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वितीय योगेश कुमार डागुर ने बताया कि वॉर रूम अलवर शहर की पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु राजकीय अवकाश सहित 24 गुणा 7 निरन्तर कार्य करेगा।

# जिला कलक्टर ने ली विद्युत विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक

## निर्बाध विद्युत आपूर्ति कराने एवं पीएम सूर्यघर योजना से उपभोक्ताओं को लाभांवित कराने के दिए दिशा-निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मंगलवार को विद्युत विभाग के अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर ग्रीष्म ऋतु में निर्बाध विद्युत आपूर्ति हेतु जिले के विद्युत तंत्रा को सुदृढ करने एवं पीएम सूर्यघर योजना में शत-प्रतिशत घरेलू उभोक्ताओं को जोडने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि ग्रीष्म ऋतु में आमजन की विद्युत की मांग को दृष्टिगत रखते हुए विद्युत तंत्रा में किए जा रहे सुधारों में तेजी लाए। उन्होंने बजट में घोषणाओं की समीक्षा कर धरातल पर क्रियान्विति हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिये कि फील्ड मॉनिटरिंग व्यवस्था को मजबूत करें। आमजन की विद्युत से संबंधित शिकायतों का त्वरित निराकरण करावें। इसके लिए नियंत्राण कक्ष निरन्तर सक्रिय रहे। साथ ही पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता में वृद्धि करें, ढीले तारों को कसवाए, नए ट्रांसफार्मर लगाए एवं खराब ट्रांसफार्मरों को दुरूस्त करावे।

### जिले में विद्युत सुदृढीकरण का कार्य जारी

बैठक में जयपुर विद्युत वितरण निगम लि० के अधीक्षण अभियन्ता श्री सुधीर पाण्डे ने अवगत कराया कि विद्युत तंत्रा में सुधार हेतु शहर में पावर ट्रांसफार्मर की क्षमता में 21 एमवीए की वृद्धि की गई है। साथ ही अगले एक महीने में 16 एमवीए क्षमता के 2 नए 33/11 केवी जीएसएस शुरू करने की योजना तैयार की गई है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ताओं को सतत विद्युत सप्लाई बनाए रखने के उद्देश्य से अलवर शहर में 16 नए 11 केवी फीडर चालू किए गए हैं और 98 नए ट्रांसफार्मर विभिन्न कॉलोनियों में लगाए गए हैं। उपभोक्ताओं की विद्युत संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए शहर में 3 नए कॉल सेंटर बनाए गए हैं जो निरन्तर कार्यरत रहेंगे और शिकायतों के निराकरण के लिए शहर में 10 एफआरटी गाडियां भी कार्यरत हैं। बैठक में विद्युत विभाग के अधिशाषी अभियन्ता महेश देसवाल सहित सहायक अभियन्ता एवं संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।



### पीएम सूर्यघर योजना में रजिस्ट्रेशन पर दिया जोर

उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि योजना के तहत जिले में अभी तक 680 सोलर कनेक्शन जारी हुए हैं। इसमें गति लाकर और अधिक नए कनेक्शन जारी करावे। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि योजना से सभी घरेलू उपभोक्ताओं को जोडने के लिए कार्य योजना बनाकर उसे अमल में लाएं। इस योजना से लाभांवित होकर शून्य बिल का लाभ उठा रहे उपभोक्ताओं के अनुभव आदि के बारे में आम उपभोक्ताओं को अवगत करावे। उन्होंने निर्देश दिये कि सहायक अभियन्ता को निर्देशित कर कैम्प आयोजित कराकर योजना का अधिकाधिक प्रचार-प्रसार करें तथा आमजन को सोलर कनेक्शन कराने हेतु प्रेरित करें।

# भंवर साहब ने अलवर जिले के लिए किया वह किसी ने नहीं किया-रावत

## आगे फौज होती है कप्तान तो पीछे ही रहते हैं

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** अलवर जिले में कांग्रेस के आला पदाधिकारियों और कार्यकर्त्ताओं सहित पूर्व मंत्रियों की बैठक हुई। बैठक में सभी वक्ताओं ने अपने -2विचार रखे !बैठक में बोलते हुए राजस्थान की शेरनी कही जाने वाली आयरन लेडी पूर्व केबिनेट मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि अलवर जिले में कितने सांसद हुए उनमें सबसे ऊपर भंवर जीतेन्द्रसिंह का नाम है। जो भी विकास कार्य हुए हैं वे सब कांग्रेस के शासनकाल में हुए हैं। यदि आप चाहते हैं कि आपका जिला कलेक्टर खड़ा होकर सम्मान करे तो आपको पार्टी के लिए कार्य करना होगा। आप मेरे बारे में जानते हैं तो मैं भी आपके बारे में जानती हूँ!इसलिए हम सबको संगठित होकर कांग्रेस के हाथ मजबूत करने की आवश्यकता है। यहाँ प्रदेशाध्यक्ष सहित प्रतिपक्ष के नेता भी बैठे हैं!आपको समझना होगा कि सेनापति पीछे रहता है!आगे रहती है फौज !फौज सिर्फ दुश्मन का सर कलम कर सकती है पर बहादुरी का ख़िताब सेनापति को मिलता है!बैठक में पूर्व केन्द्रीय मंत्री व राष्ट्रीय महासचिव भंवर जीतेन्द्रसिंह, प्रतिपक्ष नेता टीकाराम जूली, पूर्व केबिनेट मंत्री शकुंतला रावत, एआईसीसी के सदस्य चिरंजी राव, पीसीसी प्रभारी फूलसिंह ओला, विधायक कान्ति मीणा, मांगीलाल मीणा, ललित यादव,दीपचंद खैरिया,जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा,पूर्व विधायक बलजीत यादव, कृष्णमुरारी गंगावत, इमरान खान, आर्यन जुबेर खान, उप जिलाप्रमुख ललिता मीणा,देव कसाना, रमेश खंडेलवाल, श्रीराम गुर्जर,स्वेता सैनी, विनोद कुमारी सांगवान प्रधान, भीमसिंह गुर्जर, राजेन्द्र रैगर,बानसूर नगर पालिका के मनोनीत पूर्व पार्षद डॉ नरेश सैन, रोशन लाल सैनी, मुकेश सैनी, यादराम गुर्जर, ब्लॉक अध्यक्षौँ, मण्डल अध्यक्षौँ सहित कांग्रेस पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों सहित पूर्व जनप्रतिनिधि मौके पर मौजूद रहे।



## अतिरिक्त जिला कलक्टर की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित

### आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए पेयजल व्यवस्था की प्रभावी मॉनिटरिंग एवं पेयजल सम्बन्धी शिकायतो के त्वरित निस्तारण हेतु स्थापित किया गया जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष



बढ़ता राजस्थान

**खैरथल-तिजारा, ( मुकेश शर्मा )।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों की साप्ताहिक समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

अतिरिक्त जिला कलक्टर शिवपाल जाट ने संपर्क पोर्टल पर लंबित चल रहे परिवादों का समय पर निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाने एवं एवरेज डिस्पोजल टाइम में सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने संपर्क पोर्टल पर विभागवार पेंडेंसी की समीक्षा करते हुए 30 दिवस से ऊपर लंबित परिवादों को निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागवार योजनाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए

उन्होंने आगामी ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए बिजली एवं पानी की व्यवस्था को सुचारू रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। जिस पर पीएचईडी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आगामी ग्रीष्म ऋतु में जिले की पेयजल व्यवस्था की प्रभावी मोनेटरिंग एवं पेयजल सम्बन्धी शिकायतो के त्वरित निस्तारण हेतु जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष (कन्ट्रोल रूम) कार्यालय अधिक्षण अभियन्ता, जन स्वास्थय अभियान्त्रिकी विभाग, वृत खैरथल में स्थापित किया गया है।

# विधायक सुखवंत सिंह ने गोविंदगढ़ अस्पताल का किया निरीक्षण, चिकित्सा जिला अधिकारी को ओर स्टाफ लगाने के दिये निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**गोविन्दगढ़ /अलवर ।** रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह ने मंगलवार को गोविंदगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया और अस्पताल में मौजूद स्वास्थ्य व्यवस्थाओं तथा कमियों पर अस्पताल प्रभारी एस के शर्मा ओर स्थानीय लोगो से चर्चा की । विधायक सुखवंत सिंह ने जच्चा बच्चा वार्ड, सामान्य वार्ड , स्टोर , मोर्चरी, ऑपरेशन थियेटर, बच्चा वोर्म्स वार्ड तथा आयुष भवन का निरक्षण किया। रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह ने बताया कि राजस्थान के यशस्वी मुख्यमंत्री एवम राजस्थान सरकार में स्वास्थ्य मंत्री जी की ओर से गोविन्द गढ़ कस्बे में सी एच सी हॉस्पिटल में 50 बेड स्वीकृत करने को लेकर धन्यवाद दिया और कहा कि राजस्थान सरकार चिकित्सा ,शिक्षा और अपराधियो पर लगाम लगाकर प्रदेश को आदर्श शासन देने का कार्य कर रही है। इसी के तहत गोविंदगढ़ अस्पताल पर अधिक ओपीडी दबाव के चलते मरीजो को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता था। गोविंदगढ़ अस्पताल में मात्र 30 बेड ही मौजूद थे जिसे बढ़ाकर हमारी सरकार ने 50 बेड कर दिए हैं जिससे लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े। क्षेत्र वासियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अस्पताल में किसी भी तरह की कोई कमी नहीं आने दी जाएगी जो भवन जीर्ण शीर्ण है उनको दोबारा से बनाया जाएगा और साफ सफाई, ऑक्सीजन सिलेंडर, ऑपरेशन थिएटर , मोर्चरी जो अभी बदतर हालात में है उन्हें ठीक कराने के निर्देश अधिकारियों को दे दिए है।



### साफ सफाई को बेहतर रखे,मरीज भी करे अस्पताल प्रसासन का सहयोग

विधायक सुखवंत सिंह ने अस्पताल में साफ सफाई को बेहतर रखने के निर्देश दिए विधायक ने कहा कि अगर साफ सफाई ठीक रखेंगे तो आधी बीमारी स्वतः ही समाप्त हो जाएगी अस्पताल प्रशासन सफाई का विशेष ध्यान रखें वहीं अस्पताल में आने वाले मरीजों से भी विधायक ने अपील की कि वह सफाई का ध्यान रखें और अस्पताल प्रशासन के साथ बेहतर तालमेल बनाए रखें। जिला अस्पताल में मिलने वाली सुविधाएं मरीजों को क्षेत्र में ही मिले इसके लिए हम प्रयास कर रहे हैं जो भी जरूरत अस्पताल को बेहतर बनाने के लिए होगी विधायक कोटे से और भामाशाहों की मदद से हम उन जरूरतो को जरूर पूरा करेंगे और क्षेत्र वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देने का हमारा संकल्प है। इस दौरान अस्पताल प्रभारी शिव कांत शर्मा अपने स्टाफ के साथ मौजूद रहे । तथा कस्बे वासी भी मौजूद रहे ।



# बीड़ा प्रशासन पहुंचा कॉलोनी में अतिक्रमण हटाने, लोगों ने कहा कार्रवाई के नाम पर केवल खाना पूर्ति

बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी ( मुकेश शर्मा )।** भिवाड़ी के बाईपास स्थित कॉलोनी में बीडीआई प्रशासन अतिक्रमण हटाने पहुंचे, घंटे तक चली कार्यवाही के दौरान केवल दिखावे की कार्यवाही की। कॉलोनी वासियों ने कहा सन 2012 से बीड़ा ने कार्यवाही के नाम पर केवल की खानापूर्ति। यदि इस बार नहीं उठाया कोई ठोस कदम तो बीड़ा कार्यालय के आगे धरना देंगे । इस मोके पर उपस्थित रहे बीड़ा प्रसासन व भिवाड़ी पुलिस प्रसासन व सोसाइटी वासी मौजूद रहे।

# राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग ने मनाया ‘प्रतिबद्धता दिवस’

## 1103 राज्य कर्मचारियों को 111.67 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान किया जारी

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग अलवर द्वारा कार्यालय में 1 अप्रैल को ‘प्रतिबद्धता दिवस’ के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम श्री मुकेश कायथवाल ने अलवर की प्रसिद्ध कलाकंद सेरेमनी के आयोजन का शुभारम्भ किया । कार्यक्रम में अलवर एवं खैरथल जिले के कुल 1103 राज्य कर्मचारियों को 111.67 करोड़ रुपए की राशि का भुगतान उनकी राज्य बीमा पॉलिसी के परिपक्व होने पर जारी किया गया है। अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री कायथवाल ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके दावों की भुगतान जारी किए। उन्होंने कहा कि इसी वर्ष सेवानिवृत हो रहे सभी कर्मचारियों के खाते में बीमा परिपक्व राशि का भुगतान प्राप्त हो जावेगा। उन्होंने कहा कि यह दिवस उन कर्मठ कर्मचारियों को समर्पित रहेगा, जिन्होंने विभागीय प्रक्रियाओं को सुचारू रूप से पूरा करने में योगदान दिया।

राज्य बीमा प्रावधायी विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. संजीव कुमार दास ने बताया कि विभाग द्वारा प्रत्येक वर्ष 1 अप्रैल को ‘प्रतिबद्धता दिवस’ के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप सेवानिवृत्ति के समस्त लाभ समय पर प्रदान करने की परंपरा को बनाए रखते हुए कर्मचारियों को उनकी वर्षों की जमा राशि का एकमुश्त भुगतान नो-रिफंड पॉलिसी के अंतर्गत किया जाता है।

राज्य बीमा संघ के प्रदेश अध्यक्ष ने बताया कि पूरे राजस्थान में 22 हजार 535 प्रकरण परिपक्व हुए, जिनमें 2389.37 करोड़ रुपए का भुगतान आज ही के दिन जारी किया गया। उन्होंने इस प्रक्रिया को प्रदेशभर में अपनाने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रतिबद्धता दिवस के अवसर पर अलवर की प्रसिद्ध मिठाई कलाकंद सेरेमनी से आयोजन की शुरुआत एक अभिनव प्रयास ओर कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने वाला कदम बताया।

कार्यक्रम के दौरान उपनिदेशक श्रीमती सुरभि चौधरी ने आगामी वर्षों में जीपीएफ राशि के समय पर भुगतान के लिए कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति से तीन माह पूर्व क्लेम आवेदन जमा कराने की अपील की, जिससे उन्हें सेवानिवृति के अगले दिन ही भुगतान प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि 20224 - 25 के वित्तीय वर्ष में कुल 129 करोड़ रुपए की जीपीएफ राशि सेवानिवृत्त कर्मचारियों को उनके सेवानिवृति के अगले कार्य दिवस पर जारी की गई। सहायक निदेशक श्री मनोज दीक्षित ने कार्यालय की समस्त प्रक्रियाओं पर विस्तृत जानकारी दी। श्री ठाकुर सिंह ने कहा कि प्रतिबद्धता दिवस केवल कार्य आदेश से नहीं, भावना ओर प्रतिबद्धता से ही श्रेष्ठ बनता है और अलवर इसका ज्वलंत उदाहरण है, जिसमें अलवर अग्रणी बना हुआ है।




## मेरा उद्देश्य क्षेत्र के लोगों के मुद्दे खास, निराकरण मेरा विश्वास : शेखावत

### 16वीं विधानसभा में जीते विधायकों में तारांकित तथा अतारांकीत सवाल करने वाले पहले विधायक बने

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** विधानसभा से 16वीं विधानसभा के चुनाव में निर्वाचित81 विधायकों मेंसे प्रश्नकाल के दौरान पूछे गए सवालों को लिखित में देने व लेने वाले पहले विधायक बने। वहीं बानसूर के सिंह कहे जाने वाले विधायक देवीसिंह शेखावत ने बताया कि मेरा कर्त्यव्य ही मेरा कर्म है। विधानसभा क्षेत्र में मुझे अपना सेवक चुना उसके लिए धन्यवाद कहने के लायक मेरे पास शब्दकोष ही नहीं है। मैंने राजपूती मर्यादा के अनुसार अपने क्षेत्र के लोगों के कल्याण के लिए कार्य किया है जो मेरा दायित्व बनता है!मैंने स्थानीय जनता पर कोई अहसान नहीं किया है। मेरा कर्म ही मेरा धर्म है यही तो गीता में लिखा है!शेखावत ने लिखित में सवाल जवाब कर विरोधियों सहित भाजपा व कांग्रेस के नवनिर्वाचित विधायकों के मुँह पर ताला लगा दिया है। देश के एक सबसे बड़े अख़बार ने विधायक देवीसिंह की बात को उजागर कर क्षेत्र की जनता में शेखावत का कद और बढ़ा दिया है!यह आमजन और देश का एक बहुत बड़ा अख़बार ग्रुप कह रहा है!वहीं भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष रामानंद दीक्षित ने उसके बारे में कहा कि आजादी से आज तक कोई विधायक ऐसा नहीं हुआ जिसने इतने प्रश्न पूछकर आमजन के हित की बात की हो।



# कोचिंग रेगुलेशन बिल को अगले सत्र की शुरुआत से 42 दिन के भीतर पारित कराना होगा, यह कोचिंग विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए : देवनानी

## - कोटा आगमन पर विधानसभा अध्यक्ष ने दिए पत्रकारों के सवालों के जवाब
## - सदन में अमर्यादित भाषा पर जताई चिंता, कहा-अनुशासन की पालना जरूरी

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि कोटा के कोचिंग विधार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए ही राजस्थान सरकार कोचिंग रेगुलेशन बिल लेकर आई है। विधानसभा में चर्चा के दौरान इसमें और सुधार की आवश्यकता को देखते हुए इसे प्रवर समिति को भेजा गया है। नियमानुसार अगला सत्र जब भी होगा, उसके शुरू होते ही इस बिल को 42 दिनों के अंदर पारित करवाना होगा।



विधानसभा अध्यक्ष देवनानी यहां सर्किट हाउस में पत्रकारों के सवालों के जवाब दे रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि यह कोचिंग बिल जनहित से जुड़ा हुआ आवश्यक बिल है। मुझे पूरा विश्वास है कि विधानसभा में इस बिल पर गम्भीरता से सकारात्मक चर्चा होगी। इसी क्रम में लोकसभा व विधानसभा में अमर्यादित भाषा का उपयोग होने पर देवनानी ने कहा कि देश के करोड़ों लोग अपना वोट देकर जनप्रतिनिधियों को लोकसभा व विधानसभा में भेजते हैं। आमजन संसदीय कार्रवाई ऑनलाइन देखते हैं। ऐसे में सभी दलों के जनप्रतिनिधियों को चाहिए कि सदन में नियमों की पालना हो, अनुशासन हो एवं भाषा पर नियंत्रण हो। ये सभी के सकारात्मक सहयोग से सही संभव है। इससे लोकतंत्र की प्रतिष्ठा बढ़ेगी एवं जनप्रतिनिधियों का जनता के बीच विश्वास भी बढ़ेगा।

**चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही राजस्थान का हुआ था गठन :** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर राजस्थान दिवस मनाए जाने के सवाल पर देवनानी बोले कि भारत में सनातन संस्कृति बहुत पुरानी है। प्रधानमंत्री मोदी के आने के बाद सनातन संस्कृति के प्रति लोगों में जुड़ाव बढ़ता जा रहा है। देश विश्वगुरु बनने की ओर अग्रसर है। जिस दिन राजस्थान बना, उस दिन चैत्र शुक्ल प्रतिपदा ही थी। इसलिए वर्तमान सरकार ने चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर ही राजस्थान दिवस मनाए जाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर पूरे राजस्थान में कई स्थानों पर रैलियां निकाली गईं। लोगों ने उत्साह के साथ इसे मनाया है। वक्फ बोर्ड बिल पर एक प्रश्न का जवाब देते हुए देवनानी ने कहा कि यह बिल सलेक्ट कमेटी के पास है। यह कमेटी बिल को सदन में पेश करेगी। निश्चित रूप से सदन में इस पर सकारात्मक चर्चा होगी।

**ये भाजपाई भी रहे मौजूद :** इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष हेमंत विजय, डॉ. एलएन शर्मा, पंकज मेहता, बारां के वरिष्ठ नेता आनंद गर्ग, जिला मंत्री जयदेव सुखेजा, अशोक बादल, मीडिया संयोजक अरविंद सिसोदिया, सोशल मीडिया से रजनीश राणा, पार्षद संदीप नायक, स्टेशन मंडल अध्यक्ष दिनेश सरसिया, दादाबाड़ी मंडल अध्यक्ष लव आजाद, केशवपुरा मंडल अध्यक्ष दीनू बंजारा, विज्ञान नगर मंडल अध्यक्ष संजय त्रिपाठी, रेलवे कोलोनी मंडल अध्यक्ष महेन्द्र निर्भय, छावनी मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र मेघवाल, नयापुरा मंडल अध्यक्ष संजय समीर सैनी, रामपुरा मंडल प्रतिनिधि महेन्द्र गर्ग, ओबीसी मोर्चा से अमित उराडिया, प्रदीप राठौर, रजत जैन, पूर्व मंडल अध्यक्ष रमेश शर्मा चाचा, मुकेश चावला, महावीर शर्मा, सत्यनारायण पारीक, विजय यादव, जगदीश नायक भैया, रवि बंजारा, अमन अखरिया आदि भी मौजूद रहे।

# जिला कलक्टर ने इन्द्रगढ़ में लिया बीजासन माता मेला व्यवस्थाओं का जायजा

## दर्शनार्थियों के लिए सभी आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी,( नि.स. )।** जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने मंगलवार को इन्द्रगढ़ में आयोजित हो रहे बीजासन माता मेले को लेकर की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि दर्शन के लिए आने वाले यात्रियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। मेला स्थल पर पार्किंग व्यवस्था सुचारू रहें और साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर रखा जाएं। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण व वन विभाग के अधिकारियों को सड़क के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान आमजन द्वारा मोबाइल नेटवर्क नहीं आने की समस्या से जिला कलक्टर को अवगत कराया गया, इस पर उन्होंने समस्या का समाधान करने का भरोसा दिलाया। उन्होंने निर्देश दिए कि मंदिर क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरों से व्यवस्थाओं की निगरानी रखी जाए। इसके लिए कंट्रोल रूम में लगाए गए कार्मिक पुरी मुस्तैदी के साथ नजर रखें। यात्रियों की सुरक्षा के लिए लगाया गया पुलिस जाब्ता पुरी सतर्कता बरतें। इसके अलावा कंट्रोल रूम में मौजूद मेडिकल टीम सभी आवश्यक व्यवस्था के साथ मुस्तैद रहें। यात्रियों के लिए पेयजल आदि के समुचित प्रबंध रहे। बीजासन मेले का जायजा लेने के बाद जिला कलक्टर ने लाखेरी के रामधन चौराहे पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रखने के संबंध में संबंधित अधिकारी को भी आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत मेला स्थल व आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहें। यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखा जाए, ताकि यात्रियों को किसी तरह की परेशानी नहीं हो। निरीक्षण के दौरान उपखंड अधिकारी लाखेरी भावना सिंह, पुलिस उपाधीक्षक नरेन्द्र नागर तहसीलदार इन्द्रगढ़ राजेन्द्र मीणा सहित मंदिर समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# दुपहिया वाहन चुराने वाला शातिर वाहन चोर गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बजाज नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर को गिरफ्तार किया है और उसके पास से दो चोरी के दुपहिया वाहन भी जब्त किए गए है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपित चोरी के मामले में पहले भी कई बार जेल भी जा चुका है। इसके अलावा आरोपित नशा करने का आदि है और नशा पूर्ति के लिए वाहन चोरी करता है। फिलहाल आरोपी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व तेजस्वनी गौतम ने बताया कि बजाज नगर थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुपहिया वाहन चुराने वाले एक शातिर वाहन चोर अनिल कश्यप निवासी मैनपुरी (उत्तर प्रदेश) हाल मुहाना जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने उसके पास से दो चोरी के दुपहिया वाहन भी बरामद किए है। पुलिस पूछताछ में और भी कई वारदातें खुलने की आशंका जताई जा रही है।

# शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री दिलावर आज लेंगे पंचायती राज विभाग की समीक्षा बैठक

## दो चरणों में होगी कोटा संभाग के चारों जिलों की बैठक, जनप्रतिनिधि व अधिकारी शामिल होंगे

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर बुधवार, 2 अप्रेल को सुबह 11 बजे से यूआईटी ऑडिटोरियम में कोटा संभाग के पंचायती राज विभाग के जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की बैठक लेंगे। कोटा और बारां जिले की बैठक सुबह 11 बजे से 1 बजे तक तथा बूंदी एवं झालावाड़ जिले की बैठक अपराह्न 3 बजे से 5 बजे तक आयोजित होगी। दो चरणों में आयोजित इस बैठक का मुख्य एजेंडा स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), घुमंतु जातियों को आवासीय भूखंड आवंटन तथा अन्नपूर्णा रसोई रहेगा। बैठक में कोटा संभाग के विधायक, जिला प्रमुख, उप जिला प्रमुख, प्रधान, उप प्रधान, जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, सरपंच/प्रशासक, मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, लेखा अधिकारी जिला परिषद कोटा संभाग, अधिशासी अभियंता एवं सहायक अभियंता, विकास अधिकारी, सहायक लेखा अधिकारी, अतिरिक्त विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी, समस्त ग्राम विकास अधिकारी, तकनीकी सहायक एवं समस्त स्वच्छता प्रभारी मौजूद रहेंगे।

# कोटा सिटी राउंड टेबल 358 संस्था सरकारी स्कूल में करवाएगी चार कक्षा कक्षों का निर्माण

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग प्रदान करने और सरकारी विद्यालयों में सुविधाओं के विकास की दिशा में कोटा सिटी राउंड टेबल 358 संस्था ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है। संस्था की ओर से गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, बोरबास में चार नए कक्षा कक्षों के निर्माण के लिए मंगलवार को भूमि पूजन किया गया। नए कक्षा कक्षों के निर्माण से विद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों को अधिक सुविधाजनक एवं आधुनिक शिक्षा का वातावरण प्राप्त होगा। संस्था अध्यक्ष प्रांशुल कंजोलिया ने संस्था के अन्य सदस्यों के साथ विद्यालय में कक्षा कक्षों की नींव रख कर निर्माण कार्य की शुरुआत की। इनके निर्माण पर करीब 24 लाख रुपए खर्च होंगे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनोद मिश्रा ने राउंड टेबल 358 संस्था का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह पहल विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने में मील का पत्थर साबित होगी। इस कार्यक्रम में बोरबास ग्राम पंचायत के सरपंच अर्जुन गुंजल भी मौजूद रहे। उन्होंने कोटा सिटी राउंड टेबल 358 द्वारा सरकारी विद्यालयों में किए जा रहे इस तरह के कार्यों की सराहना की और कहा कि समाज के हर व्यक्ति को शिक्षा के क्षेत्र में योगदान देने के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने इस पहल को ग्रामीण शिक्षा के उत्थान के लिए एक प्रेरणादायक कदम बताया।



# आमजन को गर्मी से राहत देने के लिए अभी से हों इंतजाम, मौसमी बीमारियों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए भी कमर कस लें

## -साप्ताहिक समीक्षा बैठक में डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने अधिकारियों को दिए निर्देश, एडीएम सहित अन्य अधिकारी भी रहे मौजूद

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी दिनों में तेज गर्मी पड़ने की आशंका को देखते हुए आमजन को राहत देने के लिए अपनी कार्ययोजना तैयार करें। साथ ही मौसमी बीमारियों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य सम्बंधित विभाग कमर कस लें। जिला कलेक्टर डॉ. गोस्वामी साप्ताहिक समीक्षा बैठक को सम्बोधित कर रहे थे। जिला कलेक्टर ने आगे कहा कि गत वर्ष भीषण गर्मी के दौर में जिले में जनसहयोग से प्रभावी कार्य हुआ। इसी तरह इस बार भी विभिन्न संगठनों, संस्थाओं के सहयोग से गर्मी में आमजन और जीव जन्तुओं को राहत के लिए कार्य किए जाएं। नगर निगम रैन बसेरे स्थापित करें। कार्यालयों व प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर छाया पानी के इंतजाम हों। सभी कार्यालयों में छाया पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। डॉ. गोस्वामी ने यह निर्देश भी दिया कि केडीए एवं अन्य विभागों की निर्माणाधीन साइट्स पर मजदूरों के लिए छाया पानी और विश्राम की व्यवस्था एवं काम के घंटे मौसम के अनुरूप रखे जाएं। इसके साथ ही पशु-पक्षियों के लिए भी पानी की व्यवस्थाएं की जाएं। इनमें सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। पशुपालकों को गर्मी के मौसम में पशुओं की देखभाल एवं टीकाकरण आदि के लिए जागरूक किया जाए।



**दवाओं और जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित हो :** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि अस्पतालों में दवाओं और जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। लू-ताप घात एवं अन्य मौसमी बीमारियों की आवश्यकतानुसार पृथक वार्ड बनाए जाएं। एंटी लार्वा गतिविधियां तेज की जाएं। साथ ही विद्यालयों में डेमो के माध्यम से जागरूकता लाई जाए।

हॉस्टल भवनों में नियमित कूलर की सफाई कराई जाए। मौसमी बीमारी सम्भावित स्थानों पर पहले से ही विशेष सतर्कता बरती जाए।

**बैठक में ये अधिकारी भी रहे मौजूद :** इस साप्ताहिक बैठक में बजट घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा भी की गई। विभिन्न विभागीय अधिकारियों को बजट घोषणाओं की समयबद्ध प्रगति एवं समय पर कार्य पूर्णता के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में एडीएम प्रशासन मुकेश चौधरी, सीलिंग कृष्णा शुक्ला, एएसपी दिलीप सैनी, केडीए एवं नगर निगम आयुक्त सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# विधानसभा अध्यक्ष देवनानी शिक्षा मंत्री दिलावर के घर पहुंचे, भतीजे के निधन पर संवेदना व्यक्त की





बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी मंगलवार को कोटा में रंगबाड़ी योजना स्थित शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर के घर पहुंचे और शिक्षा मंत्री के भतीजे भंवरलाल दिलावर के निधन पर संवेदना व्यक्त की। राजस्व, उपनिवेशन एवं सैनिक कल्याण राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी, कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, जिला प्रमुख मुकेश मेघवाल, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन सहित अन्य ने भी शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर के घर पहुंचकर संवेदना व्यक्त की।

**स्वागत हुआ, गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया :** इससे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी के मंगलवार को कोटा सर्किट हाउस, पहुंचने पर कोटा दक्षिण विधायक संदीप शर्मा, भाजपा शहर जिलाध्यक्ष राकेश जैन, पूर्व जिलाध्यक्ष शहर हेमन्त विजयवर्गीय आदि पदाधिकारियों, कार्यकताओं व आमजन ने फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया। इससे पहले विधानसभा अध्यक्ष को सर्किट हाउस पहुंचने पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पूर्व कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रभुलाल सैनी ने भी विधानसभा अध्यक्ष से सर्किट हाउस में मुलाकात की।

## सरकारी राशियों का दुरुपयोग का मामला

# केशोरायपाटन पंचायत समिति में सरकारी भ्रमण में जनप्रतिनिधि के साथ प्रतिनिधि भी घूमने से सरकारी राशि का दुरुपयोग

## जिला प्रमुख के पति, विकास अधिकारी की पत्नी भी सरकारी खर्चे से घूमें

बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन/ बूंदी ( सुनील मेघवाल )।** केशोरायपाटन पंचायत समिति का एक मामला सामने आया है पंचायत समिति सदस्य देव किशन मीणा ने जांच की मांग हाल मे केशोरायपाटन विकास अधिकारी भानु प्रताप हाड़ा,की पत्नी और जिला प्रमुख के पति के साथ सरकारी चार दिन के विजिट पर गए इसमें पंचायत सदस्य देवकिशन मीणा ने आरोप लगाया कि सरकार की राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है इस से क्षेत्र में रोष है। भ्रमण मे प्रति व्यक्ति 14 हजार 500 रुपए सरकार ने खर्च किए थे प्रधान वीरेंद्र सिंह हाडा के साथ जैसलमेर के चार दिन के विजिट में गए थे ।पंचायत समिति सदस्य, सरपंच , कुछ अधिकारी जनप्रतिनिधि के साथ प्रतिनिधि भी साथ ले गए ।केशोरायपाटन पंचायत समिति सदस्य देवकिशन मीणा ने जिला परिषद सीईओ से मुलाकात कर इस मामले की जांच करवाने की मांग अपने चाहतों को सरकारी भ्रमण में ले जाकर सरकारी राशि का दुरुपयोग किया इस मामले की जांच करवाने की मांग की।



विकास अधिकारी की पत्नी , जिला प्रमुख के पति

# विश्व वानिकी दिवस : अकलंक कॉलेज के छात्रों ने जीती प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** विश्व वानिकी दिवस पर रामगढ़ विषधारी वन विभाग की ओर से आयोजित ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में अकलंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्राचार्य डॉ. आशा शर्मा के निर्देशन और व्याख्याता डॉ. रंजना गुप्ता के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता और वानिकी विज्ञान की जानकारी पर आधारित इस प्रतियोगिता में तीनों श्रेणियों में पुरस्कार जीते। प्रथम स्थान पर मोनिका गोचर, लक्ष्मी बैरवा और गौरव रहे। द्वितीय स्थान पर भूमिका विजय, गोकुल बैरवा, कुमकुम, खुशी जैसवाल और मुस्कान मीना रहे। तृतीय स्थान पर भानुप्रिया, संजना वर्मा, अश्विनी कुमार, खुशी जैन और भूमिका विजय रहे। वन विभाग ने विजेताओं को रामगढ़ विषधारी अभयारण्य में वन्यजीव सफारी कराई, जहां उन्होंने प्रवासी पक्षियों, सांभर और बाघ के पगमार्कों का अवलोकन किया। सफारी के दौरान वन संरक्षण, जैव विविधता और पारिस्थितिकी तंत्र पर विशेष प्रशिक्षण दिया गया। एसोसिएशन अध्यक्ष पीयूष बज और सचिव अनिमेष जैन ने इस उपलब्धि को पर्यावरण के प्रति बढ़ती जागरुकता का प्रतीक बताया। यह प्रतियोगिता हमारे विद्यार्थियों के लिए केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हमारा लक्ष्य केवल पाठ्य पुस्तकीय ज्ञान प्रदान करना नहीं, बल्कि हमारे विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति संवेदनशील बनाना है, ताकि वे आने वाली पीढ़ियों में यह जागरुकता फैला सकें।



# कोटा के डॉ. शुभम दाधीच को क्लिनिकल एक्सीलेंस सीनियर अवार्ड मिला

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** जयपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में कोटा के डॉ. शुभम दाधीच को क्लिनिकल एक्सीलेंस सीनियर अवार्ड से सम्मानित किया गया। सेहत साथी फाउंडेशन, विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी एवं राजस्थानी फिजियोथेरेपी क्लिनिशियन एसोसिएशन (आरपीसीए) के संयुक्त तत्वावधान में इंमप्लस इंटरनेशनल स्पोर्ट्स रिहेबकान का आयोजन विवेकानंद ग्लोबल यूनिवर्सिटी, जयपुर में किया गया। इस आयोजन में देश-विदेश के नामी फिजियोथेरेपिस्ट ने हिस्सा लिया। इंपल्स के संस्थापक डॉक्टर अविनाश सैनी एवं डॉ. हेमंत कुमार गुर्जर ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता राजस्थान स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (आरयूएचएस) फिजियोथैरेपी की पूर्व डीन डॉक्टर सुनीता शर्मा ने की।आयोजन के दौरान अवार्ड सेरेमनी का आयोजन हुआ। इसमें फिजियोथेरेपी क्षेत्र के उत्कृष्ट योगदान करने वाले फिजियोथेरेपिस्ट को सम्मानित किया गया।

# कृषि विभाग की टीम ने अवैध गोदाम पर मारा छापा, 8 हजार 668 यूरिया के बैग जब्त

## कृषि आयुक्त चिन्मयी गोपाल के निर्देशन में हुई कार्यवाही, कृषि यूरिया की कीमत 300 रूपए व औद्योगिक यूरिया की कीमत 2270 रूपए, किसानों से लाखों रूपए लूटने की थी तैयारी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** कृषि आयुक्त चिन्मयी गोपाल के निर्देशन में कृषि विभाग का गुण नियन्त्रण अभियान उच्च गुणवत्ता का खाद बीज वितरण करने के उद्देश्य से निवाई में कृषि आयुक्तालय के गुण नियन्त्रण विभाग के संयुक्त निदेशक के. के. मंगल व जिला उर्वरक निरीक्षकों की संयुक्त टीम ने कार्यवाही करते हुए झिलाय रोड पर यूरिया के अवैध भण्डारण पर कार्यवाही करते हुए 8 हजार 668 यूरिया के बैग जब्त कर सीज कर दिया। संयुक्त निदेशक कृषि गुण नियंत्रण केके मंगल ने बताया कि किसानों को उच्च गुणवत्ता के कृषि आदान उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है। कृषि विभाग की टीम ने मंगलवार को सहायक निदेशक रामनिवास जाट एवं कृषि अधिकारी डा. मुकेशकुमार जाट की टीम ने निवाई में झिलाय रोड पर अवैध रूप से एक गोदाम में खाद व अन्य



उर्वरकों के भण्डारण पर कार्यवाही की गई है। कार्यवाही के तहत गोदाम से 4 हजार 218 भरे हुए टेकिनकल यूरिया के बैग व 4 हजार 450 खुले हुए बैग जब्त किए हैं। उन्होंने बताया कि यूरिया पर सरकार की ओर से 75 प्रतिशत से अधिक सब्सिडी दी जाती है। गोदाम में कृषि यूरिया को औद्योगिक बैगों में भरा जा रहा था और ऊंचे दामों में बेचने की तैयारी थी। उन्होंने बताया कि कृषि आयुक्त के निर्देशन पर राज्य के कृषकों को उचित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कार्यवाही लगातार जारी रहेगी। कृषि विभाग द्वारा किसानों को उच्च गुणवत्ता के कृषि आदानों उपलब्ध कराने को लेकर खरीफ मौसम से पूर्व सघन गुण नियन्त्रण अभियान भी अविलम्ब चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि उक्त गोदाम बिना लाईसेंस व बिना नक्शा पास करवाए उपयोग किया जा रहा था। संयुक्त निदेशक ने बताया कि गैर कृषि कार्यो में यूरिया का उपयोग करने वाले विक्रेताओ के प्रतिष्ठान के वैध अनुज्ञापत्र की जांच, गोदाम का अनुज्ञापत्र में सम्मिलित होना, विक्रय परिसर पर मूल्य सूची एवं स्टॉक स्थिति का दृश्य स्थान पर प्रदर्शन, स्टॉक रजिस्टर निर्धारित प्रपत्र में संधारण एवं अनुज्ञापत्र प्राधिकारी या अधिसूचित प्राधिकारी द्वारा प्रमाणित होना, स्टॉक रजिस्टर नवीनतम तिथि तक संधारण, स्टॉक रजिस्टर का बैलेन्स, परिसर में उपलब्ध माल समान होना, स्टॉक रजिस्टर एवं क्रय बिलों का मिलान, आदान विक्रय की बिल बुक निर्धारित प्रपत्र में संधारण की जांच की एवं व्यापारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। संयुक्त निदेशक मंगल ने निर्देशित किया कि किसानों को कृषि आदान विक्रेताओं को पक्का बिल अवश्य दें। जानकारी के अनुसार कृषि यूरिया के बैग की कीमत करीब 300 रूपए है जबकि औद्योगिक यूरिया बैग की कीमत करीब 2270 से अधिक है।

# राजा सिद्धार्थ एवं भगवान महावीर का सजाया दरबार

## भगवान महावीर महोत्सव के चलते घर घर हुआ मंगलाचार

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** जैन समाज के श्रद्धालुओं द्वारा नसिंया जैन मंदिर के पास महावीर जयंती के महोत्सव के तहत शहर में घर घर मंगलाचार कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला एवं सुनील भाणजा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभांरभ विमला देवी, पंकज जैन, रेखा भाणजा, राजकुमारी गिन्दोड़ी एवं आरव जैन ने भगवान महावीर स्वामी के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम का मंगलाचरण प्रियंका पराणा, निकिता जैन, राशि जैन, सीमा जैन एवं गुंजन जैन ने सामूहिक नृत्य के साथ किया। उन्होंने बताया कि घर घर मंगलाचार कार्यक्रम में भगवान महावीर का दरबार, पालना झूलाया, राजा सिद्धार्थ के साथ सामूहिक नृत्य जैसे अनेक धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। महिलाओं ने भगवान महावीर स्वामी के गीतों एवं भजनों पर जमकर नृत्य किए। राकेश संघी ने बताया कि कार्यक्रम के अन्तर्गत मनीषा पहाड़ी, विनीता बगड़ी, मैना जैन, मंजू जैन, नीलम सोगानी, अर्चना सेदरिया, आभा जैन, आशा जैन, अनिता गोयल, राशि बोहरा, विमला पीपलू, अंजू जैन व रेखा जैन सहित कई महिलाओं एवं बालिकाओं ने भगवान महावीर स्वामी की महिमा पर सामूहिक घर घर मंगलाचार कार्यक्रम करके भगवान महावीर का महत्व बताया। इस अवसर पर सभी महिलाओं को भात कार्यक्रम वितरण किया गया। हितेश छाबड़ा ने बताया कि कार्यक्रम में राजा सिद्धार्थ एवं माता त्रिशला को नाटिका के माध्यम से दिखाया गया जिसको देखने श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा।

# रामनवमी शोभायात्रा 6 अप्रैल को

## उपखंड अधिकारी से शोभायात्रा की सशर्त मिली स्वीकृति, डीजे ,भडकाऊ भाषण, आदि के साथ आतिशबाजी पर प्रतिबंध रहेगा।

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** भुसावर उपखंड मुख्यालय पर गत वर्षो की भांति कोठी वाले हनुमान मंदिर से रामनवमी के अवसर पर आयोजित होने वाली रामनवमी शोभायात्रा का भुसावर उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा द्वारा आयोजन की स्वीकृति प्रदान की है एडवोकेट धनेन्द्र कुमार पाण्डेय पुत्र हरिदत्त पाण्डेय ब्राहम्ण निवासी रूपनगर कॉलोनी भुसावर ने उपखंड अधिकारी को प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर बताया कि 6 अप्रैल 2025 को शाम 4.00 बजे से रात्रि 8.00 बजे तक प्राचीन कोटी वाले हनुमान मंदिर से कानूनगों मौहल्ला, अनाज मण्डी, मुख्य बाजार, सपाट, बस स्टैण्ड से होते हुए वापिस कोठी वाले हनुमान मन्दिर पर आयेगी। उपखंड अधिकारी द्वारा भुसावर थाना अधिकारी से जांच कराई। थानाधिकारी ने अपनी जांच रिपोर्ट में अवगत कराया है कि शोभायात्रा में करीब 600 व्यक्तियों शामिल होने की संभावना है। थाना भुसावर की रिपोर्ट को मद्देनजर रखते हुए शोभायात्रा राजस्थान ध्वनि नियंत्रण अधि 1963/1964 के प्रावधानों एवं माननीय उच्चतम न्यायालय के आदेश अनुसार ध्वनि प्रसारित करने वाले उपकरणों का उपयोग निर्धारित डेसीबाल एवं समय सीमा में ही किया जायेगा। रामनवमी शोभायात्रा में डी.जे. का प्रयोग नहीं किया जावेगा। अश्लील प्रदर्शन में कोई ऐसा क्रियाकलाप नहीं करें या भाषण न दें जिससे जाति विद्वेष तथा साम्प्रदायिक या धार्मिक असौहार्द पैदा हो या असामाजिक भाषण एवं उत्तेजनात्मक नारों का प्रयोग नहीं करे जिससे शान्ति एवं कानून व्यवस्था भंग होने की संभावना हो। रामनवमी शोभायात्रा दिनांक 06.04.2025 को निर्धारित समय पर ही करे। समय का पूर्णरूपेण पालन किया जावे। रामनवमी शोभायात्रा में किसी प्रकार के विस्फोटक पदार्थ, हथियार एवं धारदार वस्तुओं का प्रयोग व प्रदर्शन नहीं किया जाये।

# अपहरण कर ज्यादती करने का आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**निवाई (का.स.)।** निवाई थाना पुलिस ने अपहरण कर ज्यादती करने एवं पीड़िता की फोटो व वीडियो वायरल करने के दर्ज प्रकरण में कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के आदेशों पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बृजेंद्र सिंह भाटी व डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा के निकट सुपरविजन में दर्ज प्रकरण में आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए थानधिकारी के नेतृत्व में कानि.मुकेश कुमार, विनोद कुमार, आसाराम व राजेश की टीम गठित की गई। गठित टीम ने आरोपी के गंगापुर सिटी सहित कई अन्य स्थानों पर दबिश दी। लेकिन आरोपी शातिर होने के कारण पुलिस के चंगुल में नहीं आया। टीम को आरोपी के जामडोली जयपुर में होने की जानकारी मिली। इस पर टीम तत्काल मौके पर पहुंचकर आरोपी को डिटेन किया और गिरफ्तार कर लिया।

# जांगिड़ समाज के जिलाध्यक्ष का नामांकन 11 मई को

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण समाज के जिलाध्यक्ष के चुनाव को लेकर नामांकन फार्म 11 मई को श्री विश्वकर्मा मंदिर चतुर्भुज तालाब पर भरे जाएग। चुनाव 25 मई को सम्पन्न होगे। जिलाध्यक्ष बद्रीलाल बिडोली व जिला मिडिया प्रभारी कृष्णकुमार जांगिड ने बताया कि मुख्य चुनाव अधिकारी बंसत कुमार जांगिड़ जयपुर के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष चुनाव में नामांकन भरने वाले सदस्य अपने निम्न दस्तावेज तैयार कर लें।

# योग व नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर संपन्न

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** श्री मंगल आरोग्य धाम नेचुरोपेथी हॉस्पिटल के तत्वावधान में योग व नि:शुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। योग प्राकृतिक चिकित्सक डॉ.रविकांत शर्मा ने बताया कि सुबह 7 से 9 बजे तक गांव गुंसी में रामाज रिसोर्ट के सामने योग व निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें युवक व युवतियों को योगा की जानकारियां देते हुए उनको विशेष चिकित्सा परार्मश दिया गया।

# आर्ष कन्या गुरुकुल में प्रवेश परीक्षा 7 अप्रैल से

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** भुसावर आर्यसमाज प्रांगण में संचालित आर्ष कन्या गुरुकुल में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन 7 अप्रैल, 15 अप्रैल एवं 24 अप्रैल को प्रात: 10 बजे से मध्याह्न 2 बजे तक आयोजन किया जायेगा! आर्ष कन्या गुरुकुल के अधिष्ठा हरिकृष्ण शास्त्री के अनुसार कन्या गुरुकुल में आर्य समाज संस्कृति अनुसार अध्ययन कराया जाता है।

# महिलाओं व युवतियों ने गणगौर पर ईसर गौर की पूजा पति की लंबी उम्र व युवतियों ने अच्छे वर की कामना की

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** बयाना में गुरुवार को गणगौर महोत्सव धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। महिलाओं और युवतियों ने सोलह श्रृंगार कर घरों व मन्दिरों में गणगौर माता की सामूहिक पूजा-अर्चना की। सुहागिन महिलाओं ने अखंड सौभाग्य और सुख-समृद्धि की कामना की। कुंवारी कन्याओं ने अच्छे वर की प्राप्ति के लिए आशीर्वाद मांगा।

गणगौर माता को गुणे शक्कर पारे का भोग लगाया गया। श्रद्धालुओं ने व्रत कथा का श्रवण किया। छोटी बालिकाओं और महिलाओं ने दूल्हा-दुल्हन का वेश धारण किया। जगह-जगह ईसर गणगौर की अगवानी की गई। नगला स्टोर निवासी गृहणी विमलेश, मीनू (छवि) अग्रवाल बताया कि यह त्योहार होलिका दहन के दूसरे दिन से प्रारंभ होता है। यह चैत्र कृष्ण प्रतिपदा से चैत्र शुक्ल तृतीया



तक 16 दिन तक चलता है। शीतलाष्टमी के बाद घर-घर गणगौर और बिनौरा देने की परंपरा शुरू होती है। महिलाएं पारंपरिक गीत 'नखराली महारी गणगौर' और मार्च महीना निकलेगी गणगौर गाती हैं। वे काजल, मेहंदी, हल्दी और सिंदूर की बिंदी लगाकर अमर सुहाग की कामना करती हैं। प्रतिदिन गणगौर की पूजा और श्रृंगार करती हैं। मंगल गीतों के साथ पति की दीर्घायु की प्रार्थना करती हैं। इस तरह भारतीय संस्कृति को जीवंत रखा जा रहा है। कार्यक्रम में महिलाओं ने ईसर गणगौर की बिनौरी निकाली और गीतों पर नृत्य किया।

# विद्युत ट्रांसफार्मर में लगी आग, करीब 20 मिनट तक आवागमन रहा बाधित



बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** झिलाय रोड़ पर स्थित कार्यालय के बाहर लगे हुए विद्युत ट्रांसफर में अचानक ही आग लग गई। जिससे अफरा तफरी मच गई। ट्रांसफार्मर में आग लगने की सूचना वार्ड पार्षद महेंद्र कुमार जैन ने अहिंसा सर्किल स्थित विद्युत विभाग कार्यालय पर पहुंचकर सूचना दी। तत्काल विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने विद्युत आपूर्ति को बन्द किया। ट्रांसफार्मर में भीषण आग की लपटें उठने लगी। आग लगने की सूचना नगर पालिका में फायर ब्रिगेड को दी। फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग को बुझाया। इस दौरान करीब 20 मिनट तक वाहनों की आवाजाही बंद हो गई। मौके पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। आग बुझाने के बाद विद्युत विभाग के कर्मचारी व एफआरटी टीम के लोग घटनास्थल पर पहुंचे।

# पुलिस प्रशासन से लापता को 3 अप्रैल तक तलाश करने की मांग



बढ़ता राजस्थान

**वैर / भरतपुर (गोपाल पाठक)।** एएसपी को पीड़ित परिवार एवं उनके समर्थकों ने ज्ञापन देकर लापता व्यक्ति को तलाश कर सौंपने की मांग की है तथा 3 अप्रैल तक यदि लापता को तलाश नहीं किया गया तो पीड़ित लोग जिला कलेक्टर कार्यालय पर धरना देंगे । पुलिस थाना वैर पर धरना दे रहे लोगों ने बताया कोर्ट में 26 मार्च को तारीख पेशी पर आये प्रहलाद पुत्र रमेश चंद्र जाति बैरवा निवासी हरिहर का नगला थाना वैर लापता हो गया जो आज तक अपने घर वापिस नही पहुंचा। पीड़ित परिवार के लोग 2 दिन से वैर थाने पर धरना देकर बैठे हैं व समाज के गणमान्य व्यक्ति भी धरना में शामिल है लेकिन दिनांक 1 अप्रैल 2025 तक पुलिस द्वारा लापता प्रहलाद के बारे में कोई सुराग नहीं लग पाया है। इसलिए वैर एडिशनल एसपी जय नारायण मीणा, तहसीलदार महेश चंद शर्मा थाना अधिकारी नरेंद्र सिंह राजावत से ज्ञापन में मांग की गई है कि 3 अप्रैल तक लापता प्रहलाद को बरामद कर वापिस घर वालों को सुपुर्द नहीं किया गया तो पीड़ित जिला कलेक्टर कार्यालय भरतपुर के यहां आंदोलन करने की मजबूर होगे। इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। धरना स्थल पर गिरिराज ,रघुपति सिंह, धनीराम, दूलेराम, रमेश, विजेंद्र सिंह, शिव चरण, आदि मौजूद रहे।

# बरोनी में आबादी क्षेत्र से बेरोकटोक तेज गति से गुजरते है बजरी के वाहन

## कभी की हो सकती है जनहानि ग्रामीणों ने की स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** बरोनी से शिवाड़ जाने वाला रोड स्टेट हाइवे 122 का निर्माण कार्य पूरा हो गया। जिससे गांव के आबादी क्षेत्र से बजरी के वाहन बेरोकटोक तेज गति से गुजरते है। जिससे कभी की जनहानि हो सकती है। ग्रामीण केदार चेची, आशाराम गुर्जर, नेनपाल मेम्बर, दिलीप गुर्जर, जितेन्द्र, राजेश, मुकेश, वीर सिंह व जय सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि बरोनी गांव घनी आबादी क्षेत्र है, गांव में अधिक घुमाव वाले मोड है, सीसी रोड पर वाहन चालक



ब्रेक कम लगते है व घनी आबादी से रात-दिन अवैध बजरी के ट्रक व ट्रेक्टर तेज स्पीड में दोडते है जिससे गांव मे दुर्घटना का डर बना हुआ है। बरोनी गांव के ग्रामीणों ने स्पीड ब्रेकर बनवाने की मांग की है।

# मदान बांध में 3 दिन में 100 मछलियों की मौत

## कचरा डालने से दूषित हुआ पानी, ऑक्सीजन की कमी से मौत

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर (सत्यप्रकाश अग्रवाल)।** कस्बे के मदान बांध में कॉलोनी में रह रहे लोगों द्वारा कचरा और अपशिष्ट डालने से गंभीर स्थिति उत्पन्न हो गई है। पिछले तीन दिनों में 100 से अधिक मछलियों की मौत हो चुकी है। क्योंकि बांध में पानी की आवक न होने से जलस्तर बहुत कम रह गया है। जिसकी वजह से बांध का पानी दूषित होने लग गया है। और आसपास के क्षेत्र में दुर्गंध के साथ मच्छर भी पनपने लगे हैं। जिसकी वजह से



मलेरिया, डेंगू जैसी बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। स्थानीय निवासी धर्मेंद्र गुर्जर और चन्द्रकांत गर्ग ने इस समस्या पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने प्रशासन से जलीय जीवों के संरक्षण के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की है। बयाना उप जिला अस्पताल के फिजिशियन डॉ. हेमेंद्र बंसल के अनुसार, गर्मी के मौसम में तालाब में कचरा डालने से पानी तेजी से सड़ने लगता है।

इससे जल में ऑक्सीजन का स्तर कम हो जाता है। तापमान बढ़ने से भी पानी में घुली ऑक्सीजन की मात्रा घटती है। ऑक्सीजन की कमी से मछलियां और अन्य जलीय जीव मरने लगते हैं। नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अंकुर जैन ने कहा है कि उन्हें मछलियों की मौत की कोई सूचना नहीं मिली है। उन्होंने आश्वासन दिया है कि मामले की जांच निफ्टी समाधान किया जाएगा।

# रक्तदान शिविर 6 अप्रैल को, पोस्टर का हुआ विमोचन

## रक्तदान से कई व्यक्तियों का जीवन बचाया जा सकता है रक्तदाता स्वयं भी स्वस्थ रहता है -राधेश्याम मीणा

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर (यतेन्द्र पाण्डेय)।** रक्तदान महादान है, रक्तदान करने से कई व्यक्तियों का जीवन बचाया जा सकती है , रक्तदाता स्वयं भी स्वस्थ रहता है। इसके लिए हमें स्वयं रक्तदान करते हुए अन्य लोगों को भी प्रेरित करना चाहिए। यह कहना है भुसावर उपखंड अधिकारी राधेश्याम मीणा का मीणा भारत विकास परिषद स्थानीय शाखा की ओर से 6 अप्रैल 2025 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आयोजित 13 शैक्षिक रक्तदान शिवा आईआर पोस्ट के विमोचन अवसर पर अपना उद्बोधन दे रहे थे। भारत विकास परिषद की स्थानीय शाखा की ओर से कस्बे के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आगामी 6 अप्रैल को आयोजित 13वें स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के




पोस्टर का विमोचन उपखण्ड अधिकारी राधेश्याम मीणा द्वारा किया गया। रक्तदान प्रकल्प प्रभारी नीरज शर्मा ने बताया कि डॉक्टर राजश्री मनीष मलिक के सौजन्य से आयोजित होने वाले रक्तदान सिविल के लिए आरबीएम हॉस्पिटल भरतपुर की ब्लड बैंक टीम रक्त संग्रहण करेगी । इस अवसर पर डा. राजश्री मलिक, हेमन्त पाण्डेय, अमित सिंघल, देवकीनंदन सोनी नीरज शर्मा श्याम सुंदर शर्मा, ताराचंद गोयल, बृजेश जिंदल, अशोक शर्मा, राजेंद्र गर्ग, दिलीप सिंघल, सौरव शर्मा, निक्कू सोनी, आदि से ब्लड बैंक टीम मौजूद रहे।

# 2 दिन से लापता बुजुर्ग की कुएं में गिरने की आशंका, प्रशासन द्वारा की जा रही है कड़ी मकसद

बढ़ता राजस्थान

**पीपलू (नि.स.)।** झिराना थाना अंतर्गत गांव जवाली में कैलाश यादव उम्र 60 वर्ष 2 दिन से लापता था परिजनों ने झिराना थाना में पहुंचकर गुमशुदी की रिपोर्ट दर कराई गई थी। वहीं परिजनों द्वारा तलाश करने पर नदी में बने एक कुएं पर कैलाश यादव की लाठी दिखाई दी गई जिसके चलते परिजनों ने ग्रामीणों के सहयोग से सोहरा डालकर



कुएं में ढूंढने की कोशिश की तो लापता युवक का कुएं मे उसका साफा नजर आया ग्रामीणों ने इसकी सूचना प्रशासन को दी गई जिसके चलते। प्रशासन ने एनडीआरएफ की टीम बुलाई गई उसको भी सफलता नहीं मिली लगातार टीम द्वारा प्रयास किया जा रहा है। कुएं से पानी निकालने के दौरान मिट्टी का रिसाव हो गया है। प्रशासन की सहायता से सुबह से लगातार तीन जेसीबी मशीन एलएनटी द्वारा निकालने की कोशिश की जा रही है। समाचार लिखे जाने तक कोई सफलता हासिल नहीं मिली।

इस दौरान पीपलू एसडीएम गणराज बडग़ोती, पीपलू तहसीलदार कैलाश चंद मीणा, झिराना थाना अधिकारी राजेंद्र ताड़ा, कैलाश भंडारी सहित कहीं प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

# विराट त्रिशूल दीक्षा एंव भजन संध्या नैनवां में 25 मई को

## डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया होगें मुख्य वक्ता, संत प्रकाश दास होगें भजन गायक



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल की बैठक एक नीजी स्कूल में आहूत की गई। बैठक में 25 मई को श्री गोपाल गौशाला में आयोजित होने वाले विराट त्रिशूल दीक्षा-धर्म सभा तथा भजन संध्या के कार्यक्रम की तैयारियो की समीक्षा की गई एंव कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन किया गया। सीताराम सैनी विभाग उपाध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल ने बताया कि धर्म सभा में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के अध्यक्ष डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया मुख्य वक्ता होंगे। सभा में 11000 युवक- युवतियों को डॉ प्रवीण भाई तोगड़िया त्रिशूल दीक्षा करवाएंगे। तत्पश्चात गौसेवार्थ भजन संध्या का आयोजन होगा जिसमें प्रख्यात भजन गायक संत प्रकाश दास महाराज अपने भजनों के माध्यम से गौ माता की महिमा का बखान करेंगे। बैठक को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रांत कार्याध्यक्ष घनश्याम सोनी, गुजरात-राजस्थान के क्षेत्रिय संगठन मंत्री रोहित भाई दर्जी, राष्ट्रीय बजरंग दल प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रजापति ने संबोधित किया। प्रत्येक गांव में हनुमान चालीसा केंद्र स्थापित करने तथा त्रिशूल दीक्षा एवं धर्म सभा कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र के प्रत्येक हिंदू परिवार से संपर्क करने की कार्य योजना तय की गई। । संभाग संगठनमंत्री बालकृष्ण गुर्जर, कार्यक्रम प्रभारी उमेश बजरंगी, राष्ट्रीय बजरंग दल जिला महामंत्री मुकेश कुमार, नैनवा तहसील अध्यक्ष उत्तम पांचाल, हिंडोली तहसील अध्यक्ष रामराज गुर्जर, जिला मंत्री नटवर शर्मा,महावीर नागर, कमलेश शर्मा, सचिन धाकड़, राम शंकर शर्मा, कालू लाल, जगदीश सैनी सहित संगठन के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संगठन विस्तार की दृष्टि से कई नवीन दायित्वों की घोषणा की हुई । रविसिंह शक्तावत को राष्ट्रीय बजरंग दल नगर अध्यक्ष, महेंद्र नोगिया को अ.हि. प. नगर मंत्री, लोकेश कुमार जैन को तहसील कोषाध्यक्ष,महेंद्र बैरागी को नगर उपाध्यक्ष,विशाल सामरिया को राष्ट्रीय बजरंग दल नगर महामंत्री, दीपक सैनी को मंत्री, अनिल नागर को गोसेवा प्रमुख,शुभम साहू, अरुण साहू, सीताराम गुर्जर को वार्ड अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

# आईपीएल सट्टेबाजी में बड़ा खुलासा जहाजपुर में पुलिस की दबिश, लाखों की आईडी समेत आरोपी गिरफ्तार



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** जहाजपुर पुलिस ने अवैध ऑनलाइन सट्टे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं। यह कार्रवाई पुलिस निरीक्षक राजकुमार के नेतृत्व में गठित टीम ने की।

घटना 30 मार्च 2025 की रात की है जब मांडलगढ़ एसएचओ जतिन जैन (आईपीएस प्रोबेशनर) को सूचना मिली कि कस्बा जहाजपुर में माहेश्वरी समाज के नोहरा क्षेत्र में एक व्यक्ति आईपीएल मैचों पर ऑनलाइन सट्टा चला रहा है। इस सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची। वहां देखा गया कि एक युवक मोबाइल फोन पर सट्टा खेलते हुए पाया गया। पुलिस को देखते ही वह घबरा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम जॉबाज खान पुत्र बाबू खान (33 वर्ष) निवासी गाजी नगरी, जहाजपुर बताया।

पुलिस ने आरोपी के पास से एक आसुस कंपनी का लैपटॉप, तीन एंड्रॉइड मोबाइल, दो कीपैड मोबाइल, दो पावर बैंक और दो डेटा केबल जब्त किए। जांच के दौरान एक वीवो कंपनी के मोबाइल फोन में गूगल क्रोम ब्राउज़र पर ह्लह्ल-ड्डद्गह्ल9.ष्द्व वेबसाइट खुली हुई पाई गई। इसमें एक लॉगिन आईडी ।द्वह्यड्डह्व 786 के नाम से थी, जिसमें 4,00,000 की राशि दर्ज थी। इसके अलावा, एक अन्य लॉगिन आईडी 10द्बस्रद्बस्र9 में 2,32,000 का बैलेंस दिखा।

इसके अलावा, पुलिस को मोबाइल फोन में कई अन्य सट्टा आईडी सेव मिलीं, जिनमें से कुछ को लॉगिन करने पर वे लॉक्ड पाई गईं जबकि अन्य में गलत पासवर्ड का संदेश आया। पूछताछ में जॉबाज खान ने बताया कि ये आईडी कार्तिक जैन (निवासी विद्युत नगर, भीलवाड़ा) और इंसाफ मोहम्मद (निवासी मांडलगढ़) ने उसे दी थीं और वही इन्हें नियंत्रित करते थे।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सूचना एवं संचार माध्यमों का दुरुपयोग कर अवैध लाभ अर्जित करने, धोखाधड़ी से धन हड़पने और ऑनलाइन सट्टेबाजी करने के आरोप में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है।

# मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता से हो रहा मंडी श्रमिक कल्याण

## महात्मा ज्योतिबा फुले मंडी श्रमिक कल्याण योजना से लाभान्वित हो रहे श्रमिक

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, ( अमित शर्मा )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशीलता से समाज के अन्य वर्गों के साथ-साथ कृषि उपज मंडी समितियों में कार्यरत श्रमिकों को भी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। इसी क्रम में राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा संचालित महात्मा ज्योतिबा फूले मंडी श्रमिक कल्याण योजना से श्रमिक लाभान्वित हो रहे हैं। राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा संचालित महात्मा ज्योतिबा फूले मंडी श्रमिक कल्याण योजना के तहत राज्य की कृषि उपज मंडी समितियों के राजस्थान के मूल निवासी ऐसे हमाल, पल्लेदार, तुलारा अनुज्ञापत्रधारी, जिनके द्वारा मण्डी प्रांगण, गौण मंडी प्रांगण में गत तीन वर्षों में कम से कम मजदूरी 10 हजार रुपये प्रतिवर्ष का कार्य किया हो एवं जिनकी अधिकतम 60 वर्ष आयु हो, को योजनान्तर्गत अपनी एसएसओ आईडी के माध्यम से राज किसान पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन करने पर संबंधित कृषि उपज मंडी समिति द्वारा प्रसूति, विवाह, छात्रवृत्ति और चिकित्सा सहायता प्रदान की जा रही है।

### प्रसूति योजना -

राजस्थान राज्य कृषि विपणन बोर्ड के स्थानीय कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रसूति योजना के तहत महिला अनुज्ञप्तिधारी हम्माल, पल्लेदार, तुलाईकार को अधिकतम दो प्रसूतियों के लिए दो बच्चों की सीमा तक अकुशल श्रमिक की प्रचलित मजदूरी दर की 45 दिवस की मजदूरी के समतुल्य सहायता राशि का भुगतान किया जाता है। शिशु के हम्माल, पल्लेदार, तुलाईकार पिता को भी पितृत्व अवकाश के रुप में अकुशल श्रमिक की प्रचलित मजदूरी दर की 15 दिवस की मजदूरी के समतुल्य सहायता राशि का भुगतान किया जाएगा। इसके लिये प्रसूति दिनांक से 3 माह में आवेदन करना अनिवार्य है।

**विवाह सहायता**- अनुज्ञप्तिधारी महिला के विवाह अथवा अनुज्ञप्तिधारी पुरुष एवं महिला की दो पुत्रियों की सीमा तक प्रति विवाह 50 हजार रुपये सहायता राशि अनुज्ञप्तिधारी द्वारा निर्धारित प्रारूप में विवाह के दस दिवस पूर्व से लेकर 3 माह बाद तक आवेदन किया जाने पर देय है। दो पुत्रियों का विवाह एक साथ करने पर दो विवाह की सहायता राशि देय है। माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा श्रमिक कल्याण की दिशा में लिए गए संवेदनशील निर्णय 26 फरवरी के अनुसार योजनान्तर्गत विवाह सहायता राशि में वृद्धि कर 50 हजार रुपये के स्थान पर 75 हजार रुपये प्रति विवाह सहायता राशि दिये जाने का निर्णय लिया गया है।

**छात्रवृत्ति एवं मेधावी छात्र पुरस्कार**-मंडी में अनुज्ञापत्र धारी हम्माल, पल्लेदार, तुलाईकार के पुत्र, पुत्री छात्र, छात्रा, जो कक्षा 10 से स्नातकोत्तर में प्रथम श्रेणी अंक पाता है, को दो बच्चों की सीमा तक निर्धारित दर से प्रति छात्र एकमुश्त पात्रता स्थापित



होने के तीन माह में आवेदन करने पर मेधावी छात्रवृत्ति दी जाएगी। इसमें कक्षा 10वीं में 80 प्रतिशत से अधिक अंक वाले छात्र को 3 हजार रुपये और छात्रा को 3500 रुपये की छात्रवृत्ति और 70 से 80 प्रतिशत अंक लाने वाले छात्र को 2000 तथा छात्रा को 2500 रुपये की छात्रवृत्ति दी जाएगी।

# भीलवाड़ा के करेडा में ज्वैलरी शॉप से लाखों की चोरी, पुलिस ने शातिर गिरोह का किया पर्दाफाश, 6 गिरफ्तार

## वैन, गैस कटर एवं सिलेंडर बरामद

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** थाना करेडा क्षेत्र में स्थित आनंद ज्वैलर्स में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया गया। दुकान के मालिक गौतम कुमार रांका ने पुलिस को रिपोर्ट दी कि 29 मार्च 2025 को दोपहर करीब 2.20 बजे चोरों ने गैस कटर से उनकी दुकान का शटर काटकर अंदर प्रवेश किया और सोने-चांदी के आभूषणों सहित नगदी चोरी कर ली।

प्रार्थी के अनुसार, चोरी किए गए सामान में करीब 250 ग्राम पुराना सोना, चांदी के पायजब, बिछुड़ी, अंगूठी सेट, हाथ का ब्रासलेट, 35 से 40 किलो परचूनी सामान, ग्राहकों के चांदी के कड़े, चांदी का कंदौरा सहित 65-70 हजार रुपये नकद शामिल थे।

घटना की जांच के लिए गठित पुलिस टीम ने वैज्ञानिक और परंपरागत पुलिसिंग का सहारा लिया। मुखबिरों को सक्रिय कर संदिग्धों की गतिविधियों पर नजर रखी गई और पूर्व में संपत्ति संबंधी अपराधों में शामिल अपराधियों के मोबाइल नंबरों की सीडीआर प्राप्त कर विश्लेषण किया गया।

पुलिस जांच में संजय आचार्य पिता सांवरमल आचार्य निवासी करेडा नामक संदिग्ध को डिटेन कर पूछताछ की गई, जिसमें उसने बताया कि चोरी की इस वारदात में उसके साथ दीपक आचार्य पिता गोरीशंकर आचार्य निवासी करेडा, महेश विश्नोई पिता प्यारचन्द विश्नोई निवासी पुर, कुंदन सिंह पिता



उमराव सिंह निवासी पुरावतों का आकोला, लोकेन्द्र सिंह पिता गणपत सिंह निवासी करेडा और शुभम पिता अशोक विश्नोई निवासी सूरजपोल विश्नोई मोहल्ला,पुर शामिल थे। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए आरोपियों दीपक आचार्य, लोकेन्द्र सिंह, शुभम और कुंदन सिंह को तत्काल डिटेन किया, जबकि महेश विश्नोई को चोरी में प्रयुक्त मारुति ओमनी कार, गैस कटर और गैस सिलेंडर के साथ गिरफ्तार किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तों से गहन पूछताछ जारी है और चोरी हुए आभूषणों की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं। चोरी और लूट की वारदात अंजाम देने वाली टीम को पकड़ने में करेड़ा थाना प्रभारी पूरणमल मीणा, एएसआई रेवंत सिंह, साइबर सेल एएसआई आशीष मिश्रा, डीएसटी हेड कॉन्स्टेबल करण सिंह, हेड कॉन्स्टेबल अर्जुन, सिंह, डीएसटी कॉन्स्टेबल चंद्रपाल, दुलीचंद, राकेश, प्रदीप, दिलीप सिंह, भूपेंद्र, कृष्ण कुमार, संजय पोखा पुरी, मोहन, पारसमल, विक्रम, नरेंद्र सिंह और भारत सिंह शामिल रहे ।

# प्राचीन शक्तिपीठ मुला माता मंदिर पर आयोजित चैत्र नवरात्रि मेले के महाभंडारे में सैकड़ों भक्तों का हुजूम उमड़ रहा

## मेले के रंगमंच पर आयोजित कार्यक्रमो का देर रात्रि तक मेलार्थी लुत्फ ले रहे

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** चैत्र नवरात्रि पर प्राचीन शक्तिपीठ मुला माता मंदिर पर आयोजित नो दिवसीय धार्मिक मेले में मेलार्थियों द्वारा भव्य बगड़ावत मंचन कार्यक्रम एवं आगंतुक सैकड़ों भक्तों द्वारा महाभंडारे में उपलब्ध मातारानी के प्रसाद का लाभ लिया गया।

मुला माता मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष सत्यनारायण आचार्य ने बताया कि पुरातात्विक महत्व के प्राचीन शक्तिपीठ मुला माता मंदिर पर चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में आयोजित नो दिवसीय धार्मिक मेले के द्वितीय दिवस सोमवार को मेले के रंगमंच पर मुख्य कलाकार सिंदेसर कलां बालूराम गाडरी व सहगायक माधुलाल गुर्जर एंड पार्टी के तत्वावधान में भव्य बगड़ावत मंचन कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।जो रात्रि तक चला तथा दर्शकों का जमावड़ा बना रहा।यहां आगंतुक सैकड़ों भक्तों एवं श्रद्धालुओं को मुला मातारानी के प्रसाद का लाभ महाभंडारे में मिल रहा है।जिसमे सैकड़ों भक्तों एवं श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ रहा है।मेलार्थियों के मनोरंजन हेतु डोलर चकरी झूले लगे है।जहां मेलार्थियों की भीड़ बनी रहती है। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका कपासन के राजमार्ग समीप स्थित पुरातात्विक महत्व के प्राचीन शक्तिपीठ मुला माता मंदिर चैत्र नवरात्रि पर आकर्षक एवं रंगबिरंगी विद्युत सज्जा से जगमगा रहा है।जो भक्तों में आकर्षण का केंद्र रहा।राजमार्ग से मुला माता मंदिर मार्ग पर माकूल विद्युत व्यवस्था एवं आगंतुक श्रद्धालुओ के स्वागत हेतु मार्ग आकर्षक स्वागत द्वार लगाये गये है।मुला माता मंदिर पर पुलिस उपाधीक्षक कपासन हरजीलाल यादव द्वारा मेले एवं महाभंडारे आदि व्यवस्थाओं का ट्रस्ट अध्यक्ष सत्यनारायण आचार्य के साथ अवलोकन कर संतोष व्यक्त किया गया।साथ ही ट्रस्ट सदस्यों द्वारा पुलिस उपाधीक्षक हरजीलाल यादव का स्वागत किया गया।

# ग्रीष्मकाल के दौरान आमजन को नहीं हो पेयजल और बिजली संबंधी परेशानी,पूर्ण तैयारी रखें अधिकारी-जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** आवश्यक सेवाओं की साप्ताहिक समीक्षा बैठक मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलक्टर अक्षय गोदारा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल, विद्युत आपूर्ति तथा चिकित्सा सेवाओं की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला कलक्टर ने जिले में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि ग्रीष्मकाल में दौरान आमजन को पेयजल के लिए किसी भी तरह की परेशानी नहीं उठानी पड़े। जिन स्थानों पर टेंकरों से जलापूर्ति होनी है, उसकी पूरी तैयारी अभी से कर ली जावें। इसके अलावा हेण्डपंप मरम्मत के लिए भी कार्यक्रम बनाया जावें। ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था से जुड़े विभाग बेहतर तालमेल के साथ कार्य करें और आमजन को गर्मी के मौसम में पेयजल की निर्बाध जलापूर्ति सुनिश्चित करें। आरयूआईडीपी द्वारा डाली जाने वाली लाइन के लिए सार्वजनिक निर्माण और जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य को पूर्ण कराएं। इसके अलावा पेयजल के सेम्पल भी लिए जावें।

उन्होंने निर्देश दिए कि विद्युत विभाग। की ओर से ग्रीष्मकाल में विद्युत आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए पूरी तैयारी रखी जाएं। लो व हाई वोल्टेज की समस्या के निस्तारण के लिए जरूरत वाले स्थानों पर ट्रांसफार्मर लगाए जाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्युत ट्रांसफार्मरों की पर्याप्त संख्या में उपलब्धता रहे। बकाया कृषि कनेक्शन जारी किए जाएं। गर्मी के दौरान विद्युत व्यवस्था के कारण पेयजल आपूर्ति बाधित नहीं हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएं। इस दौरान उन्होंने पीएम सूर्यघर योजना की प्रगति की समीक्षा भी की।



जिला कलक्टर ने निर्देश दिए कि सभी कार्यालयों में ई-फाइलिंग के माध्यम से ही समस्त कार्य संपादित हो। उन्होंने डीओआईटी के संयुक्त निदेशक को निर्देश दिए कि इस कार्य का बारीकी से निरीक्षण करें। निरीक्षण के दौरान फाइल का मूवमेंट भी आवश्यक रूप से देखा जाएं। उन्होंने सीडीईओ को निर्देश दिए कि छोटी तीरथ में पुराने स्कूल भवन की मरम्मत के प्रस्ताव तैयार किए जाएं। इसके अलावा प्रवेशोत्सव के दौरान अधिकाधिक नामांकन हो।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर, मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद रवि वर्मा, सीडीईओ डॉ. महावीर कुमार शर्मा, जयपुर विद्युत वितरण निगम के अधीक्षण अभियंता के.के.शुक्ला, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता एस.एन. शर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओपी सामर, डीओआईटी के संयुक्त निदेशक अशोक मीणा, जिला परिषद के अधिशाषी अभियंता प्रियव्रत सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# रोगमुक्ति के धाम के रूप में दूर-दूर तक प्रख्यात है देवी मैया झांतला माताजी का धाम

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( संजय खाबिया )।** मेवाड़ के विभिन्न क्षेत्रों में इन जागृत एवं सिद्ध शक्तिपीठों की पुरातन श्रृंखला विद्यमान हैं, जिनके प्रति आमजन से लेकर ख़ास तक में श्रद्धा और भक्ति का समन्दर लहराता रहा है। इसी तरह का प्रसिद्ध देवी तीर्थ है झाँतला माताजी। कई खासियतों से भरा यह धाम लकवाग्रस्त रोगियों के लिए रोगमुक्ति के धाम के रूप में दूर-दूर तक मशहूर है।

शक्ति एवं भक्ति के धाम मेवाड़ में शक्ति उपासना की प्राचीन परम्परा रही है। क्षेत्र भर में हर कहीं देवी मैया के छोटे-बड़े और प्राचीन व नवीन मन्दिर विद्यमान हैं, जिनके प्रति जन आस्था का ज्वार उमड़ता रहा है।

### आशाओं का द्वार है यह धाम

चित्तौड़गढ़ जिला मुख्यालय के समीप माताजी की पाण्डोली गांव में राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे प्राचीन देवी तीर्थ विस्तृत परिसर में अवस्थित है। कई



खासियतों से भरा यह धाम लकवाग्रस्त रोगियों के लिए रोगमुक्ति के धाम के रूप में दूर-दूर तक मशहूर है। देवी तीर्थ का भव्य प्रवेश द्वार मेहराब और गवाक्षों से सुसज्जित है।

### सात बहनों वाला मन्दिर

झांतला माताजी के मूल मन्दिर में अधिष्ठान पर सात देवी प्रतिमाएं हैं जिन्हें बहनें माना जाता है। गर्भगृह में चाँदी की सुन्दर कारीगरी की हुई है। गर्भगृह के ठीक बाहर पार्श्ववर्ती दीवारों पर बने आलीयों में दोनों तरफ भैरवनाथ तथा बाहरी तरफ देवी मूर्तियां, सिंह, द्वारपाल आदि की प्रतिमाएं हैं। मन्दिर के परिक्रमा स्थल के तीनों तरफ प्राचीन कलात्मक मूर्तियां स्थापित हैं।

लोगों की अगाध आस्था झांतला माता पर इतनी अधिक है कि भक्तजन इन्हें मनोकामना पूरी करने और आरोग्य देने वाली मैया के रूप में पूजते हैं और अपनी संरक्षक के रूप में श्रद्धा-भक्ति के साथ मानते हैं।

पुराने जमाने से झांतला माता उन लोगों के लिए वरदान है जिन्हें लकवा का प्रकोप घेर लेता है।

### मन्दिर परिसर ही है अस्पताल (कलर बोक्स

लकवाग्रस्त रोगी मैया के दरबार में पहुंचकर देवी मैया की मूर्ति के समक्ष धोक लगाते हैं और मन्दिर परिसर तथा परिक्रमा स्थल में ही डेरा जमाये रहते हैं। देवी मैया की यथाशक्ति अधिक से अधिक उल्टी परिक्रमा करते रहते हैं। इसके अलावा देवी मैया का नाम लेकर अभिमंत्रित तेल की मालिश अपने परिजनों से करवाते हैं।

### देवी शक्तियों से भरा है वटवृक्ष

मन्दिर प्रांगण में कई सारे प्राचीन वटवृक्ष है, जिनमें से एक विराट वट वृक्ष को जिसे देवी मैया की दिव्य शक्तियों से परिपूर्ण मानकर पूजा जाता है। लकवाग्रस्त स्त्री-पुरुष इस दिव्य वृक्ष के विशाल तने की उल्टी परिक्रमा करते हैं और दो तनों के बीच से होकर निकलते हैं। भक्तों की आस्था है कि वट वृक्ष की परिक्रमा और तनों के बीच से होकर निकलने पर देवी की कृपा से मानसिक और शारीरिक बीमारियां दूर होकर आरोग्य एवं सुख-समृद्धि प्राप्त होती है।

### श्रद्धालुओं के लिए हैं व्यापक बन्दोबस्त

झांतला माता धाम पर श्रृद्धालुओं के लिए सार्वजनिक और विभिन्न समाजों की कई धर्मशालाएं, विश्राम स्थल आदि बने हुए हैं जहां दर्शनार्थियों के लिए सभी प्रकार की सुविधाएँ उपलब्ध हैं। भक्तों के अनुसार झांतला माता की जोत जहाजपुर (भीलवाड़ा) से यहां लाई गई है और इस वजह से भीलवाड़ा व आस-पास के क्षेत्रों के भक्तों की यहाँ बहुतायत रहती है। देवी तीर्थ की व्यवस्थाओं, देखरेख तथा विकास के लिए मन्दिर श्री झांतला माताजी सार्वजनिक प्रन्यास बना हुआ है। धार्मिक सामग्री और खाने-पीने आदि की कई दुकानें हैं।

# ग्रांमीणो का क्रमिक धरना 54 वे दिन भी रहा जारी

## पूर्व कृर्षि मंत्री सैनी ने प्रभारी चतुर्वेदी को लिखा पत्र



बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** राजस्व ग्राम खानपुरा एवं टोपा को नैनवां नगर पालिका में शामिल करने के विरोध में दोनों गांव के ग्रामीणों का धरना मंगलवार को लगातार 54वे दिन भी जारी रहा। ग्रांम वासियों ने विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी कार्यालय में ज्ञापन दिया। ग्रांम वासियों की मांगों के समर्थन में पूर्व कृषि मंत्री प्रभु लाल सैनी ने नगर पालिका पुनर्गठन के प्रभारी डॉ अरुण चतुर्वेदी को पत्र लिखकर कर दोनों गांवो को नगर पालिका सीमा से पृथक करने की मांग की। धरने पर सीताराम खानपुरा,कालू लाल, रामकरण गुर्जर,प्रभुलाल प्रजापत, नरेश सैनी,मोतीलाल, पूर्व सरपंच मोरपाल मीणा सहित ग्राम वासी धरने पर उपस्थित रहे।

# देवली में दलित वर्ग मोहल्ले में जाने वाले सार्वजनिक रास्ते को चंद पूंजीपतियों ने लोहे की गेट लगाकर बंद किया

## टोंक जिला कलेक्टर देवली उपखंड अधिकारी पालिका अध्यक्ष पालिका ईओ को इस मामले की जानकारी दी गई ,प्रशासन ने फिर भी तोड़कर नहीं हटाए गेट

बढ़ता राजस्थान

**देवली( गोविंद सिंह सेठी )।** देवली पालिका प्रशासन से मिलकर कुछ महाजन वर्ग के पूंजीपतियों ने दलित वर्ग मोहल्ले में जाने वाले आम रास्ते को फाटक लगाकर अवरुद्ध कर दिया है । इस मामले की जानकारी पिछले चार दिनों से टोंक जिला कलेक्टर डॉ सौम्या झा और देवली उपखंड अधिकारी मनोज कुमार मीणा को बखूबी तौर पर पहुंचाई गई है ।बावजूद इसके दलित वर्ग के घरों तक जाने वाले आम रास्ते को बंद रखने के लिए लगाई गई बड़ी-बड़ी बड़ी लोहे की फटकों को हटाने की कार्रवाई अब तक नहीं हो सकी है। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने लगभग 75 वर्ष पहले देवली नगर पालिका की स्थापना की थी इस दौरान नगर नियोजक अधिनियम के तहत देवली नगर पालिका ने शहर की बसावट का अध्ययन किया था। इसी के अंतर्गत 75 वर्ष पहले पालिका प्रशासन ने शहर के प्रत्येक वार्ड की गली मोहल्ले तक जाने के लिए सुलभ रास्तों का निर्माण करवाया था । ताकि शहर वासियों को भविष्य में सुलभ मार्गो का पूरा-पूरा लाभ मिलता रहे। लेकिन यहां शनिवार को पालिका अध्यक्ष नेमीचंद जैन और पालिका अधिशासी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा की मिली भगत के चलते वार्ड नंबर 6 के एक आम रास्ते को लोहे की बड़ी-बड़ी फाटके लगाकर बंद कर दिया गया है। उल्लेखनीय की यह आम रास्ता वार्ड नंबर 5 एवं वार्ड नंबर 4 के खटीक और बेरवा मोहल्ले तक जाने के लिए सुलभ मार्ग तौर पर उपयोगी बना हुआ था। जिसे चंद पूंजीपतियों ने वार्ड पार्षद संजय सिंघल के साथ मिलकर सुरेश कुमार मीणा से मिलजुल कर बंद कर दिया है । जानकारी के अनुसार वार्ड नंबर 6 के पार्षद के दो रिश्तेदारों ने मात्र 60 फीट की दूरी पर दो लोहे की फाटके लगाकर आम रास्ता अवरुद्ध कर दिया है। जिससे प्रथम प्रतीत होता है कि पालिका अध्यक्ष नेमीचंद जैन ने और पालिका के अधिशाषी अधिकारी सुरेश कुमार मीणा ने यहां रहने वाले दो-तीन परिवारों को फायदा पहुंचाने के लिए इस अतिक्रमण को अनदेखा कर दिया है। यहां आम रास्ते को अवरुद्ध करने जैसे हालातो पर यह साफ तौर पर देखा जा सकता है कि दलित वर्ग के मोहल्ले रहने वाले व्यक्तियों एवं परिवार को आए दिन आवागमन में परेशानी होगी। और धीरे-धीरे इस रास्ते पर कब्जा हो जाएगा। ऐसे में यहां दलित और आम परिवारों का मानना है कि पालिका अधिकारी सुरेश कुमार मीण और चंद पूंजीपतियों की सोची समझी साठगांठ का खामियाजा दलित सहित आम वर्ग के लोगों को उठाना पड़ेगा । ऐसे हालातों की जानकारी मीडिया द्वारा टोंक जिला कलेक्टर देवली उपखंड अधिकारी पालिका अधिशासी अधिकारी, पालिका अध्यक्ष को पिछले 4 दिनों से लगातार दी गई है ।

### क्या कहते हैं अधिकारी

चार दिन पहले यह मामला मेरे सामने आया था। मैने पालिका के अधिशाषी अधिकारी को कारवाई करने के लिए कहा है।

**मनोज कुमार मीणा**
**उपखंड अधिकारी,देवली टोंक**

### क्या कहते हैं पालिका के अधिकारी

जो गेट लगाए गए है वह बंद नहीं होंगे खुले रहेंगे पूरे जयपुर में सभी जगह गेट लगा रखे हैं । जिन्होंने गेट लगाया उन्हें बुलाया है जब गेट हटेंगे तब बात कर लेंगे। अगर नियमों में होगा तो देख लेंगे। सुरेश कुमार मीणा

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका, देवली टोंक**



# मिशन सहभागिता : समृध्द होंगे राजसमंद के विद्यालय, बच्चों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

## राजकीय विद्यालयों के उन्नयन हेतु जिला प्रशासन का अभियान, कलक्टर बालमुकुंद असावा ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों संग बैठक कर दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिले के राजकीय विद्यालयों को अधिक सुविधायुक्त और समृद्ध बनाने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक कार्ययोजना बनानी शुरू कर दी है। इस संबंध में मंगलवार सुबह जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी मुकुट बिहारी शर्मा और जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) नूतन प्रकाश जोशी सहित अन्य अधिकारियों के साथ अपने कक्ष में महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में सरकारी विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता एवं आवश्यक सुधारों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के दौरान जिला कलक्टर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के समस्त सरकारी विद्यालयों की सूची तैयार की जाए और उसमें आवश्यक सुधार एवं सुविधाओं की विस्तृत जानकारी दी जाए। इनमें हैंडपंप, आरओ, वाटर फिल्टर, वाटर कूलर, बाउंड्री वाल, शौचालय, फर्नीचर और अन्य बुनियादी सुविधाओं की स्थिति का उल्लेख किया जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि विद्यालयों की समस्याओं और आवश्यकताओं की वास्तविकता एवं प्राथमिकता को सुनिश्चित किया जाए, महज औपचारिकता न की जाए, ताकि सुधार कार्य प्रभावी ढंग से किया जा सके। कलक्टर असावा ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से कहा कि जिला प्रशासन यह सुनिश्चित करेगा कि किसी भी विद्यालय में सुविधाओं की कमी बच्चों की शिक्षा में बाधा न बने। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विद्यालयों की आवश्यकताओं को जिला प्रशासन के मिशन जनसहभागिता के तहत भामाशाहों के सहयोग एवं डीएमएफटी (जिला खनिज प्रतिष्ठान ट्रस्ट) के माध्यम से पूरा करने की दिशा में प्रयास किया जाएगा। कलक्टर ने कहा कि विद्यालयों की बेहतरी के लिए प्रत्येक विद्यालय की भौतिक स्थिति का गहन अध्ययन किया जाए और प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक सुविधाओं की पूर्ति की जाए। प्रशासन का लक्ष्य यह है कि सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और उन्हें गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं मूलभूत सुविधाएं मिलें। कलक्टर असावा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी विद्यालयों से संबंधित आवश्यक सुधारों का एक समग्र प्रस्ताव तैयार किया जाए और इसे 15 अप्रैल तक प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालयों के उन्नयन एवं सुधार हेतु प्रशासन हर संभव प्रयास करेगा और बच्चों के शैक्षिक विकास के लिए कोई भी कसर नहीं छोड़ी जाएगी ।जिला प्रशासन की इस पहल से सरकारी विद्यालयों में शिक्षा का स्तर बेहतर होगा और विद्यार्थियों को एक अच्छा शैक्षिक माहौल मिलेगा। इस बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि वे विद्यालयों के उन्नयन हेतु पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेंगे।



# एनीमिया से बचाने के लिए पिलाई आयरन की खुराक

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** एनीमिया मुक्त राजस्थान कार्यक्रम के तहत बच्चों, किशोर-किशोरियों, प्रजनन उम्र की महिलाओं, गर्भवती महिलाओं तथा धात्री माताओं में अनीमिया की दर कम करने के लिए प्रत्येक मंगलवार को शक्ति दिवस के रूप आयोजित किया जा रहा है इसी क्रम में मंगलवार को जिले के सभी चिकित्सा संस्थानों, आंगनबाड़ी केन्द्रों पर शक्ति दिवस का आयोजन किया गया। जिले के सभी जिला चिकित्सालयों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, हैल्थ वेलनेस सेंटर पर नियमित ओपीडी के अलावा मरीजों के हिमोग्लोबीन की जांच और उपचार किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जैमिनी ने बताया कि सभी महिलाओं, गर्भवतियों, धात्री माताओं, किशोरियों को शक्ति दिवस के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि शक्ति दिवस का मुख्य उद्देश्य समुदाय व लाभार्थियों में अनीमिया नियंत्रण के लिए स्क्रीनिंग, हिमोग्लोबीन की जांच, उपचार तथा एनीमिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आयरन स्वास्थ्य के लिए किस प्रकार आवश्यक है और इसकी कमी होने से किस प्रकार की समस्याएं हो सकती हैं। कार्यक्रम में महिलाओं, गर्भवतियों, धात्री माताओं, किशोरियों का हीमोग्लोबिन जांच कर आयरन की दवाएं दी गई।

जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों द्वारा सत्रों का निरीक्षण किया, दवाओं की उपलब्धता की जांच, सभी आयुवर्गों की उपस्थिति की जांच की। चिकित्सा संस्थानों पर एएनएम द्वारा समस्त लक्षित लाभार्थियों की एनीमिया की स्क्रीनिंग की गई, महिलाओं एवम् बच्चों को थकान, भूख ना लगना, नाखूनों का सफेद होना, जीभ पर सफेद परत का होना जैसे कुछ सामान्य लक्षणों के आधार पर तथा एनीमिक पाए गए लोगों को दवा वितरित की गई। साथ ही एनीमिक पाई गई महिलाओं, बच्चों का उपचार कराने के लिए लगातार फॉलोअप किया जाएगा। साथ ही सभी को भोजन की अच्छी आदतों को अपनाने, पोषक तत्वों युक्त भोजन करने, हरी सब्जियों, फलों, आयरन युक्त खाघ पदार्थों का सेवन करने की संबंधी जानकारी दी गई।

# घट स्थापना एवं भजन संध्या के साथ प्रारंभ हुआ नवरात्र महोत्सव

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** रावतभाटा श्री मुक्तेश्वर महादेवालय से पुजारी मुकेश कुमार पुरोहित ने बताया चैत्र नवरात्र के प्रथम दिन प्रात: काल 8.00 बजे मंदिर प्रांगण में मंत्रोचार के साथ घट स्थापना दी गई। प्रात: 9.00 बजे मंदिर प्रांगण में अखंड रामायण पाठ की स्थापना की गई यह अखंड रामायण पाठ 9 दिन तक निरंतर चलेगा। नवरात्र में प्रतिदिन दोपहर 12.30 बजे से 4.00 बजे तक भक्तजनों द्वारा मां भगवती का भजन कीर्तन किया जाएगा। विक्रम संवत 2028 के प्रारंभ पर मंदिर समिति द्वारा मंदिर की भव्य सजावट विद्युत् रौशनी केसरिया पताका फरिया स्वागत बैनर दीपदान एवं महा आरती कर नव वर्ष का स्वागत किया ।मां आरती में भक्त जनों द्वारा शंख वादन भी किया गया।चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में मुक्तेश्वर महादेवालय समिति की ओर से एक शाम मातारानी के नाम,भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया। गीता देवी वर्मा ने मातारानी के दरबार में दीप प्रज्वलित किया । सर्वप्रथम दीप प्रजलित के पश्चात समिति द्वारा सभी भजन गायको एवं सहयोगियों का श्रीफल एवं उपाना पहना कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। भजन संध्या कि शुरुआत भजन गायक किशन पुष्करणा ने गणपति वंदना मारा कीर्तन में रस बरसाओ,गजानंद महाराज पधारो कीर्तन कि तैयारी हे,भजन से की। कमलेश महावर ने चौंसठ जोगनिया और ऐसे महाबली बली बजरंगी को प्रणाम भजन गाया। कमल सहगल ने चलो बुलावा आया है,जो खेल गए प्राणों पे सियाराम के लिए, मेरी मैया ने ऐसी सौगात दे दी ओर कीर्तन कि है रात बाबा पर श्रोताओं को जोश से सराबोर कर दिया। भजन गायिका ममता महावर ने एक बार बनके मेहमान मैया जी मेरे घर आना ओर पदमा सैनी ने भर दो झोली मेरी शेरावाली भजन गया। पुन: मुख्य गायक किशन पुष्करणा ने झूठी दुनिया से मन को हटाले, झीनी झीनी उड़े रे गुलाल मैया जी थारे मंदिर में, ओ मैया जी हमें तेरी जरूरत है और काली कमली वाला मेरा यार है पर श्रोताओं ने खूब तालियां बजाई। उनके भजन रंग मत डारो ए रे संवारा मारो गुजर मारे रे और दीवाना राधे का पर गीता देवी वर्मा जी का जन्म दिन होने के कारण सभी माताओं, बहनों ने उनके साथ फूलों की होली खेलते हुए भरपूर आनन्द लिया। उनके भजन गौरा थारी जान तो चढ़ी कांकड़ में रंगीलो जोगी आयो परणवा ने और हठ मत पकड़े पार्वती पर तो सभी श्रोताओं ने झूमते हुए आनंद लिया। पुजारी मुकेश पुरोहित द्वारा मातारानी की आरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। ऑर्गन पर विशाल, ढोलक पर प्रदीप, पैड पर गोलू और ढोल पर प्रेम ने संगत की ओर म्यूजिक रिंकू माली द्वारा दिया गया। कार्यक्रम में और मातारानी के कई भक्त मौजूद रहे। प्रतिदिन शाम 7.00 बजे मंदिर प्रांगण में मां दुर्गा की भव्य आरती दी जाएगी। 7 अप्रैल को नवमी के दिन हवन प्रात: 7.00 से 8.00 बजे तक किया



### जिला परिषद सीईओ बुड़ानिया ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

# पंचायत समिति भवन का निर्माण समय पर पूर्ण करें : गौरव

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया ने मंगलवार को पंचायत समिति समिति मलारना डूंगर का औचक निरीक्षण किया । गौरव बुड़ानिया मुख्य कार्यकारी ने अधिकारी ने पंचायत समिति मलाना डूंगर में पंचायत समिति भवन निर्माण कार्य, खेल मैदान विकास कार्य एवं श्मशान घाट विकास कार्यों का निरीक्षण किया द्य पंचायत समिति भवन निर्माण में कोल्ल्म निर्माण में उच्च गुणवत्ता सामग्री उपयोग करने शटरिंग को लेवल में करने लोहे की सेटिंग ही उसमें लाने के निर्देश दिए सीईओ ने समय पर पंचायत समिति भवन को पूर्ण कराने के निर्देश दिये । निरीक्षण के दौरान सहायक अभियंता मौके पर नहीं मिलने से सीईओ ने नाराजगी व्यक्त की साथ ही उन्होंने सहायक अभियंता को नोटिस जारी करने के विकास अधिकारी को निर्देश दिए। ग्राम पंचायत गंभीरा में सीसी रोड में नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया कोर कटर द्वारा सड़क की गुणवत्ता जांच करने के निर्देश नरेगा अधिशासी अभियंता अशोक मीना को निर्देश दिए ! सीईओ बुड़ानिया ने विकास अधिकारी नरेन्द्र मीना को सड़क एवं नाली की साफ-सफाई करने के निर्देश दिए एवं पंचायती राज विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिये। बुडानिया ने सभी पंचायतों में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।



# सुरक्षा दोनों अनुशासन की दृष्टि से विद्यालय परिसर रहेगा तीसरी आंख की नजर में, भामाशाह को प्रेरित कर लगवाए 10 कैमरे

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** जिले में कुंवारिया कस्बे के राउमावि का पूरा परिसर अब तीसरी आंख की नजर में रहेगा। पहल सेवा संस्थान के गिरिराज काबरा ने बताया कि भामाशाहों को प्रेरित कर उनके सहयोग से विद्यालय में करवाए जा रहे जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कार्यों पर लगातार असामाजिक तत्वों की नजर थी जो नुकसान पहुंचा रहे थे। रंग की गई दीवारों पर अश्लील लेखन, कई महंगे पेड़-पौधों को तोड़ कर फेक दिया, पानी देने के लिए बिछाई गई पूरी पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया, नए पंखे स्विच बोर्ड तोड़ दिए थे उनको वापस दुरुस्त करवाया गया। इस प्रकार की समस्या से स्थाई निजात पाने के लिए तीसरी आंख के रूप में सीसीटीवी कैमरे की जरूरत विद्यालय के लिए लगातार महसूस हो रही थी। इससे विद्यालय परिसर भी सुरक्षित रहेगा और पढने वाले विद्यार्थी भी हमेशा कैमरे की नजर में रहेंगे। अनुशासन और सुरक्षा दोनों दृष्टि से यह महत्वपूर्ण कदम हैं। पहल सेवा संस्थान के अनुरोध पर भामाशाह रमेश गोवर्धनलाल सोनी ने आर्थिक मदद करते हुए पचास हजार रुपए की लागत से पूरे परिसर को कवर करने के लिए 10 उच्च गुणवत्ता वाले कैमरे स्थापित किए।



# संयुक्त महिला मंडल भाभानगर, द्वारा गणगौर पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** संयुक्त महिला मंडल भाभानगर,द्वारा गणगौर पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। संचालक उषा ठाकरे, श्रीमती अन्नू डोबर ने बताया कि संयुक्त महिला मंडल की महिलाओं द्वारा सायकाल 6ः00 बजे टाइप 2 एक्स वाली लाइन के सामने से गणगौर की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें महिलाएं नृत्य करती हुई, गीत गाती हुई चल रही थीद्य शोभायात्रा में श्रीमती राधा सोनी ने ईसर व मां गवरजा की भूमिका में श्रीमती छाया रही द्य बाल ईशर की भूमिका मानवी ठाकरे व बाल गणगौर की शोभा काव्या ठाकरे रही ।शाही यात्रा को सीटू कार्यकर्ताओं ने डिस्पेंसरी नंबर 4 के पास पुष्प वर्षा कर स्वागत किया एवं शिवमंदिर पर सभी को शरबत पिलाई गई द्य उसके बाद शोभायात्रा छठ घाट पर माता के विसर्जन के लिए पहुंचीद्य वहां पर विधि विधान से सभी महिलाओं ने गणगौर का विसर्जन कियाद्य गणगौर जुलूस के प्रभावी संचालन में सुनीता संगर ,भावना चौहान, पुष्पा पाटिल,आशा योगी ,ममता शुक्ला,नीलम का मार्गदर्शन रहा। जूलूस में मंजूरावत,निशा मोटिस,सीमा ठाकरे,पूर्णिमा कुर्रे,रजनी यादव,टीना जांगिड़, शकुंतला माली,रेणु मालव,राधिका नागर,अर्चना गाजना, रेणु मीणा,शालिनी,संजना मीणा,अन्नू शेखावत,संजू धाकड़,ज्योति आर्या,इंदु कुशवाह ,सीमा कटियार,भाग्यश्री मीणा,श्रीमती ज्योति,किरण लोहार अनीता नारंग, गायत्री सोनी,मंजू ,तुलसी, सुनीता ,लीना,सुमन सालवी, प्रेरणा मीणा, आशा बुनकर, रूपाली वाकड़े, प्रियंका चौधरी, प्रतिभा हाड़ा, कविता ठाकुर, निर्मला मेघवाल, सीमा कश्यप, अनिता सिंह, रिंकी, प्रियंका, ममता महावार सहित भारी संख्या में महिलाएं मौजूद थीद्य सभी महिलाएं गणगौर की तरह सज-धज के पहुंची। छठ घाट पर लगभग 70 महिलाओं द्वारा एक साथ घूमर नृत्य किया गया और बाद में सभी के लिए सपरिवार भोजन की व्यवस्था भी की गई ।



# रैंप वॉक के लिए ट्रोल हुई जाह्नवी कपूर

## यूजर्स बोले- मॉडल काइली जेनर को कॉपी करने की कोशिश कर रही हैं एक्ट्रेस



जाह्नवी कपूर अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। एक्ट्रेस हाल ही में एक इवेंट में शामिल हुईं। इसमें उन्होंने रैंप वॉक की, लेकिन उन्हें ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा।

### रैंप वॉक के लिए ट्रोल हुई जाह्नवी कपूर

जाह्नवी कपूर ने 29 मार्च को फैशन डिजाइनर राहुल मिश्रा के लिए लैक्मे फैशन वीक में बतौर शो स्टॉपर वॉक की। इस वॉक के समय एक्ट्रेस ने शिमरी ऑफ थाई हाई स्लिट गाउन पहना हुआ था। कई सोशल मीडिया यूजर्स को उनका वॉक पसंद नहीं आया। एक्ट्रेस अपनी वॉक के लिए सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल हो रही हैं।

### वॉक के वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

एक्ट्रेस ने अपना लुक मिनिमल एक्सेसरीज के साथ एलीगेंट रखा था और सिर्फ स्टेटमेंट ईयरिंग्स कैरी किए थे। खुले बाल, स्मोकी आईज और मिनिमल मेकअप में जाह्नवी काफी स्टनिंग लग रही थीं। जाह्नवी कपूर के वीडियोज और फोटोज सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं।

### यूजर्स के मिले-जुले रिएक्शन सामने आए

सोशल मीडिया पर सामने आई वीडियो पर लोगों के मिले-जुले रिएक्शन सामने आ रहे हैं। कुछ लोगों को उनका कॉन्फिडेंस और लुक बहुत पसंद आ रहा है। लेकिन कुछ को उनके वॉक करने का स्टाइल बिल्कुल पसंद नहीं आया। एक यूजर ने लिखा, 'सक्सेसफुल है ना इसलिए थोड़ा कॉन्फिडेंस अच्छा है, वरना इसके पीछे वाली इससे ज्यादा खूबसूरत है।'

### एक्ट्रेस की वॉक को सबसे खराब बताया

एक और यूजर ने लिखा, 'मुझे तो पीछे वाली मैडम को देखना था लेकिन वीडियो खत्म हो गया।' वहीं, एक ने कहा कि जाह्नवी फेमस मॉडल काइली जेनर को कॉपी करने की कोशिश कर रही हैं। कुछ लोगों ने उनकी वॉक को सबसे खराब वॉक भी बताया है। बात करें जाह्नवी के अपकमिंग प्रोजेक्ट्स की तो वह सनी संस्कारी, परम सुंदरी, तुलसी कुमारी और पेड्डी जैसी फिल्मों में नजर आएंगी।

# 2022 में दिया था दयाबेन का ऑडिशन

## एक्ट्रेस काजल पिसल ने वायरल वीडियो पर तोड़ी चुप्पी, कहा- तारक मेहता... अब एक बंद चैप्टर है





तारक मेहता का उल्टा चश्मा में दयाबेन के नए किरदार को लेकर इन दिनों कई कयास लगाए जा रहे हैं। हाल ही में काजल पिसल का एक पुराना ऑडिशन वीडियो वायरल हुआ, जिसके बाद यह चर्चा उठने लगी कि वह दिशा वकानी की जगह दयाबेन का किरदार निभाने वाली हैं। इस पर काजल पिसल ने अपनी प्रतिक्रिया दी और साफ किया कि यह वीडियो 2022 का है, जो अब दोबारा सामने आ रहा है।

### ऑडिशन वीडियो पर काजल पिसल ने अपनी प्रतिक्रिया दी

काजल पिसल ने इस बारे में बातचीत की, जिसमें उन्होंने कहा,क्या हम 2022 में वापस आ गए हैं? क्योंकि यह खबर उसी समय की है। मुझे समझ में नहीं आ रहा है कि यह खबर अब फिर से क्यों सामने आ रही है। मैंने 2022 में दयाबेन के लिए ऑडिशन दिया था। अब मैं एक शो कर रही हूं - झनक। फिलहाल दयाबेन का किरदार मेरे लिए एक बंद चैप्टर है। हालांकि, अगर ऐसा होता तो अच्छा होता, लेकिन अब ऐसा कुछ नहीं है। यह बहुत पुरानी खबर है। मुझे नहीं समझ आ रहा है कि अचानक से इतनी चर्चा क्यों शुरू हो गई। शायद शो की पॉपुलैरिटी की वजह से लोग जानने के लिए गूगल कर रहे होंगे, लेकिन यह सब सच नहीं है।

### कॉल्स और मैसेजेस का सिलसिला

काजल से जब पूछा गया कि इन अफवाहों के बाद उन्हें किस तरह के कॉल्स और मैसेज मिल रहे हैं, तो उन्होंने बताया, मुझे बहुत सारे कॉल्स और मैसेजेस आए हैं। लोग बार-बार मुझसे इस बारे में कन्फर्म करने की कोशिश कर रहे हैं। मैं शूटिंग कर रही थी और सेट से बाहर आकर देखा कि ढेर सारे कॉल्स और मैसेजेस आए थे। लेकिन मैं क्या कहूं? मुझे नहीं पता कि इस पर किस तरह रिएक्ट करूं।

### क्या काजल पिसल फिर से दयाबेन बनेंगी?

आखिर में काजल से यह भी पूछा गया कि अगर दोबारा मौका मिले तो क्या वह दयाबेन का किरदार निभाना चाहेंगी, तो उन्होंने कहा, अगर काम अच्छा हो, मौका सही मिले तो क्यों नहीं? काम के लिए कोई भी मना नहीं करता।

हम हमेशा अच्छा काम करना चाहते हैं, नए किरदार एक्सप्लोर करना चाहते हैं। लेकिन फिलहाल मैं झनक कर रही हूं और उसमें खुश हूं।

### असित मोदी बोले- दयाबेन के लिए ऑडिशन जारी

बता दें, कुछ दिन पहले, हमने शो के प्रोड्यूसर असित मोदी से भी इस बारे में बात की थी। उन्होंने बताया था कि पिछले 6 महीनों से दयाबेन के लिए ऑडिशन हो रहे हैं, लेकिन अब तक कोई फैसला नहीं लिया गया है।


असित मोदी ने कहा, ऑडिशन का सिलसिला पिछले छह महीनों से चल रहा है, लेकिन खोज अभी भी जारी है। अगर सब कुछ सही रहा तो ऑडियंस को एक-दो महीने में नई दयाबेन देखने को मिल सकती हैं।

### दिशा वकानी ने शो क्यों छोड़ा?

एक्ट्रेस दिशा वकानी तारक मेहता का उल्टा चश्मा में दयाबेन के किरदार से पॉपुलर हुईं। 2018 में वह मैटरनिटी लीव पर गई थीं और तब से उन्होंने शो में वापसी नहीं की। बेटी के जन्म के बाद भी उनकी वापसी को लेकर कई खबरें आईं, लेकिन अब तक कुछ फाइनल नहीं हुआ।

# 'हेरा फेरी 3' को लेकर डायरेक्टर प्रियदर्शन ने दिया अपडेट

## बोले- फिल्म की स्क्रिप्ट लिखना किसी चुनौती से कम नहीं, अगले साल से करेंगे शुरू




फिल्म हेरा फेरी 3 को लेकर फैंस काफी एक्साइटेड हैं। हर किसी के मन में सवाल है कि आखिर यह फिल्म कब आएगी। इसी बीच अब डायरेक्टर प्रियदर्शन ने एक बड़ा अपडेट दिया है। उन्होंने कहा कि साल 2026 में हेरा फेरी 3 की स्क्रिप्ट पर काम किया जाएगा। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि यह कोई चुनौती से कम नहीं होगा। ईटीवी भारत से बातचीत में प्रियदर्शन ने कहा, मैं अगले साल हेरा फेरी 3 पर काम शुरू करूंगा। इस फिल्म के तीसरे पार्ट को बनाना बहुत मुश्किल होगा, क्योंकि लोगों को इस फिल्म से बहुत उम्मीदें हैं।

उन्होंने कहा कि दर्शकों को रुलाना या डराना आसान है, लेकिन लोगों को हंसाना उतना ही, बल्कि कहीं ज्यादा मुश्किल है। इसके अलावा, उन्होंने यह भी बताया कि समय के साथ हंसी का तरीका बदलता है और लोगों की पसंद भी बदलती रहती है। इसलिए हमें इसके हिसाब से ढलना जरूरी है। सबसे बड़ी बात यह है कि फिल्म के किरदार भी बढ़ गए हैं, तो सबसे बड़ा टास्क यह है कि उनकी कहानी को इस तरह से दिखाया जाए ताकि वह असलियत लगे।

प्रियदर्शन ने कहा कि हेरा-फेरी 3 में कुछ घटनाएं बढ़ा-चढ़ा कर दिखाई जाएंगी, लेकिन दर्शकों को उन्हें देखकर ऐसा लगेगा कि यह भी हो सकता है। फिलहाल, जब मैं स्क्रिप्ट पर काम करूंगा, तभी यह क्लियर हो पाएगा कि क्या करना है। हालांकि, इस पर काम करना ही बहुत बड़ी चुनौती है।

प्रियदर्शन ने अक्षय कुमार के साथ अपने रिश्ते के बारे में बात करते हुए कहा कि मोहनलाल के बाद अक्षय कुमार ही ऐसे अभिनेता हैं, जिनके साथ उन्होंने सबसे ज्यादा काम किया है।

### साल 2026 में रिलीज होगी हेरा फेरी 3

डायरेक्टर प्रियदर्शन ने अपने जन्मदिन पर फिल्म हेरा फेरी 3 का ऐलान किया था। अपने एक पोस्ट में उन्होंने परेश रावल, अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी को टैग किया था। हालांकि, फिल्म की रिलीज डेट को लेकर कोई भी ऑफिशियल बयान सामने नहीं आया है।

# इंडियाज गॉट लेटेंट विवाद: अलाहबादिया को नहीं मिलेगा पासपोर्ट : सुप्रीम कोर्ट ने कहा- ट्रैवल की परमिशन दी तो जांच पर असर, दो हफ्ते बाद अगली सुनवाई

इंडियाज गॉट लेटेंट विवाद में पॉडकास्टर रणवीर अलाहबादिया की याचिका पर मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। रणवीर ने अपने खिलाफ दर्ज अलग-अलग एफआईआर को एक जगह क्लब करने की मांग की थी।

इस पर जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने सुनवाई की। अलाहबादिया की तरफ से वकील अभिनव चंद्रचूड़ कोर्ट में उनका पक्ष रखा। चंद्रचूड़ ने कोर्ट से उनका पासपोर्ट जमा करने से जुड़ी शर्त में छूट देने की मांग की।

बेंच ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से जांच की स्टेट्स रिपोर्ट मांगी। इसके जस्टिस सूर्यकांत ने कहा अगर अलाहबादिया को जल्दी-जल्दी ट्रैवल करने की परमिशन दी जाती है तो इससे जांच प्रभावित होगी। जब जरूरत होगी तो आप वहां नहीं होंगे।

अलाहबादिया के वकील ने कहा कि देश-विदेश की बड़ी पर्सनैलिटी का इंटरव्यू करना ही उनकी आजीविका है। इस पर जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि उम्मीद है जांच दो हफ्ते में पूरी कर लेंगे। इसलिए अगली सुनवाई दो हफ्ते बाद होगी।

### रणवीर ने सुप्रीम कोर्ट में 14 फरवरी को दायर की थी याचिका

समय रैना के शो इंडियाज गॉट लेटेंट रणवीर अलाहबादिया ने पेरेंट्स पर अश्लील कमेंट किए थे। इसके बाद उनके ऊपर महाराष्ट्र, असम समेत कई जगहों पर एफआईआर दर्ज की गई थी। इसके खिलाफ यूट्यूबर ने सुप्रीम कोर्ट में 14 फरवरी को याचिका दायर की थी। रणवीर ने सुप्रीम कोर्ट में अपनी याचिका में 3 बातें कही थीं। पहली- देशभर में दर्ज एफआईआर पर एक जगह सुनवाई। दूसरा- गिरफ्तारी से राहत मिले। तीसरी बात यह थी कि उन्हें धमकाया जा रहा है। अलाहबादिया की तरफ से वकील अभिनव चंद्रचूड़ ने अपने मुवक्किल की याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की थी, जिसे कोर्ट ने खारिज कर दिया था। तब कोर्ट ने कहा था कि एक-दो दिन में उनकी याचिका पर सुनवाई की जाएगी।

### 17 फरवरी को गिरफ्तारी से राहत दी थी

सुप्रीम कोर्ट ने अलाहबादिया को गिरफ्तारी से राहत दे दी थी, लेकिन उन्हें जमकर फटकार भी लगाई। अदालत ने कहा था कि आपके कमेंट की भाषा विकृत और दिमाग गंदा है। इससे अभिभावक ही नहीं, बेटियां और बहनें भी शर्मसार हुईं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह ने कहा कि अलाहबादिया के खिलाफ कई एफआईआर दर्ज की गई हैं, लेकिन अब उनके खिलाफ इस मामले में कोई केस दर्ज नहीं किया जाएगा।

### 3 मार्च को शो शुरू करने की इजाजत

सुप्रीम कोर्ट ने यूट्यूबर रणवीर अलाहबादिया को अपने पॉडकास्ट द रणवीर शो को दोबारा शुरू करने की मंजूरी दे दी है। कोर्ट ने शर्त रखी कि वो अपने शो में कुछ भी अश्लील नहीं दिखाएंगे।

### वापसी को तैयार हैं यूट्यूबर रणवीर

इंडिया गॉट लेटेंट शो कंट्रोवर्सी के बाद रणवीर गायब हो गए थे। लगभग दो महीने बाद उन्होंने सोशल मीडिया पर वापसी की है। 30 मार्च को अपने इंस्टाग्राम पर उन्होंने अपनी टीम और घरवालों के साथ फोटो शेयर की। अपने पोस्ट में उन्होंने लिखा- 'मुझे प्यार करने वालों का शुक्रिया, इस यूनिवर्स का शुक्रिया, एक नया चैप्टर शुरू हो रहा है। पुर्नजन्म।'

# गंगटोक में आशिकी 3 की शूटिंग का वीडियो वायरल

## एक्शन और स्टेज परफॉर्मेंस करते दिखे कार्तिक आर्यन, फिल्म को लेकर फैंस उत्साहित




कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी फिल्म आशिकी 3 की शूटिंग में बिजी हैं। हाल ही में गंगटोक, सिक्किम से एक वीडियो सामने आया है, जिसमें फिल्म की शूटिंग की झलक देखी जा सकती है। इस वीडियो में दो सीन नजर आ रहे हैं - एक फाइट सीन और दूसरा स्टेज परफॉर्मेंस।

वीडियो के पहले हिस्से में कार्तिक एक फाइट सीन की शूटिंग करते दिख रहे हैं। सिक्किम की वादियों में हो रही इस शूटिंग को लेकर दर्शकों में दिलचस्पी बढ़ गई है।

वहीं, वीडियो के दूसरे हिस्से में स्टेज परफॉर्मेंस की शूटिंग हो रही है। आशिकी सीरीज अपनी म्यूजिक के लिए जानी जाती है, इसलिए इस सीन को लेकर भी चर्चा हो रही है। फिल्म का निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं और संगीत प्रीतम का है। फिल्म में कार्तिक के साथ श्रीलीला नजर आएंगी, जो इस फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू कर रही हैं।

इस बीच, कार्तिक और श्रीलीला को लेकर अफवाहें भी सामने आई हैं। कहा जा रहा है कि दोनों के बीच दोस्ती बढ़ रही है, और कुछ रिपोर्ट्स में तो यह तक दावा किया गया कि वे एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। हालांकि, इस मामले पर अब तक कार्तिक या श्रीलीला की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

इस वीडियो के सामने आने के बाद फैंस सोशल मीडिया पर रिएक्ट कर रहे हैं। आशिकी 3 की शूटिंग फिलहाल जारी है और फिल्म की रिलीज डेट को लेकर कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है।

# वेटरन एक्टर धर्मेंद्र की आंखों की हुई सर्जरी : पट्टी लगाकर अस्पताल से निकलते हुए दिखे, फैंस के लिए कहा- अभी मुझमें बहुत दम है

89 साल के दिग्गज एक्टर धर्मेंद्र की आंखों की सर्जरी में हुई है। हाल ही में उन्हें मुंबई के एक अस्पताल से बाहर आते हुए देखा गया, जिसका एक वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में धर्मेंद्र यह कहते हुए नजर आ रहे हैं, 'मुझमें बहुत दम है। अभी भी जान रखता हूं मैं।' हालांकि, इस वीडियो को देखने के बाद उनके फैंस अपने पसंदीदा एक्टर के लिए काफी परेशान हो गए हैं।

वायरल वीडियो में आप देख सकते हैं कि धर्मेंद्र एक बिल्डिंग से बाहर निकल रहे हैं। इस दौरान उनकी आंखों पर बंधी पट्टी ने हर किसी का ध्यान खींच लिया। इसी दौरान पैपराजी ने उनसे पूछा कि तबीयत कैसी है? इस पर उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि वह स्ट्रॉन्ग हैं।

### अभिनेता का वर्क फ्रंट

धर्मेंद्र को आखिरी बार शाहिद कपूर, कृति सेनन स्टारर फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में देखा गया था। इसके अलावा 2023 में करण जौहर की कॉमेडी-रोमांटिक फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में भी अहम भूमिका में नजर आए थे।

# एकता चाहती तो मेरा करियर बिगाड़ देतीं...

## एक्ट्रेस बरखा बिष्ट बोलीं- 23 साल की थी, जब शो छोड़ने पर उन्होंने मुझ पर केस कर दिया



एक्ट्रेस बरखा बिष्ट लंबे समय से इंडस्ट्री में हैं। बरखा ने टेलीविजन के अलावा फिल्म और ओटीटी भी काम किया है। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने करियर की शुरुआती दौर और उस समय मिली चुनौतियों पर बात की। एक्ट्रेस ने खुलासा किया कि बालाजी टेलीफिल्म्स का शो छोड़ने की वजह से एकता कपूर ने उन पर केस कर दिया था।

### 23 साल की थी, जब एकता ने नोटिस भेजा

सिद्धार्थ कन्नन को दिए इंटरव्यू में बरखा बताती हैं- मैंने अपने करियर की शुरुआत एकता कपूर के साथ की थी। मैं 23 साल की थी, जब एकता कपूर ने मुझे पर मुकदमा ठोक दिया। उनके वकील मुझे नोटिस भेज रहे थे। मैं परेशान होने लगी लेकिन मैंने अपने घर में किसी को भी नहीं बताया। मैंने खुद एक वकील किया और एक साल तक केस लड़ी।

मैं घर से लड़कर एक्ट्रेस बनने आई थी। ऐसे में मैं वापस जाकर उन्हें शिकायत नहीं कर सकती थी। मैं घरवालों को बोलकर आई थी, जो करूंगी खुद करुंगी। मैं अपने नए शो की शूटिंग के साथ-साथ कोर्ट की सुनवाई में जाती थी। मैं शुक्रगुजार हूं कि वक्त के साथ एकता ने केस वापस ले लिया। ये वो दौर था, जब एकता चाहतीं तो मेरा करियर बन और बिगड़ सकती थीं। आज भी वो इतनी ही पावरफुल हैं।'

बरखा ने साल 2004 में एमटीवी इंडिया के शो 'कितनी मस्त है जिंदगी से' अपनी करियर की शुरुआत की थी। ये एक टीन ड्रामा था। एकता की प्रोडक्शन कंपनी बालाजी टेलीफिल्मस इस शो को प्रोड्यूस किया था।

बरखा ने साल 2004 से 2005 तक एकता के साथ कई शो में काम किया था। फिल्मों की बात करें तो एक्ट्रेस ने प्रकाश झा की फिल्म 'राजनीति' में एक आइटम नंबर किया था। उसके बाद वो कई फिल्मों में नजर आईं। वर्कफ्रंट की बात करें तो बरखा हाल ही में एकता कपूर की ही वेब सीरीज पावर ऑफ पांच में नजर आईं थीं।

# अपने नाम में बदलाव करेंगे अल्लू अर्जुन? ज्योतिष के हिसाब से जुड़ेंगे नए अक्षर;

## क्या है पीछे की कहानी

साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन इन दिनों सुर्खियों में हैं। इसकी वजह है उनका नाम। खबरों के मुताबिक, एक्टर अपने नाम में बदलाव करने के बारे में सोच रहे हैं और वे अपने नाम में कुछ और अक्षर जोड़ना चाहते हैं। हालांकि, इस मामले में अब तक उनकी तरफ से कोई भी आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

### क्यों नाम में बदलाव चाहते हैं अल्लू अर्जुन?

कोइमोई और सिने जोश की रिपोर्ट्स के मुताबिक, अल्लू अर्जुन अंक ज्योतिष की सलाह पर अपने नाम में दो  और दो ह जोड़ने पर विचार कर रहे हैं, ताकि उन्हें करियर में और भी ज्यादा सफलता मिले।

### अपकमिंग फिल्म को लेकर सुर्खियों में हैं

पिंकविला की रिपोर्ट के मुताबिक, अल्लू अर्जुन जल्द ही डायरेक्टर एटली की फिल्म में नजर आएंगे। अस्थायी रूप से इस फिल्म का नाम 22 रखा गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस फिल्म की घोषणा अल्लू अर्जुन के जन्मदिन (8 अप्रैल) पर की जा सकती है।

इसके अलावा एक्टर और निर्देशक त्रिविक्रम श्रीनिवास के साथ अल्लू अर्जुन एक पौराणिक प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। यह उनकी साथ में चौथी फिल्म है और चर्चा है कि वे इस फिल्म में भगवान कार्तिकेय की भूमिका निभा सकते हैं। आलु अर्जुन की फिल्म पुष्पा 2 साल 2024 की सबसे बड़ी हिट फिल्म साबित हुई है। दिसंबर में रिलीज हुई इस फिल्म ने अब तक 1700 करोड़ रुपए का कलेक्शन किया है। आलु अर्जुन की इस फिल्म का बजट 400 करोड़ रुपए था।

आप सफलता तब तक नहीं प्राप्त कर सकते, जब तक आप में असफल होने का साहस न हो।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# म्यांमार भूकंप : मरने वालों का आंकड़ा 2700 के पास

## 441 लोग अब भी लापता; 40 टन राहत सामग्री लेकर पहुंचे तीन भारतीय जहाज

बढ़ता राजस्थान

**नेपीदा ( एजेंसी )।** म्यांमार में आए भीषण भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 2,719 हो गई है। सैन्य सरकार के मुताबिक ये आंकड़ा 3000 के पास जाने की आशंका है। वहीं, घायलों की संख्या 4500 से ज्यादा हो गई है। 441 लोग अब भी लापता हैं। आपदा के बाद सोमवार को 7 दिन के राष्ट्रीय शोक की घोषणा की गई है। सैन्य सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि हादसे में जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए 6 अप्रैल तक देशभर में राष्ट्रीय ध्वज आधे झुके रहेंगे। म्यांमार और थाईलैंड में 28 मार्च को 7.7 तीव्रता का भूकंप आया था। यह 200 साल का सबसे बड़ा भूकंप था। यूनाइटेड स्टेट जियोलॉजिकल सर्वे ( स्त्रस् ) ने यह आशंका जताई है कि मौत का आंकड़ा 10 हजार से ज्यादा हो सकता है। मंगलवार को भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस सतपुड़ा और आईएनएस सावित्री लगभग 40 टन राहत सामग्री लेकर यांगून पहुंचे। इससे पहले 30 मार्च को आईएनएस कर्मुक और एलसीयू 52 श्रीविजयपुरम से 30 टन राहत सामग्री के साथ रवाना हुए थे। ये भी आज यांगून पहुंच गए।

राहत कार्यों को और मजबूत करते हुए, भारतीय नौसेना का जहाज ढ्ढहस् घड़ियाल लगभग 440 टन राहत सामग्री लेकर भेजा जा रहा है, जिसमें चावल, खाद्य तेल और दवाइयां शामिल हैं।




### भारत ने 5 खेप में भेजी राहत सामग्री

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि भारतीय नौसेना के जहाज ढ्ढहस् सतपुड़ा और ढ्ढहस् सावित्री ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत 30 टन रिलीफ सामग्री म्यांमार के यांगून बंदरगाह भेजे गए। इसके अलावा 118 सदस्यीय फील्ड हॉस्पिटल यूनिट आगरा से म्यांमार के मांडले शहर पहुंची।

इससे पहले ऑपरेशन ब्रह्मा के तहत ही भारत ने 5 खेप में मदद के लिए 85 टन से ज्यादा राहत सामग्री में टेंट, स्लीपिंग बैग, कंबल, खाने के लिए तैयार भोजन, वाटर प्यूरीफायर, सोलर लैंप, जनरेटर सेट और आवश्यक दवाएं भेजीं।

### लोगों ने सड़कों पर रात गुजारी

म्यांमार में सबसे ज्यादा भूकंप प्रभावित इलाका मांडले है। यह देश का दूसरा सबसे बड़ा शहर है, जहां 17 लाख से ज्यादा लोग रहते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक ज्यादातर लोगों ने लगातार तीसरी रात घर सड़कों पर रात गुजारी, क्योंकि ज्यादातर लोगों के घर टूट चुके हैं। लोग भूकंप के बाद आ रहे आफ्टर शॉक्स से घबराए हुए हैं।चीनी मीडिया और पेरिस विदेश मंत्रालय के मुताबिक, भूकंप में मारे गए लोगों में 3 चीनी और 2 फ्रांसीसी नागरिक भी शामिल हैं। अभी भी म्यांमार के ज्यादातर हिस्से में कम्युनिकेशन ठप रहने की वजह से नुकसान की पूरी जानकारी सामने नहीं आई है।



### यूएन ने म्यांमार को 43 करोड़ रुपए की मदद दी

- संयुक्त राष्ट्र ने रिलीफ प्रोग्राम शुरू करने के लिए म्यांमार को 5 मिलियन डॉलर (43 करोड़ रुपए) दिए।
- रूस के इमरजेंसी मंत्रालय ने 120 बचावकर्मियों और जरूरी सामान के साथ दो विमानों को भेजा।
- चीन की रेस्क्यू टीम भी पहुंची। हॉन्गकॉन्ग, सिंगापुर और मलेशिया भी रेस्क्यू टीम भेजेंगे।

### भीड़भाड़ और ट्रैफिक की वजह से रेस्क्यू में दिक्कत

- सड़कों पर भीड़भाड़ और ट्रैफिक जाम की वजह से रेस्क्यू ऑपरेशन में मुश्किल आ रही है। कई मेडिकल इक्विपमेंट जैसे ट्रॉमा किट, ब्लड बैग, एनेस्थेटिक्स और जरूरी दवाओं के ट्रांसपोर्ट में बाधा हो रही है।
- यूरोपीय यूनियन ने म्यांमार को इमरजेंसी सहायता के तौर पर 2.7 मिलियन डॉलर (23 करोड़ रुपए) की मदद भेजी है। श्व ने कहा कि इस मुश्किल हालात में हम म्यांमार के लोगों के साथ खड़े हैं।

# जम्मू-कश्मीर के कठुआ में एनकाउंटर, 1 आतंकी मारा गया

## पंजतीर्थी मंदिर के पास छिपे 2 की तलाश जारी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कठुआ में पंजतीर्थी मंदिर के पास सोमवार रात से चल रही मुठभेड़ में एक आतंकी मारा गया है। हालांकि, सुरक्षाबलों ने इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। सेना के राइजिंग स्टार कॉर्प्स के मुताबिक 31 मार्च की रात इलाके में संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिली, जिसके बाद सेना ने राजबाग के रुई, जुथाना, घाटी और सान्याल के जंगली इलाकों के साथ-साथ बिलावर के कुछ हिस्सों में सर्च ऑपरेशन अभियान चलाया। पंजतीर्थी में आतंकियों की तरफ से फायरिंग के बाद एनकाउंटर शुरू हो गया। सुरक्षाबलों ने रातभर इलाके की घेराबंदी की, ताकि जंगल में छिपे 3 आतंकी भाग न सकें। हालांकि, मंगलवार सुबह 7 बजे के बाद फायरिंग रुकी है। कश्मीर पुलिस, एनएसजी, सीआरपीएफ और बीएसएफ स्निफर डॉग्स और ड्रोन की मदद से आतंकियों की तलाश कर रही है।

# टाडा कोर्ट का 32 साल बाद आदेश टाइगर मेमन की प्रॉपर्टी सरकार को सौंपें; इनमें 14 संपत्तियां शामिल

**मुंबई।** मुंबई सीरियल बम धमाकों के 32 साल बाद स्पेशल टाडा कोर्ट ने टाइगर मेमन की संपत्तियां केंद्र को सौंपने का आदेश दिया है। विशेष टाडा कोर्ट ने कहा कि 1993 के मुंबई सीरियल बम धमाकों के मास्टरमाइंड टाइगर मेमन और उसके परिवार की 14 संपत्तियां केंद्र सरकार को सौंप दी जाएं। ये संपत्तियां 1994 से टाडा अदालत के आदेश के बाद बॉम्बे हाईकोर्ट के रिसीवर के कब्जे में थीं। संपत्तियों को 1994 में स्पेशल टाडा कोर्ट ने कुर्क कर लिया था, तब से वे हाईकोर्ट के कब्जे में थीं। 26 मार्च को जारी आदेश में, स्पेशल टाडा कोर्ट के जज वीडी केदार ने कहा कि अचल संपत्तियों का कब्जा केंद्र सरकार को सौंप दिया जाना चाहिए। मेमन के खिलाफ जब्ती की कार्यवाही विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी रोकथाम अधिनियम 1974 और महाराष्ट्र सरकार के 1992 में जारी आदेश के प्रावधानों के तहत हुई थी।

# लोकसभा में वक्फ संशोधन बिल आज होगा पेश

## अखिलेश बोले- विरोध करेंगे, योगी ने कहा- बदलाव समय की मांग

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** वक्फ संशोधन बिल 2 अप्रैल को प्रश्नकाल के बाद दोपहर 12 बजे लोकसभा में पेश होगा। स्पीकर ओम बिरला ने इस पर 8 घंटे चर्चा का समय निर्धारित किया है। इसके बाद बिल लोकसभा में पास किया जाएगा।

बिजनेस एडवाइजरी कमेटी ने जब इस बात की जानकारी दी, तब विपक्ष ने कहा कि चर्चा 12 घंटे होनी चाहिए। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि बिल पर चर्चा का समय बढ़ाया जा सकता है।

हालांकि विपक्ष ने बीएसी की बैठक से वॉकआउट कर दिया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने सरकार पर अपने एजेंडे को थोपने और विपक्षी सदस्यों की बात नहीं सुनने का आरोप लगाया। समाजवादी पार्टी सुप्रीमो और सांसद अखिलेश यादव ने कहा कि हम बिल का विरोध करेंगे। वहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वक्फ में सुधार समय की मांग है। वक्फ संशोधन बिल पर आज भी लोकसभा में हंगामा हुआ। प्रश्नकाल खत्म होते ही विपक्ष ने नारेबाजी शुरू कर दी। इसके बाद स्पीकर ने कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी थी।

### वोटिंग में एनडीए के पक्ष में आंकड़े

जेडीए और टीडीपी के सुझाव सरकार ने माने सूत्रों के मुताबिक, दोनों पार्टियों ने वक्फ संशोधन बिल पर 3 सुझाव दिए थे। सरकार ने सभी को मान लिया है। हालांकि, अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। कानून को पिछली तारीख से लागू नहीं करना चाहिए। पुरानी मस्जिद, दरगाह या दूसरे मुस्लिम धार्मिक स्थान से छेड़छाड़ नहीं की जाएगी। जमीन राज्यों को विषय है। जमीन पर राज्यों की स्पष्ट राय भी ली जाए। संसदीय कार्य मंत्री बोले- देश जानना चाहता है किसका क्या स्टैंड भाजपा ने व्हिप जारी कर अपने सांसदों को सदन में पूरे समय मौजूद रहने को कहा है। वहीं, कांग्रेस ने अपने सभी सांसदों को बजट सत्र के बाकी बचे तीनों दिन सदन में मौजूद रहने के लिए व्हिप जारी किया है।




**उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ:** हर अच्छे काम का विरोध होता है, इसी तरह वक्फ संशोधन विधेयक पर भी हंगामा हो रहा है, जो लोग इस मुद्दे पर हंगामा कर रहे हैं, मैं उनसे पूछना चाहता हूंक्या वक्फ बोर्ड ने मुसलमानों का भी कोई कल्याण किया है? वक्फ सरकारी संपत्ति पर जबरन कब्जे का माध्यम बन गया है।

**शिवसेना के राज्यसभा सांसद मिलिंद देवड़ा:** पिछले 75 साल से मुसलमानों को गुमराह करने के लिए फर्जी कहानियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। आम मुसलमान तुष्टिकरण नहीं चाहते; वे सशक्तीकरण चाहते हैं। वक्फ बिल से सबसे ज्यादा फायदा मुसलमानों को होगा।

**एम्स प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी:** वक्फ संशोधन बिल को वक्फ बर्बाद बिल कहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का एकमात्र मकसद मुसलमानों से नफरत फैलाना और हिंदुत्व की विचारधारा लागू करना है। ओवैसी ने चंद्रबाबू नायडू से अपील की कि उन्हें सोच-समझकर फैसला लेना चाहिए कि वे क्या करवाना चाहते हैं।

**सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव:** भाजपा का हर फैसला वोट के लिए होता है। समाजवादी पार्टी वक्फ बिल के खिलाफ है। भाजपा पूरा नियंत्रण चाहती है। प्रशासन के गलत फैसले के कारण भारत की संस्कृति और भाईचारे के खिलाफ खाई पैदा की गई है। वह कहते थे कि हम तुष्टीकरण की राजनीति कर रहे हैं, क्या भाजपा ईद पर किट बांटकर तुष्टीकरण नहीं कर रही है?

**जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला:** यह बिल सिर्फ एक धर्म को निशाना बना रहा है। वक्फ को टारगेट करना दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारे सांसद इसका विरोध करेंगे।

# सोने की कीमत 93,300 के ऑल टाइम हाई पर पहुंची

## अब तक के सभी रिकॉर्ड तोड़े, चांदी के भाव 1700 रु टूटे



बढ़ता राजस्थान

जयपुर। सोने की कीमत में अब तक के सभी रिकार्ड ध्वस्त कर दिए हैं। सर्राफा बाजार में स्टैंडर्ड सोने की कीमत में 600 की तेजी आई है। इससे राजस्थान में 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत बढ़कर 93,300 के ऑल टाइम हाई के शिखर पर पहुंच गई है। वहीं, चांदी के भाव 1700 रुपए टूटे हैं।

सर्राफा व्यापारियों के अनुसार आने वाले दिनों में सोने की कीमत 94 हजार तक पहुंच सकती है। जयपुर सर्राफा एसोसिएशन के पंकज सोनी ने बताया कि अमेरिका में सत्ता परिवर्तन के बाद से ही दुनिया के कई देशों में वैश्विक स्तर पर असमंजस की स्थिति पैदा हो गई है। इससे सोने की कीमत ने अब तक के सभी रिकार्ड को तोड़ दिया है। अगर आने वाले दिनों में इसी तरह के हालात रहते हैं। स्टैंडर्ड सोने की कीमत 94 हजार के आंकड़े को भी पार कर सकती है।

**लोग सोना बेच मुनाफा कमाने में जुटे**-उन्होंने कहा कि सोने में रिकॉर्ड तेजी के बाद सर्राफा बाजार में ग्राहकों की कमी नजर आ रही है। जबकि कुछ लोग सोना बेच मुनाफा कमाने में जुटे है।

ऐसे में अगर आने वाले दिनों में इसी तरह के हालात रहेंगे। तो इसका सबसे ज्यादा विपरीत असर सर्राफा व्यापारियों और छोटे कारीगरों पर नजर आएगा।

जयपुर सर्राफा कमेटी की ओर से जारी भाव के अनुसार जयपुर में 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 93 हजार 300 रुपए पर आ गई है।

# अजमेर दरगाह में तलवार लेकर पहुंचा युवक

## उतारने लगा कपड़े; अंजुमन कमेटी सचिव बोले- पुलिस वॉट्सऐप-वॉट्सऐप खेलती रहती है



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर।** अजमेर में ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह में एक युवक हाथ में 3 तलवार लेकर पहुंच गया। परिसर में तलवार लेकर टहलते युवक को देख जायरीन घबरा गए। मौका पाकर एक युवक ने उससे तलवारें छीन ली। उसके हाथ में भी चोट आई है। मामला मंगलवार सुबह करीब 11 बजे का है। करीब घंटे भर चले हंगामे के बाद दरगाह थाना पुलिस मौके पर पहुंची। युवक को डिटेन कर लिया। पुलिस ने जेएलएन हॉस्पिटल में युवक का मेडिकल कराया है। दरगाह सीओ लक्ष्मणराम ने बताया- सूचना मिली थी कि दरगाह में युवक ने कपड़े उतार लिए और तलवार लहराने लगा। इसके बाद युवक को पकड़ा। वह अंदर कैसे आया, इसकी जांच की जा रही है। अंजुमन कमेटी के सचिव सैय्यद सरवर चिश्ती ने पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा- एक युवक 3 तलवार लेकर अंदर पहुंच गया। गेट पर बैठी पुलिस वॉट्सऐप-वॉट्सऐप खेलती रहती है। युवक ने अपना नाम आलम अली बताया है। वह उत्तर प्रदेश का रहने वाला है।

# ट्रम्प आज से दुनियाभर में जैसे को तैसा टैक्स लगाएंगे

## बोले- भारत टैरिफ घटाने को राजी; चीन, जापान, साउथ कोरिया इसके खिलाफ एकजुट

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प आज 2 अप्रैल से दुनियाभर में जैसे को तैसा टैक्स लगाने वाले हैं। इस बीच ट्रम्प ने दावा किया कि भारत ने अमेरिकी उत्पादों पर टैरिफ को काफी हद तक कम करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि कई देश अपने टैरिफ कम कर देंगे क्योंकि उन्हें पता है कि वे अमेरिका के साथ गलत रहे हैं। यूरोपीय संघ पहले ही अपने टैरिफ 2.5% तक घटा चुका है। मुझे हाल ही में पता चला कि भारत भी अपने टैरिफ को काफी हद तक घटाने जा रहा है।

दरअसल ट्रम्प ने 2 अप्रैल को मुक्ति दिवस यानी लिबरेशन डे का नाम दिया है। इसी दिन से वे भारत समेत कई अन्य देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने जा रहे हैं।

वहीं, चीन, जापान और साउथ कोरिया ट्रम्प के इस फैसले के खिलाफ एकजुट हो गए हैं। चीनी स्टेट मीडिया सीसीटीसी से जुड़े एक सोशल मीडिया अकाउंट की तरफ से किए गए पोस्ट में ये दावा किया गया है।



चीन, जापान, साउथ कोरिया फ्री ट्रेड एग्रीमेंट कर सकते हैं

चीन, जापान और साउथ कोरिया ने पांच साल बाद रविवार को आर्थिक चर्चा की। इस चर्चा के दौरान तय किया गया ट्रम्प की तरफ से अतिरिक्त टैरिफ की घोषणा के बीच तीनों एशियाई देश आपसी ट्रेड को बढ़ावा देंगे। इसके अलावा तीनों देशों के ट्रेड मिनिस्टर्स ने आपस में फ्री ट्रेड एग्रीमेंट की संभावना भी जताई है।

### ट्रम्प ने कहा था कि भारत हमसे बहुत ज्यादा टैरिफ वसूलता है

दरअसल ट्रम्प ने 7 मार्च को कहा था कि भारत हमसे बहुत ज्यादा टैरिफ वसूलता है। आप भारत में कुछ भी नहीं बेच सकते। हालांकि भारत अब अपने टैरिफ में बहुत कटौती करना चाहता है, क्योंकि हम उनके किए की पोल खोल रहे हैं। उन्होंने कहा- हमारे देश को हर किसी ने लूटा है, लेकिन अब यह बंद हो गया है। मैंने अपने पहले कार्यकाल में इसे बंद करवाया था।

### भारत अमेरिका के ऐसे दावों को पहले खारिज कर चुका

करीब तीन हफ्ते पहले भी ट्रम्प ने भारत को लेकर ऐसा ही दावा किया था। तब भारत सरकार ने इस दावे को खारिज कर दिया था। भारतीय कॉमर्स सेक्रेटरी सुनील बर्थवाल ने संसदीय पैनल को बताया था कि भारत ने अमेरिका के साथ टैरिफ में कटौती को लेकर कोई कमिटमेंट नहीं दिया है।

विदेश मामलों की संसदीय समिति को जानकारी देते हुए सुनील बर्थवाल ने उस वक्त साफ किया था कि भारत और अमेरिका के बीच बातचीत अभी भी जारी है और किसी ट्रेड एग्रीमेंट को अभी तक अंतिम रूप नहीं दिया गया है। बर्थवाल ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति के दावों और मीडिया रिपोर्टों पर भरोसा नहीं किया जा सकता। किसी भी व्यापार वार्ता में भारत के हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

Printing Press
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

Office
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com